RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 233
नई दिल्ली, मंगलवार, 2 जुलाई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

विपक्ष के संविधान बदलने के मुद्दे में सच्चाई नहीं थी

राष्ट्रीय-9

संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष में जमकर चले शब्दों के बाण

राहुल गांधी ने नेता विपक्ष के रूप में की पारी की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

संसद में विपक्षी दलों ने लोकसभा में राहुल गांधी और राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। इतना ही नहीं कांग्रेस नेताओं के बयानों के बाद पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत भाजपा के शीर्ष कैबिनेट मंत्रियों को संसद में जवाब देने के लिए उकसाया। संसद सत्र के दौरान कई बार व्यवधानों, नियम पुस्तिकाओं, संसदीय परंपराओं आदि के संदर्भों के बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राहुल तथा कुछ विपक्षी नेताओं के बीच एक संक्षिप्त टकराव भी देखा गया। जिससे करीब एक दशक के अंतराल के बाद संसद में एक मजबूत विपक्ष की आवाज गूंज उठी। लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी ने अपने पहले भाषण में यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे चौबीसों घंटे 'हिंसा और नफरत' में लगे रहते हैं।

राहुल ने कहा कि सत्तारूढ़ दल के नेता हिंदू नहीं हैं, क्योंकि वे चौबीसों घंटे 'हिंसा और नफरत' में लगे रहते हैं, जिसका सत्ता पक्ष की ओर से भारी विरोध हुआ। हालांकि,



संसद सत्र के दौरान लोकसभा में बोलते कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि वह भाजपा के बारे में बोल रहे थे। इतना ही नहीं राहुल ने कहा, न तो सत्तारूढ़ पार्टी, न ही आरएसएस और न ही मोदी पूरे हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर अपने पहले भाषण में राहुल गांधी ने कहा, यह सिर्फ एक धर्म नहीं है जो साहस की बात करता है। वास्तव में, हमारे सभी धर्म साहस की बात करते हैं। इस भाषण को उनकी मां सोनिया गांधी और बहन प्रियंका गांधी वाड्रा ने दर्शक दीर्घा से देखा। राहुल गांधी ने भगवान शिव, गुरु नानक और ईसा मसीह की तस्वीरें दिखाते हुए उन्होंने हिंदू धर्म, इस्लाम, सिख धर्म, ईसाई धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म का जिक्र करते हुए निडरता के महत्व को रेखांकित किया। राहुल गांधी ने सदन में जैसे ही भगवान शिव की तस्वीर दिखाई, स्पीकर ओम बिरला ने उन्हें याद दिलाया कि नियम सदन में तख्तियां दिखाने की अनुमति नहीं देते हैं।

भाजपा सांसदों की ओर इशारा करते हुए राहुल गांधी ने कहा, शिवजी कहते हैं, डरो मत, डरो मत, अभय मुद्रा (दाहिना हाथ सीधा रखते हुए हथेली बाहर की ओर रखना) दिखाते हैं, अहिंसा की बात करते हैं, लेकिन जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे चौबीसों घंटे नफरत, हिंसा और असत्य में लिप्त रहते हैं। अपने एक घंटे 40 मिनट के भाषण में राहुल ने भाजपा पर संविधान और भारत के मूल विचार पर 'व्यवस्थित हमले' करने का आरोप लगाया और कहा कि लाखों लोगों ने सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा प्रस्तावित विचारों का विरोध किया है। राहुल ने यह भी दावा किया कि सशस्त्र बलों को पता है कि अग्निवीर पीएम मोदी के दिमाग की उपज है, जिसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष के नेता पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने मणिपुर की स्थिति को लेकर भी केंद्र पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस घटना से पूर्वोत्तर राज्य को गृहयुद्ध में धकेल दिया है।

पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी ने किसानों के मुद्दों पर भी सरकार की आलोचना की और कहा कि वह फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी नहीं देना चाहती। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि छात्र इस परीक्षा में विश्वास नहीं करते क्योंकि उन्हें लगता है कि यह अमीर लोगों के लिए है और इसमें मेधावी छात्रों के लिए कोई जगह नहीं है। (शेष पेज 9)

भाजपा ने राहुल से हिंदू टिप्पणी के लिए माफी की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहने की टिप्पणी को 'गंभीर' करार दिया। कांग्रेस नेता से पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य मंत्रियों के साथ माफी मांगने की मांग की। पीएम मोदी ने राहुल गांधी के भाषण के दौरान हस्तक्षेप करते हुए कहा, यह मुद्दा बहुत गंभीर है। पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहना एक गंभीर मुद्दा है। मोदी के अलावा, जिन्होंने दो बार हस्तक्षेप किया, कम से कम पांच कैबिनेट मंत्रियों ने भी राहुल गांधी के भाषण के दौरान हस्तक्षेप किया और शाह ने हिंदू समुदाय को हिंसक बताने के लिए उनसे माफ़ी मांगने की मांग की। मोदी ने दूसरी उस समय हस्तक्षेप किया जब राहुल ने आरोप लगाया कि मोदी के डर के कारण मंत्री उनका अभिवादन नहीं करते हैं, प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान ने उन्हें विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना सिखाया है। शाह ने कहा कि विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे से यह तथ्य नहीं छिप सकता कि सदन में 'खुद को हिंदू कहने वाले लोग हिंसा में लिप्त हैं' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया। शाह ने राहुल गांधी पर पलटवार करने के लिए

संसद सत्र की कार्यवाही के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन को संबोधित करते हुए

आपातकाल और 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र किया और कहा कि जब कांग्रेस ने देश में 'वैचारिक आतंक' फैलाया था, तो उन्हें अहिंसा की बात करने का कोई अधिकार नहीं है। शाह ने कहा कि राहुल ने यह कहकर 'करोड़ों हिंदुओं' का अपमान किया है कि हिंदू हिंसा करते हैं, झूठ बोलते हैं और नफरत फैलाते हैं। गृह मंत्री ने मांग की, उन्हें इसके लिए माफ़ी मांगनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर लोकसभा में अपने बेहद गैरजिम्मेदाराना भाषण से विपक्ष के नेता के जिम्मेदार पद की गरिमा को घटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस नेता पर हिंदुओं को कथित तौर पर हिंसा से जोड़कर और असत्य फैलाकर उनका गंभीर अपमान करने का भी आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा ने लोकसभा में अपने भाषण में राहुल गांधी द्वारा किए गए कई दावों को चुनौती दी है और अध्यक्ष से कार्रवाई की मांग की है। संसदीय कार्य मंत्री ने अग्निपथ योजना और अयोध्या में विकास परियोजनाओं के दौरान वहां के निवासियों को मुआवजे पर उनके आरोपों की निंदा करते हुए कहा कि उन्हें या तो अपने दावों को साबित करना होगा या माफी मांगनी होगी। भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हिंदुओं का अपमान करने का कांग्रेस का इतिहास रहा है, क्योंकि उन्होंने पूर्व गृह मंत्रियों पी चिदंबरम और सुशील कुमार शिंदे द्वारा धर्म के लिए कथित आतंकवाद संबंधी टिप्पणियों का हवाला दिया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन पर झूठ और नफरत का मिश्रण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी का पहले दिन का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। तीसरी बार फेल हुए एलओपी के पास उत्तेजित और दोषपूर्ण तर्क की आदत है। नड्डा ने कहा, उनके आज के भाषण से पता चलता है कि न तो उन्होंने 2024 के जनादेश (लगातार तीसरी हार) को समझा है और न ही उनमें कोई विनम्रता है। राहुल गांधी की टिप्पणी पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि लोकतंत्र बरकरार रहेगा और देश में जब तक हिंदू बहुसंख्यक हैं तब तक शांति भी रहेगी। केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने राहुल गांधी की टिप्पणी पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष के नेता ने अपने भाषण में केवल निराधार टिप्पणी की और सदन में कोई सकारात्मक सुझाव नहीं दिया। (शेष पेज 9)

तूफान बेरिल जो अब तीसरी श्रेणी का है, कई कैरेबियाई देशों को संकट में डाले हुए है

विश्व कप विजेता भारतीय टीम बारबाडोस में फंसी

एजेंसी। ब्रिजटाउन (बारबाडोस)

भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को टी20 विश्वकप विजेता नायकों को देश में वापस देखने के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है, क्योंकि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम की वापसी यहां आए तूफान के कारण प्रभावित हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अटलांटिक में उत्पन्न होने वाला तूफान बेरिल 210 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम निरंतर हवाओं के साथ तेज हो गया है। श्रेणी 4 का तूफान बारबाडोस से लगभग 570 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में था और ऐसी खबरें हैं कि ब्रिजटाउन में हवाई अड्डा शाम को बंद हो जाएगा। भारतीय टीम को न्यूयॉर्क से दुबई होते हुए एमिरेट्स की उड़ान लेनी थी। एक सूत्र ने बताया कि अब योजना टीम को चार्टर फ्लाइट से भारत वापस लाने की है। एक अन्य सूत्र ने कहा, टीम को यहां (ब्रिजटाउन) से न्यूयॉर्क जाना था और फिर दुबई होते हुए भारत पहुंचना था। लेकिन अब योजना यहां से सीधे दिल्ली के लिए चार्टर फ्लाइट लेने की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक पर भी विचार किया जा रहा है। (शेष पेज 9)

शाह ने नये कानूनों पर आशंकाओं को किया दूर

राजेश कुमार। नई दिल्ली

नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून की बारिकियां बताई साथ ही आशंकाओं को दूर किया। उन्होंने कहा कि नए कानूनों ने भारत में ब्रिटिश कानूनों के युग को समाप्त कर दिया है। आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह स्वदेशी में बदल दिया है। शाह ने कहा कि इन कानूनों के आधार में दंड की जगह न्याय, देरी की जगह त्वरित ट्रायल और त्वरित न्याय को रखा गया है। इसके साथ ही पहले के कानूनों में सिर्फ पुलिस के अधिकारों की रक्षा की गई थी लेकिन इन नए कानूनों में अब पीड़ितों और शिकायतकर्ता के अधिकारों की भी रक्षा करने का प्रावधान है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) सोमवार को प्रभावी हो गए। नए कानूनों ने क्रमशः ब्रिटिश युग की भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोवार को संसद परिसर में संवाददाता सम्मेलन में देश वासियों को बधाई देते हुए कहा कि आजादी के 77 साल बाद देश की आपराधिक न्याय प्रणाली पूर्णतया स्वदेशी हो रही है और यह तीन नए कानून आज से देश के हर पुलिस थाने में लागू हो जाएंगे। यह भारतीय लोकाचार पर काम करेगी। 75 साल बाद इन कानूनों पर विचार किया गया और

● इन कानूनों के आधार में दंड की जगह न्याय, देरी की जगह त्वरित ट्रायल और त्वरित न्याय को रखा गया है

आज से जब ये कानून लागू हो रहे हैं, तो औपनिवेशिक कानूनों को खत्म कर दिया गया है और भारतीय संसद में बनाए गए कानूनों को व्यवहार में लाया जा रहा है। नए आपराधिक कानूनों के तहत एफआईआर दर्ज होने के तीन साल के भीतर सभी मामलों में सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय दिया जाएगा। नए कानून आधुनिक न्याय प्रणाली लेकर आए हैं, जिसमें जीरो एफआईआर, पुलिस शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक तरीकों से समन और सभी जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर एक अध्याय जोड़कर नए कानूनों को और अधिक संवेदनशील बनाया गया है और ऐसे मामलों में जांच रिपोर्ट सात दिनों के भीतर दाखिल की जाएगी।

शाह ने बताया कि नए कानूनों के अनुसार, आपराधिक मामलों में फैसला सुनवाई पूरी होने के 45 दिनों के भीतर आना चाहिए और पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय किए जाने

संसद सत्र में सोमवार को बोलते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि ये कानून उन मामलों पर लागू होंगे, जिनमें अपराध की तारीख 1 जुलाई, 2024 या उसके बाद की है। नए कानूनों के तहत पहला मामला मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आधी रात के 10 मिनट पर मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने जांच के बाद मध्य दिल्ली के कमला मार्केट में सार्वजनिक मार्ग को बाधित करने वाले रेहड़ी पर पानी और तंबाकू उत्पाद बेचने वाले के खिलाफ दर्ज मामले को खारिज कर दिया। नए आपराधिक कानूनों के बारे में आशंकाओं को दरकिनार करते हुए शाह ने कहा कि नए कानून पुलिस को अधिक अधिकार नहीं देते हैं और रिमांड अवधि केवल 15 दिन ही रहेगी। पहले 60 दिनों की अवधि में, पुलिस किसी भी समय 15 दिनों के लिए हिरासत में ले सकती है। उन्होंने कहा कि अगले तीन-चार सालों में पूरी व्यवस्था में सुधार होगा। शाह ने यह भी कहा कि पुरुषों के खिलाफ यौन अपराधों को लाने के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इसका जिक्र किया गया है।

आतंकवाद पर शाह ने कहा कि बीएनएस में इसे अलग से परिभाषित किया गया है, चूंकि हमारी नीति शून्य आतंकवाद की है, ऐसे कुछ उदाहरण हैं जब देश के बाहर साजिशें रची जाती हैं। उन्होंने याद किया कि जब वे गुजरात के गृहमंत्री थे, तब एक बम विस्फोट हुआ था। आतंकवाद को परिभाषित नहीं किए जाने के कारण सभी साजिशकर्ता खुलेआम घूम रहे थे। शाह ने विपक्ष की इस आलोचना को भी खारिज कर दिया कि नए आपराधिक कानून कट, कॉपी, पेस्ट का काम है और विपक्ष के विरोध के बीच बिना पर्याप्त चर्चा या बहस के इसे जल्दबाजी में पारित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में गलत जानकारी फैलाई जा रही है। हम चार साल से नए कानूनों पर परामर्श कर रहे हैं। शाह ने कहा कि उन्होंने 118 परामर्श बैठकों में भाग लिया है और संसद में, नए कानूनों पर लोकसभा में 9.29 घंटे और राज्यसभा में 6.7 घंटे की बहस हुई। लोकसभा में 34 और राज्यसभा में 26 सदस्यों ने बहस में भाग लिया। गृह मंत्री ने कहा कि संगठित अपराध, आतंकवाद और भीड़ द्वारा हत्या को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह को देशद्रोह से बदल दिया गया है और सभी तलाशी और जब्ती की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य कर दी गई है। उन्होंने कहा कि शादी का झूठा वादा करके शारीरिक संबंध बनाने के मामलों में एक नया प्रावधान जोड़ा गया है और बलात्कार पीड़िता का बयान उसके अभिभावक की मौजूदगी में एक महिला पुलिस अधिकारी द्वारा दर्ज किया जाएगा।

नीट टॉपरों की सूची हुई कम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक के लिए पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित किए और संशोधित रैंक सूची जारी की। संशोधित सूची की घोषणा उन उम्मीदवारों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करने के बाद की गई, जिन्हें पहले 5 मई को आयोजित की गई परीक्षा में छह केंद्रों पर देरी से परीक्षा शुरू होने के कारण समय के नुकसान की भरपाई के लिए 1,563 परीक्षार्थियों को ग्रेस मार्क दिए गए थे। इन्हीं परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद यह संशोधित परिणाम जारी किया गया है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद 23 जून को सात केंद्रों पर आयोजित की गई पुनः परीक्षा में 1563 परीक्षार्थियों में से 48 प्रतिशत उपस्थित नहीं हुए थे। एनटीए के अधिकारियों ने बताया कि 1,563 परीक्षार्थियों में से 813 ने दोबारा परीक्षा दी जबकि अन्य ने ग्रेस मार्क छोड़ने का विकल्प चुना। चंडीगढ़ केंद्र में सिर्फ दो अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी वहां एक भी परीक्षार्थी उपस्थित नहीं हुआ। जांच के घेरे में आए हरियाणा के झज्जर जिले के केंद्र पर 58 प्रतिशत उपस्थिति रही, जहां 494 परीक्षार्थियों में से 287 ने पुनःपरीक्षा दी। आरोप लगे थे कि ग्रेस मार्क की वजह से हरियाणा के एक ही केंद्र से छह परीक्षार्थियों के साथ 61 अन्य उम्मीदवारों को पूरे 720 अंक मिले। उच्चतम न्यायालय ने ग्रेस मार्क को रद्द करने का आदेश दिया और पुनः परीक्षा का विकल्प दिया। एनटीए के एक अधिकारी ने पहले कहा था, (शेष पेज 9)

हवाईअड्डे का कैनोपी गिर जाने से 22000 यात्री हुए प्रभावित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर छत गिरने की घटना के कुछ दिनों बाद, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आंकड़ों को साझा करते हुए कहा कि इस घटना से इंडिगो और स्पाइसजेट के 22,000 से अधिक यात्री प्रभावित हुए हैं। प्रभावित होने वाले यात्रियों में इंडिगो के लगभग 21,690 यात्री और स्पाइसजेट के लगभग 925 यात्री हैं। मंत्रालय ने कहा कि इंडिगो एयरलाइन ने 12,194 यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानें प्रदान कीं, जबकि 9,431 यात्रियों के टिकट रद्द कर धन वापस किया गया। जबकि स्पाइसजेट ने 250 यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान की। टी1 का उपयोग इंडिगो और स्पाइसजेट द्वारा घरेलू उड़ान संचालन के लिए किया जाता था।

टी1 से, सूत्रों ने कहा कि इंडिगो की 72 उड़ानों को टी2 और टी3 पर स्थानांतरित कर दिया गया है, और 17 उड़ानों को टी3 पर स्थानांतरित कर दिया गया है, उन्होंने कहा कि सभी उड़ानें चालू हैं। विस्तारित टी1, जिसकी क्षमता 17 मिलियन से बढ़कर 40 मिलियन यात्रियों को संभालने की हो गई है, अभी पूरी तरह से चालू नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार, टर्मिनल 1 पर परिचालन फिर से शुरू होने में कुछ महीने लग सकते हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने सोमवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर हवाई अड्डा परिचालन नियंत्रण केंद्र (एडीसीसी) का दौरा किया और परिचालन का जायजा लेने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय, डीजीसीए, बीसीएएस और डॉयल एयरलाइन ऑपरेटरों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में टर्मिनल 1 से टर्मिनल 2 और 3 पर उड़ानों दबाव के बाद वर्तमान परिचालन और यात्री हैंडलिंग की समीक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया। मंत्रालय के अनुसार, एक व्यापक मूल्यांकन किया गया, जिसमें सुचारू संचालन सुनिश्चित करने और बढ़े हुए यात्री प्रवाह को प्रबंधित करने के लिए अतिरिक्त जनशक्ति तैनात

आइजीआई टी1 पर पुनरुद्धार का कार्य चल रहा है, यहां भारी बारिश के चलते छत गिर गई थी

करने पर विस्तृत चर्चा शामिल थी। मंत्री नायडू ने सभी हितधारकों को निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने और यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए कठोर मानकों को बनाए रखने की सलाह दी। एयरलाइन ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 1 से 7 जुलाई 2024 तक दिल्ली आने व जाने के लिए सभी स्पाइसजेट उड़ानें दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 से संचालित होंगी। सभी यात्रियों को उनके पंजीकृत संपर्क विवरण (एसएमएस/ईमेल) पर आवश्यक जानकारी दे दी गई है। अधिकारियों के अनुसार, नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा नियुक्त आईआईटी दिल्ली के संरचनात्मक इंजीनियरों से एक महीने के भीतर दिल्ली हवाई अड्डे के टी1 पर छत गिरने की घटना का स्वतंत्र मूल्यांकन पूरा करने की उम्मीद है। निष्कर्षों का गहन मूल्यांकन करने और अन्य पहलुओं को ध्यान में रखने के बाद, टर्मिनल पर परिचालन फिर से शुरू करने पर निर्णय लिया जाएगा। 28 जून को, भारी बारिश के बीच टी1 के पुराने प्रस्थान परिसर में लगी एक छत (छतरी) आंशिक रूप से गिर गई, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम छह लोग घायल हो गए। घटना के बाद, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि आईआईटी दिल्ली के संरचनात्मक इंजीनियरों को छतरी के आंशिक पतन का तुरंत आकलन करने के लिए कहा गया है। अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय टी1 पर छत गिरने की घटना का स्वतंत्र मूल्यांकन करने के लिए आईआईटी दिल्ली के संरचनात्मक इंजीनियरों को नियुक्त कर रहा है और उनसे एक महीने में मूल्यांकन पूरा करने की उम्मीद है। अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद टी1 पर परिचालन पुनः शुरू करने के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

जीएमआर समूह के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम डायल द्वारा संचालित आईजीआईए में तीन टर्मिनल हैं - टी1, टी2 और टी3। इन तीनों टर्मिनलों से प्रतिदिन लगभग 1,400 उड़ानों का संचालन किया जाता है। टी1 से संबंधित विस्तृत प्रश्नों के एक सेट के जवाब में, डायल ने रविवार को कहा कि इसकी क्रॉस-फंक्शनल टीमें स्थिति का सक्रिय रूप से मूल्यांकन कर रही हैं और यात्रियों (शेष पेज 9)

पीड़ितों को इंसाफ व अपराधी को सजा मिलेगी: सीपी

● नई कानून की धाराओं को लेकर नोएडा के कार्यक्रम में बोली लक्ष्मी सिंह

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ब्रिटिश राज के औपनिवेशिक अपराध कानूनो का दौर आज से खत्म हो गया है। भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाते हुए तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) सोमवार से लागू हो गया है।

पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने थाना सेक्टर 39 परिसर में बने थाना प्रभारी के नवनिर्मित कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि पुलिस कर्मियों को हर तरह की सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने बताया कि पुलिस थाने में आने वाले हर व्यक्ति को सुविधाजनक माहौल मिले इसके लिए

थाना सेक्टर-39 पर नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षक कार्यालय का लोकार्पण करती पुलिस आयुक्त।

ढांचागत परिवर्तन किया जा रहा है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने थाना सेक्टर-39 में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि इस कानून के तहत अपराधियों को सजा दिलवाने के साथ-साथ पीड़ित को भी न्याय दिलवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई संहिता में आईपीसी की 175 मौजूदा प्रावधानों में बदलाव किया गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं। इसमें 358 धाराएं हैं। पुरानी आईपीसी में 511 धाराएं थी। नए कानून में राजद्रोह को खत्म कर देशद्रोह शामिल किया गया है। इसकी धारा 150 भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों से संबंधित है। उन्होंने कहा कि सीआरपीसी के 9 प्रावधान खत्म किए गए हैं। 107 प्रावधानों में बदलाव के साथ 9 नए प्रावधान पेश किए गए हैं।

कुल 531 धाराओं हैं, पुरानी सीआरपीसी में 484 धाराएं थी। उन्होंने बताया कि मौजूदा साक्ष्य अधिनियम के पांच मौजूदा प्रावधान निरस्त किए गए हैं।

23 प्रावधानों में बदलाव और एक नया प्रावधान जोड़ा गया है। कुल 170 धाराएं नए साक्ष्य कानून में है, जो की पुरानी में 167 थी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कानून ज्यादा संवेदनशील बनाए गए हैं। पीड़िता जहां चाहेगी पुलिस को वहां बयान दर्ज करना होगा। दुष्कर्म के मामले में न्यूनतम 10 साल से लेकर अधिकतम फांसी तक की सजा होगी। सामूहिक दुष्कर्म में 20 साल से फांसी तक का प्रावधान है। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटी सी छोटी शिकायत दर्ज करने के लिए अब थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा की हत्या, लूट, दुष्कर्म की भी ऑनलाइन एफआईआर दर्ज होगी। एक जिले में हुए अपराध की जीरो रिपोर्ट दूसरे जिले में भी कराई जा सकेगी।

थाना क्षेत्र का हवाला देकर पुलिस अब मुकदमा लिखने से इनकार नहीं कर सकती। रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद जांच से लेकर आगे की कार्रवाई तक सारी सूचना मोबाइल पर एसएमएस के जरिए पीड़ित को दी जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नए कानून की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस अधिकारियों से लेकर थानों में तैनात कांस्टेबल क्लर्क तक को प्रशिक्षित किया गया है।

उन्होंने कहा कि शुरुआती दौर में मुकदमा दर्ज करने के बाद धाराओं में कोई कमी ना हो इसके लिए प्रत्येक डीसीपी के ऑफिस में एक सेल बनाया गया है।

नोएडा प्राधिकरण के 240 कर्मी नालों की साफ-सफाई में जुटे

● 24 घंटे हो रहा काम, उतारी गई मशीनरी

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

नोएडा में बारिश के दिनों में जलभराव की स्थिति न हो इसके लिए प्राधिकरण ने नालों की साफ-सफाई का काम युद्ध स्तर पर शुरू किया है। नालों की साफ-सफाई के लिए नोएडा में 8 पॉक्लेन मशीन, 41 जेसीबी , 30 हाइवा, 102 ट्रैक्टर ट्राली और 240 सफाई कर्मचारी लगाए गए है।

इसके अलावा 3 सुपर शकर मशीन लगाकर जाम हुई कल्वर्ट को खुलवाया जा रहा है। इस क्रम सेक्टर-62 और 63 के आंतरिक नालों की कल्वर्ट की सफाई का कार्य कराया गया। इसके अलावा सेक्टर-23 व 24 के बीच मुख्य नाले की सफाई, खोड़ा लैबर चौक से रजत विहार नाले की सफाई, सुरभि अस्पताल के निकट ब? नाले की सफाई, बरौला में ब? नाले की सफाई , काशी राम आवास योजन सेक्टर-45 की सफाई , कंचनजंघा मार्केट सेक्टर-53 में नाले की सफाई के साथ सेक्टर-34 से 52 के मुख्य नाले भंगेल , सलारपुर , नया बांस सेक्टर-135, 105, 137, 125,122, 76, 150 में सफाई का कार्य किया गया।

प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि शहर में कुल 153 ड्रेन है। जिनकी लंबाई 298 किमी है। इन ड्रेन को साफ करने के लिए करीब 11.17 करोड रुपए खर्च किए जा रहे है। 10 जुलाई तक पूरा काम हो जाएगा। पहले फेज में कुल 73 ड्रेन जिनकी लंबाई 148 किमी है। इसकी सफाई के लिए 5.50 करो? रुपए खर्च किए जा रहे है।

नई भूखंड योजना में बनेंगे आठ हजार फ्लैट

● आज से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू, प्राधिकरण को मिलेगे 500 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 05 बिल्डर भूखंडों की योजना लांच कर दी है। इस स्कीम के ब्रोशर डाउनलोड करने और पंजीकरण कराने की सुविधा कल (मंगलवार) से शुरू हो जाएगी। इन 05 भूखंडों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को रिजर्व प्राइस के आधार पर करीब 500 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। भूखंडों का आवंटन ई-ऑक्शन से होगा। इन भूखंडों के आवंटन होने पर 8 हजार नए फ्लैट बन सकेंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर बिल्डर विभाग की तरफ से 05 बिल्डर भूखंडों की योजना लांच कर दी गई है। इस योजना के जरिए कुल 99 हजार वर्ग मीटर जमीन आवंटित की जाएगी। ये भूखंड ओमीक्रॉन वन ए, म्यू, सिग्मा थ्री, अल्फा टू, पाई वन व टू में स्थित हैं। ये भूखंड 3999 वर्ग मीटर से लेकर 30470 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। इसके ब्रोशर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.greaternoidaauthority.in पर उपलब्ध हैं। इनको डाउनलोड किया जा सकता है। इन भूखंडों के लिए एसबीआई पोर्टल https://etender.sbi के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी इसका लिंक दिया गया है। इस योजना में पंजीकरण की अंतिम तिथि 23 जुलाई है। पंजीकरण शुल्क, ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपोजिट) और प्रोसेसिंग फीस 26 जुलाई 2024 है।

डॉक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। आवंटन होते ही इन भूखंडों पर पजेशन भी मिल जाएगा। इन सभी 05 भूखंडों के आवंटन होने पर करीब 8 हजार नए फ्लैट बन सकेंगे। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है कि ग्रेटर नोएडा में ग्रीनरी एनसीआर में सबसे अधिक है। इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टीविटी के लिहाज से अन्य शहरों के मुकाबले ग्रेटर नोएडा बेहतर है। रिहायश के लिए ग्रेटर नोएडा बहुत बेहतर विकल्प है।

ज्यादा व्यूज के चक्कर में टॉवर पर चढ़ा यूट्यूबर, पुलिस ने उतारा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सोशल मीडिया पर ज्यादा से ज्यादा व्यूज हासिल करने के लिए युट्यूबर्स अपनी जिंदगी को भी खतरे में डालने से भी नहीं चूक रहे हैं।

ऐसे ही एक घटना का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक यूट्यूबर अपने साथी के साथ ग्रेटर नोएडा वेस्ट के तिगड़ी गांव में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। जबकि उसका साथी नीचे ही खड़ा लाइव वीडियो शूट कर रहा था, लेकिन इसी दौरान लोग पहुंच गए, जिन्हें देख यूट्यूबर का साथी तो भाग गया और यूट्यूबर ऊपर टावर में ही फंस गया, आखिरकार 5 घंटे के मशक्कत बाद पुलिस की मदद से उसे नीचे उतरा जा सका। ग्रेनो वेस्ट में रहने वाला यूट्यूबर का नाम नीलेश्वर है, जो अपना यूट्यूब अकाउंट नीलेश्वर 22 के नाम से चलता है और उसके 8.87 हजार सब्सक्राइबर हैं। नीलेश्वर अपने मोबाइल का व्यूज बढ़ाने के लिए अपने एक साथी के साथ तिगड़ी गांव पहुंचा और 100 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। इसी दौरान कुछ लोग भी वहां पर पहुंच गए और पूछताछ शुरू कर दी। इससे घबराकर उसका साथी भाग गया और नीलेश्वर टावर पर ही फंस गया। नीलेश्वर को टावर में फंसा देख लोगों की भीड़ वहां भीड़ इकट्ठा हो गई और कोतवाली बिसरख पुलिस को भी सूचना दे दे दी गई। हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद युवक को उतारा गया।

नोएडा में मिला इचिथोसिस स्क्लेरोसिंग का केस

● 10 लाख में 1 बच्चे में होती है बीमारी, उत्तरी अफ्रीका के मोरक्को में मिलते हैं ऐसे केस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-30 पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ के डॉक्टरों ने दो महीने के बच्चे में नवजात इचिथोसिस- स्क्लेरोसिंग कोलेंजाइटिस सिंड्रोम नामक दुर्लभ बीमारी की पहचान कर इलाज शुरू किया है। समय पर बीमारी की पहचान से इलाज आसान होगा।

मेडिकल जेनेटिक विभाग के डॉ. मयंक निलय का कहना है कि मुजफ्फरनगर के एक डॉक्टर ने जांच में संदेह होने पर बच्चे के परिवार को चाइल्ड पीजीआई जाने की सलाह दी थी। बच्चे की जेनेटिक्स जांच कराई है। जांच पर पता चला कि बच्चे को नवजात इचिथोसिस-स्क्लेरोसिंग कोलेंजाइटिस (एनआईएससीएच) सिंड्रोम नामक दुर्लभ बीमारी है। 10 लाख में एक बच्चा बीमारी से पीड़ित मिलता है। अब तक ज्यादातर केस उत्तरी अफ्रीका के मोरक्को में मिले हैं। भारत में अब तक इस बीमारी का एक भी केस रिकॉर्ड नहीं किया गया है।

भारत में यह पहला केस है जो रिकॉर्ड किया गया है। नवजात कोलेंजाइटिस एक दुर्लभ जेनेटिक विकार है। जिसमें त्वचा और यकृत दोनों प्रभावित होते हैं। जहां इचिथोसिस एक त्वचा की स्थिति है जिससे त्वचा सूखी, मोटी और परतदार हो जाती है।

वहीं स्क्लेरोसिंग कोलेंजाइटिस यह यकृत की एक बीमारी है जिसमें यकृत की बाइल नलिकाएं सूजन ग्रस्त और स्कारड हो जाती हैं। जिससे यकृत के कार्यों में रुकावट होती है। इस स्थिति का सही निदान और इलाज काफी जटिल होता है। कारणों में सीएलडीएन 1 जीन है। सीएलडीएन 1 जीन विशेष रूप से त्वचा और यकृत की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण होता है।

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, **2002** के अंतर्गत और नियम **3** के साथ धारा **13(12)** के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **जितेन्द्र सिंह शेखावत, सुगन कंवर और दिलीप सिंह शेखावत (गारंटर)** को **16.11.2022** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLLAJ00210429** की राशि **रू.57,77,160.68 /- (रुपए सत्तावन लाख सतहत्तर हजार एक सौ साठ और अडसठ पैसे मात्र)** और **31.10.2022** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा **4** के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **27.06.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संम्पति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशी **रू.57,77,160.68 /- (रुपए सत्तावन लाख सतहत्तर हजार एक सौ साठ और अडसठ पैसे मात्र)** **31.10.2022** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** के आधीन होगा.
उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

फ्लैट नं. 1504, पंद्रहवीं मंजिल पर, ब्लॉक -बी-1, द रोमानो से पहचाने जाने वाले प्रोजेक्ट में, प्लॉट नं.001 पर निर्मित, सेक्टर -118/जीएचपी में स्थित, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा -201301, उत्तर प्रदेश, एक कवर्ड कार पार्किंग जगह के साथ।

दिनांक :27.06.2024
स्थान : नोएडा
सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड

एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")
CIN : U65993DL2002PLC115769
पंजीकृत कार्यालय: 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
कॉर्पोरेट कार्यालय: यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड ("आईएचएफएल") प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **विकास कुमार और राजेंद्र सिंह** को **15.11.2019** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. V006OXVIII (आईएचएफएल का पूर्व कर्ज खाता नं. HHLNOD00377742)** की राशि **रू. 21,54,757/- (रूपये इक्कीस लाख चौवन हजार सात सौ सत्तावन मात्र)** और **15.11.2019** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी । इसके अलावा **आईएचएफएल** ने **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के पक्ष में **इंडियाबुल्स एआरसी –XVIII ट्रस्ट के ट्रस्ट्री** के रूप में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज **31.03.2021**. को एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से सौपा है, इसके अलावा **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, इंडियाबुल्स एआरसी –XVIII ट्रस्ट के ट्रस्ट्री** ने दिनांक **30.11.2021** के असाइनमेंट करार के माध्यम से **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")** के पक्ष में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज और कर्ज खाता जिसे **एसीआरई** की पुस्तकों में कर्ज खाता नं. **V006OXVIII** के रूप में पुन: क्रमांकित किया गया है, सौंपा है ।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **27.06.2024** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है ।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 21,54,757/- (रूपये इक्कीस लाख चौवन हजार सात सौ सत्तावन मात्र)** **15.11.2019** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.** के आधीन होगा.
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

आवासीय फ्लैट नं. यू.जी.एफ 3, ऊपरी तल मंजिल (बाएँ हाथ की ओर, मध्य की ओर)छत के अधिकार बिना, 46.44 स्क्वे. मीटर्स का कवर्ड क्षेत्र, प्लॉट नं. 6/119 पर स्थित, ब्लॉक नं. 6, आवासीय कॉलोनी एमआईजी सूर्या अपार्टमेंट, सेक्टर 2, राजेंद्र नगर (टी.एच.ए), तहसील और जिला गाज़ियाबाद- 201011, उत्तर प्रदेश । संपत्ति निम्नानुसार परिबध्द है:
पूर्व : फ्लैट संख्या यू.जी.एफ-4 पश्चिम: प्लॉट नं. 6/118
उत्तर : फ्लैट नं. यू.जी.एफ.-6 दक्षिण: सामान्य पैसेज / फ्लैट नं. यू.जी.एफ-2

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 27.06.2024 असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.
स्थान : गाज़ियाबाद (102- ट्रस्ट)

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम **3** के साथ धारा **13(12)** के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **छाया और रमण कुमार** को **28.02.2022** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLVAS00245177** की राशि **रू.9,46,185.45 /- (रुपए नौ लाख छियालीस हजार एक सौ पचासी और पैतालीस पैसे मात्र)** और **14.02.2022** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी। धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा **(4)** के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **27.06.2024** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.9,46,185.45 /- (रुपए नौ लाख छियालीस हजार एक सौ पचासी और पैतालीस पैसे मात्र)** **14.02.2022** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा ।
उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

फ्लैट नं.305, दुसरी मंजिल, पीछे की ओर, जिसका कुल कवर्ड एरिया 30.19 स्के.मी.प्लॉट नं.ए-4/21, डीएलएफ अंकुर विहार, परगना और तहसील लोनी, गाज़ियाबाद -200111, उत्तर प्रदेश।

दिनांक:27.06.2024 सही/-
स्थान : गाज़ियाबाद प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम **3** के साथ धारा **13(12)** के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **कविता कुमारी और नीरज कुमार** को **11.01.2022** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLLAJ00303532** की राशि **रू.25,75,230.52 /- (रुपए पच्चीस लाख पंचहत्तर हजार दो सौ तीस और बावन पैसे मात्र)** और **27.12.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा **(4)** के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **27.06.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.25,75,230.52 /- (रुपए पच्चीस लाख पंचहत्तर हजार दो सौ तीस और बावन पैसे मात्र)** **27.12.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा ।
उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

युनिट नं.1111 के सभी भाग और खंड, ग्यारहवीं मंजिल पर, फ्रेग्रन्स के नाम से पहचाने जाने वाले विकसीत ऑर्किड टॉवर में, प्लॉट नं. जीएच-04 पर स्थित, सेक्टर 3, सिद्धार्थ विहार, गाज़ियाबाद -201010, उत्तर प्रदेश।

सही/-
दिनांक:27.06.2024 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : गाज़ियाबाद इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

कब्वा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, **2002** के अंतर्गत और नियम **3** के साथ धारा **13(12)** के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **प्रमोद गोयल, शिवम गोयल, कमलेश गोयल और राहुल उपाद्याय** को **11.10.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLLAJ00490620** की राशि **रू.30,64,592.77 /- (रुपए तीस लाख चौसठ हजार पाँच सौ बानवे और सतहत्तर पैसे मात्र)** और **16.09.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा **4** के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **26.06.2024** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संम्पति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा **राशी रू.30,64,592.77 /- (रुपए तीस लाख चौसठ हजार पाँच सौ बानवे और सतहत्तर पैसे मात्र)** **16.09.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** के आधीन होगा.
उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

फ्लैट नं. जी-4 , जिसका सुपर एरिया 65.03 स्के.मी., तल मंजिल, पीछे मध्य भाग, प्लॉट नं. ए- 176, ब्लॉक -ए, शालिमार गार्डन एक्सटेंशन-2, साहिबाबाद, गाज़ियाबाद-201005, उत्तरप्रदेश।

सही/-
दिनांक :26.06.2024 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : गाज़ियाबाद इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड

आम सूचना

जैसा कि जिला मजिस्ट्रेट, मयूर विहार, पूर्वी जिला, दिल्ली सरकार द्वारा जारी जीवित सदस्यों के प्रमाण पत्र के अनुसार हम, चित्रा बहादुर, सुमित बहादुर माथुर और अमित बहादुर माथुर, स्वर्गीय राजेश बहादुर माथुर, पुत्र स्वर्गीय नवल बिहारी लाल, निवासी एसएम-46 वार्ड नंबर 46, पद्मनाभपुर दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001 के जीवित सदस्य हैं।
हमने 16 डीएलएफ-II, फरीदाबाद में संपत्ति के म्यूटेशन के लिए आवेदन किया है। यदि इस पर किसी को कोई आपत्ति हो तो वे 30 दिनों के भीतर अपना दावा संयुक्त आयुक्त एमसीएफ, पुराना फरीदाबाद के पास दायर कर सकते हैं।

हस्ताक्षरः
दिनांकः 28.06.2024 चित्रा बहादुर, सुमित बहादुर माथुर
अमित बहादुर माथुर

PUBLIC NOTICE

To be known to all, **CHANDER KANTA ADLAKHA W/o SH. VIJAY KUMAR ADLAKHA R/o S-331, FIRST FLOOR, GREATER KAILASH PART-1, NEW DELHI-110048 owner/purchaser of SFS FLAT NO.217,GROUND FLOOR,CAT-III,NILGIRI APARTMENTS, ALAKNANDA, NEW DELHI-110019**,have applied for certified copies in DDA. The original documents i.e.**ALLOCATION LETTER, DEMAND-CUM-ALLOTMENT LETTER, POSSESSION LETTER, NOC FOR WATER AND ELECTRICITY CONNECTION, SITE POSSESSION SLIP & OTHER DOCUMENTS** of the above said flat has been lost. An LR NO. 1860775/2024 dated 01/07/2024 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi.Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9868300795 within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right, interest, objection with respect to this property,can personally inform or write to **Deputy Director (Housing) or Director (Housing),Delhi Development Authority,Vikas Sadan, New Delhi-110023.**

PUBLIC NOTICE

To be known to all that We **Arun Kumar Arora** and **Mansi Arora** both R/o **N-5/22, DLF Phase-II, Gurgaon, Haryana-122002** owner of Commercial **Plot No.11, Block C, LSC, Vasant Vihar, New Delhi-57** has applied for conversion of aforesaid Plot from leasehold to freehold vide application no LD38710CL/CON/27032024 dt.28.03.24 in DDA. That original documents i.e. Allotment Letter, Possession Letter,Lease Deed & D Form of above property have been lost,A FIR dt.01.07.24 bearing LR no 1859584/2024 against this effect has been lodged at crime branch Delhi.Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above add/ Ph. No. **9810248300 within 15 days** from date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (CL),DDA,Vikas Sadan,INA,New Delhi-23

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **आनंद मिश्रा और भारती मिश्रा** को **23.02.2022** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLNDA00293288** की राशि **रू. 22,93,759.34 (रूपये बाईस लाख तिरानबे हजार सात सौ उनसठ और चौंतीस पैसे मात्र)** और **14.02.2022** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भी

नए आपराधिक कानून में दिल्ली में पहली एफआईआर दर्ज

● शाहदरा में बीएनएस की धारा 303(2) के तहत ऑटो चालक पर मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तिलक मार्ग थाने के बाहर एक जुलाई को प्रभावी हुए नए आपराधिक कानून से संबंधित प्रावधानों का बैनर लगाते पुलिसकर्मी। फोटो: रंजन डिमरी

एक जुलाई से देश अपने कानून से चलेगा। अंग्रेजों के बनाए कानून अब कल की बात हो चुके हैं। तीन नए आपराधिक कानून आने के बाद कई धाराएं भी बदल गई हैं। भारत देश में तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 ने आईपीसी और सीआरपीसी की जगह ले ली है। सोमवार से जो भी अपराध संज्ञान में आएगा उसे नए कानून के तहत दर्ज, सुना और कोर्ट में चलाया जाएगा।

इसी कड़ी में सुबह दिल्ली में नए कानून के तहत पहली प्राथमिकी दर्ज की गई। सोमवार को तीनों आपराधिक कानून लागू होने के बाद, दिल्ली पुलिस ने नई आपराधिक संहिता भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के तहत एक स्ट्रीट वेंडर के खिलाफ़ पहली एफआईआर दर्ज की, जो कथित तौर पर मध्य दिल्ली के कमला मार्केट में सार्वजनिक मार्ग को बाधित करने के आरोप में दर्ज की गई थी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली का मामला देश में दर्ज की गई पहली एफआईआर नहीं है। नए कानूनों के तहत पहला मामला मध्य प्रदेश के ग्वालियर में देर रात दर्ज मोटरसाइकिल चोरी का था। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली पुलिस ने जांच के बाद रेहड़ी वाले के खिलाफ दर्ज मामले को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, समीक्षा के प्रावधानों का उपयोग करके, पुलिस ने इस मामले को खारिज कर दिया है।

दिल्ली पुलिस सूत्रों ने बताया कि वे रेहड़ी-पटरी वाले के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे और एफआईआर को औपचारिक रूप से रद्द करने के लिए अदालत को सूचित करेंगे। एफआईआर बीएनएस की धारा 285 के तहत दर्ज की गई थी, जिसमें कहा गया है, जो कोई भी व्यक्ति किसी भी कार्य को करके, या अपने कब्जे में या अपने अधीन किसी भी संपत्ति को व्यवस्थित करने में चूक करके, किसी भी सार्वजनिक मार्ग या सार्वजनिक परिवहन लाइन में किसी व्यक्ति को खतरा, बाधा या चोट पहुंचाता है, उसे 5,000 रुपये तक के जुर्माने से दंडित किया जाएगा।

पुलिस ने कहा कि पटना के मूल निवासी 23 वर्षीय पंकज कुमार को सुबह करीब 12.15 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास एक फुट ओवरब्रिज के नीचे एक ठेले पर पानी, बीड़ी और सिगरेट बेचते हुए पाया गया। गश्ती अधिकारी ने कुमार से लोगों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न करने के कारण अपने अस्थायी ठेले को रास्ते से हटाने के लिए कहा, लेकिन उसने अधिकारी के निर्देशों की अनदेखी की जिसके बाद रात 1.30 बजे मामला दर्ज किया गया। एफआईआर में कहा गया है कि अधिकारी ने चार-पांच राहगीरों को गवाह बनने के लिए भी कहा, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।

गश्त कर अधिकारी ने जब्ती को रिकॉर्ड करने के लिए ई-प्रमाण ऐप का इस्तेमाल किया। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा द्वारा संचालित यह ऐप आगे की जांच के लिए सीधे पुलिस रिकॉर्ड में सामग्री फीड करेगा। उत्तर पूर्वी दिल्ली में, सीलमपुर पुलिस स्टेशन में धारा 109 (1) के तहत पहली एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें बंदूक चलाने की घटना में 30 वर्षीय ई-रिक्शा चालक घायल हो गया था।

धारा 109 (1) के अनुसार, जो कोई भी ऐसे इरादे या ज्ञान के साथ और ऐसी परिस्थितियों में कोई कार्य करता है, जिससे यदि वह उस कार्य से मृत्यु का कारण बनता है, तो वह हत्या का दोषी होगा, उसे किसी भी प्रकार के कारावास से दंडित किया जाएगा, जिसकी अवधि दस वर्ष तक हो सकती है, और जुर्माना भी देना होगा और यदि ऐसे कार्य से किसी व्यक्ति को चोट पहुँचती है, तो अपराधी को आजीवन कारावास या इस प्रकार की सजा दी जाएगी, जैसा कि पहले जिक्र किया गया है।

पूर्वी दिल्ली जिले में, शाहदरा में बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत पहला मामला एक ऑटो चालक द्वारा अपने यात्री से मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में दर्ज किया गया था, जिसने जबरन उसे छीन कर भाग गया। अधिकारियों के अनुसार, बाहरी जिले में भी बीएनएस के तहत दो मामले दर्ज किए गए, जिनमें निहाल विहार में एक दुर्घटना और मंगोल पुरी में अतिक्रमण का मामला शामिल है। दिल्ली पुलिस ने अपने 30,000 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया है, जिसमें सहायक उप-निरीक्षक और निरीक्षक से लेकर सहायक आयुक्त और उपायुक्त तक शामिल हैं, जो एफआईआर दर्ज करने और जांच करने के लिए जिम्मेदार हैं।

केजरीवाल ने गिरफ्तारी को हाईकोर्ट में दी चुनौती

पायनियर समचार सेवा। नई दिल्ली

● आबकारी मामले में सीबीआई ने मुख्यमंत्री से की थी पूछताछ

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक ने अधीनस्थ अदालत के 26 जून के उस आदेश को भी चुनौती दी, जिसके तहत उन्हें सीबीआई की तीन दिन की हिरासत में भेजा गया। अधीनस्थ अदालत ने केजरीवाल को 29 जून को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल (55) को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में थे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को केजरीवाल की तीन दिन की हिरासत समाप्त होने के बाद दिल्ली की अदालत ने उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया और कहा कि उनका नाम आबकारी नीति मामले में मुख्य साजिशकर्ताओं में सामने आया है।

एजेंसी ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी थी और दावा किया था कि अरविंद केजरीवाल ने जांच में सहयोग नहीं किया और टालमटोल वाले जवाब दिए। एजेंसी ने कहा था कि केजरीवाल गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं।

नाले ओवरफ्लो न हो, अधिकारी बनाएं योजना: आतिशी

पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने आईटीओ के एमसीडी ड्रेन नंबर 12 का निरीक्षण किया। अधिकारियों संग मेयर शैली रही मौजूद।

● पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने आईटीओ के एमसीडी ड्रेन नंबर 12 का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने भारी बारिश के दौरान मध्य दिल्ली से होकर गुजरने वाले नालों में पानी भरकर सड़कों पर आ जाने की समस्या का समाधान खोजने के लिए सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिया। आतिशी सोमवार को आईटीओ स्थित एमसीडी के ड्रेन न.12 का निरीक्षण किया। यह ड्रेन मध्य दिल्ली से पानी को यमुना तक पहुँचाने का काम करती है। 28 जून को 228 मिमी की अप्रत्याशित बारिश हुई थी। सामान्य समय में पूरे मानसून के दौरान दिल्ली में 800 मिमी बारिश होती है लेकिन इस बार मात्र 24 घंटे में ही पूरे मानसून की लगभग एक चौथाई बारिश हो गई। इस अप्रत्याशित बारिश से ड्रेन न.12 ओवरफ्लो हुई और इस कारण आईटीओ चौक के आसपास जलजमाव की समस्या उत्पन्न हुई। भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो इसे लेकर सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी और मेयर शैली ओबरॉय ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आईटीओ चौक से नाले के आउटफॉल तक इसके एक बड़े हिस्से का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि, बरसात में एमसीडी ड्रेन संख्या 12 को ओवरफ्लो होने से रोकने के लिए लघु और दीर्घ कालीनी योजना तैयार करने को कहा है। ताकि भविष्य में इसके कारण जलजमाव की समस्या उत्पन्न न हो और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

मेयर शैली ओबरॉय ने भी कहा कि, आईटीओ चौक और इसके आसपास की सड़कें दिल्ली के सबसे महत्वपूर्ण मार्गो में शामिल है। यहाँ जलजमाव न हो इसके लिए सरकार के विभागों के साथ मिलकर काम करेंगे और जलजमाव की रोकथाम के लिए हर जरूरी कदम उठायेंगे।

प्रगति मैदान सुरंग फिर से खुली

नई दिल्ली। दिल्ली में पिछले सप्ताह हुई भारी बारिश के बाद जलभराव के कारण बंद की गई प्रगति मैदान सुरंग सोमवार को जनता के लिए फिर से खोल दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने कहा कि सफाई के बाद सोमवार को सुरंग यातायात के लिए सामान्य हो गई। यह सुरंग 28 जून से बंद थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 28 जून को सफदरजंग वेधशाला में 228.1 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई, इसके बाद लोधी रोड में 192.8 मिमी, रिज क्षेत्र में 150.4 मिमी, पालम में 106.6 मिमी और आयानगर में 66.3 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। अठाईस जून के सुबह आठ बजे तक पूरे हुए 24 घंटों में 228.1 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो जून की औसत बारिश 74.1 मिमी से तीन गुना से अधिक थी और 1936 के बाद से इस महीने की सबसे अधिक बारिश थी। लोक निर्माण विभाग ने कहा कि उसे जलभराव वाले क्षेत्रों से 200 से अधिक फोन आए।

निगम के 465 पंप बंद, जलजमाव से संपति नुकसान का मुआवजा दे सरकार: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● सचदेवा बोले- कई पंप डीजल नहीं होने के चलते हुए बाधित

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जलजमाव के लिए अरविंद केजरीवाल सरकार की जिम्मेदार है।

पुरानी दिल्ली के थोक बाजारों के साथ ही राजधानी में भूतल के एवं बेसमेंटों के घरों एवं आफिसों में हुए नुकसान की भी पूर्ति दिल्ली सरकार एवं नगर निगम करे।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में 287 चिन्हित-खतरनाक जल जमाव स्पॉट हैं और उनमें से 250 से अधिक स्थानों पर पम्प ठप्प पड़े थे। 28 जून को लोक निर्माण विभाग द्वारा दिल्ली में लगाये 696 स्थाई वाटर निकासी पंपों में से 400 से अधिक काम ही नहीं कर रहे थे। हमारी जानकारी अनुसार 100 से अधिक पंप इसलिए नहीं काम कर रहे थे क्योंकि उनके लिए डीजल तेल उपलब्ध नहीं था। इसके अलावा दिल्ली जल बोर्ड, फ्लड विभाग के पम्प हाउस एवं दिल्ली नगर निगम के भी 465 पंप दिल्ली में लगाये जाते हैं और उनमें से भी अधिकांश आज भी काम नहीं कर रहे हैं। भारती नगर पंपिंग स्टेशन पर भी दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग के पंप 28 जून को बंद पाये गये थे और आज भी स्थिति संतोषजनक रूप से ठीक नहीं हुई है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में हर साल मानसून में 1300 के लगभग अस्थाई अतिरिक्त वाटर निकासी पंप भी मानसून में किराये पर लेकर लगाये जाते हैं पर इस वर्ष एक भी नहीं लगाया गया।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि मानसून के लिए अतिरिक्त वाटर निकासी पंप किराये पर लेने का टेंडर एक वार्षिक जनहित कार्य है और अगर सत्ता के नशे में मदमस्त अरविंद केजरीवाल सरकार यदि चुनाव आयोग से पत्र लिखकर विशेष अनुमति मांगती तो जरूर मिलती पर इन्होंने इसे आवश्यक समझा ही नहीं।

राजीव धनखड़ ने डीएमआरसी के निदेशक का पदभार संभाला

नई दिल्ली। राजीव धनखड़ ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के नए निदेशक (परियोजना एवं योजना) के रूप में पदभार ग्रहण किया है। 1992 बैच के भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसई) अधिकारी धनखड़ के पास कई प्रमुख पदों पर परियोजना, योजना और कार्यान्वयन में तीन दशकों का अनुभव है। वह प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर से प्रौद्योगिकी स्नातक और आईआईटी, दिल्ली से प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर हैं। धनखड़ के पास एमडीआई, गुरूग्राम से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री भी है। डीएमआरसी में यह भूमिका निभाने से पहले, वह भारतीय रेलवे के अजमेर डिवीजन में डीआरएम रहे। उनके कार्यकाल के दौरान, उदयपुर-हिम्मत नगर रेलवे खंड चालू किया गया था।

युवक के सिर पर सरिया मारकर हत्या

● मामले में आरोपी दो भाई और पिता गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेताजी सुभाष प्लेस इलाके में बीती रात मामूली विवाद में एक युवक की हत्या सिर पर सरिया व कैंची घोंपकर कर दी गई। पुलिस कुछ घंटों बाद ही आरोपी दो भाई और पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

वारदात के बाद मृतक के परिजनों ने थाने का घंटों तक घेराव किया। इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल कैंची भी बरामद कर ली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक विक्रम उर्फ रिंकू परिवार के साथ के ब्लॉक शकूरपुर इलाके में रहता था। विक्रम के परिवार में उनकी पत्नी चंदा और एक बेटा 8 साल और एक बेटी 6 साल की है। नेताजी सुभाष पैलेस पुलिस को बीती रात करीब सवा दस बजे वारदात होने के बारे में पता चला था। पता चला कि विक्रम उर्फ रिंकू नामक युवक के सिर पर रॉड और गले पर कैंची से जानलेवा हमला किया गया था। विक्रम के पिता रामजीलाल ने पुलिस को बताया कि शनिवार पड़ोसी लोकेश गुप्ता के बेटों बिट्टू और प्रियांश से इनके बेटे महेश के साथ पुरानी कहासुनी को लेकर झगड़ा हो गया था। बातचीत करने के लिये वह रविवार रात करीब आठ बजे लोकेश गुप्ता की परचून की दुकान पर गया था। लोकेश उसके साथ गाली गलौच करने लगा। उसी वक्त विक्रम उर्फ रिंकू और महेश(दोनों बेटे)वहां पर आ गए। हर्ष ने सिर पर सरिया मारा, जबकि प्रियांश ने गले गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया। विक्रम को तुरंत भगवान महावीर अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज किया। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लिया।

नीट परीक्षा मामले में छात्रों का धरना खत्म

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), नीट-पीजी (स्नातकोत्तर) और विश्व विद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) में अनियमितताओं के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर छात्रों का विरोध प्रदर्शन सोमवार को समाप्त हो गया। पिछले सप्ताह बुधवार कौइंडिया अगेंस्ट एनटीऐ के बैनर तले बड़ी संख्या में छात्रों ने उक्त परीक्षाओं में धांधली की खबरों के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था।

छठे दिन हड़ताल समाप्त करने वाले छात्रों की मांगों में एनटीए पर प्रतिबंध लगाना और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा शामिल है। छात्र नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा कराने और पुरानी विश्वविद्यालय-विशिष्ट प्रवेश परीक्षा प्रणाली को बहाल करने की भी मांग कर रहे थे। वामपंथी संगठन आइसा और दिल्ली विश्वविद्यालय के केवाईएस के सदस्य अन्य छात्र संगठनों में शामिल थे, जिन्होंने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

पतंजलि फूड्स के व्यापार अधिग्रहण को मंजूरी

● पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के होम एंड पर्सनल केयर के लिए 1,100 करोड़ में खरीदा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पतंजलि फूड्स लिमिटेड बोर्ड ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड (पीएएल) के होम एंड पर्सनल केयर (एचपीसी) के व्यापार के अधिग्रहण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ पतंजलि को अब पीएफएल या कंपनी के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ कंपनी अग्रणी एफएमसीजी कंपनी के रूप में तेज परिवर्तन होगा।

जानकारी के मुताबिक पीएएल एचपीसी व्यवसाय में वर्तमान में भारत के एफएमसीजी स्पेस में एक मजबूत ब्रांड इक्विटी और देश भर में एक भरोसेमंद उपभोक्ता आधार रखती है। इस एचपीसी व्यवसाय में वर्तमान में चार प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं, 1. डेंटल केयर, 2. स्किन केयर, 3. होम केयर, 4. हेयर केयर। एचपीसी व्यवसाय के अधिग्रहण की यह रणनीतिक पहल कंपनी के मौजूदा एफएमसीजी उत्पाद के पोर्टफोलियो को प्रतिष्ठित ब्रांडों की एक श्रंखला के साथ मजबूत करेगी और राजस्व एवं एबिटा की वृद्धि में भी योगदान देगी।

पीएफएल, पीएएल के संपूर्ण एचपीसी व्यवसाय को एक चालू व्यवसाय के आधार पर अधिग्रहित करने के लिए तैयार है, और इसमें व्यवसाय, संबंधित कर्मचारियों, वितरण नेटवर्क, अनुबंधों, लाइसेंसों, परमिटों, सहमतियों और इस ऑपरेशन के लिए आवश्यक अनुमोदनों से संबंधित सभी परिसंपत्तियां और देनदारियां शामिल हैं। बाबा रामदेव की अगुआई वाली पतंजलि आयुर्वेद ने अपने घरेलू और निजी देखभाल कारोबार को 1,100 करोड़ रुपए में समूह की सूचीबद्ध कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड को बेचने का फैसला किया है। इस अधिग्रहण से खाद्य तेल कंपनी पतंजलि फूड्स को एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली) कंपनी बनने में मदद मिलेगी।

पतंजलि फूड्स ने शेयर बाजार को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने पतंजलि आयुर्वेद के पूरा गैर-खाद्य कारोबार यानी बालों और त्वचा की देखभाल, दांतों की देखभाल और घर में उपयोग वाले उत्पादों के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। इसमें सभी चल संपत्तियां, अचल संपत्तियां, अनुबंध, लाइसेंस, किताबें और रिकॉर्ड, कर्मचारी और पीएएल की कुछ ग्रहण की गई देनदारियां शामिल हैं।

'पीएम मोदी की कल्पना को साकार कर रहा यूपी'

● जयवीर सिंह ने पर्यटकों से बौद्ध स्थलों के दर्शन का किया आह्वान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बोधि यात्रा कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व अन्य।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राजधानी में 'बोधि यात्रा' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भगवान बुद्ध की जीवन यात्रा के संस्मरणों को प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन मंत्री माननीय गजेंद्र सिंह शेखावत, उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की रही। कार्यक्रम में मुख्य सचिव, उप्र., प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अधिकारियों के साथ-साथ कई विभागों के सचिव और मुख्य सचिव की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रतिष्ठित ट्रैवल राइटर, ब्लॉगर, टूर एंड ट्रैवल प्रतिनिधियों के साथ-साथ भारतीय व अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के प्रतिनिधि आयोजन का हिस्सा बने। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, पर्यटन को लेकर पीएम मोदी की कल्पना को उत्तर प्रदेश सरकार साकार कर रही है। प्रधानमंत्री ने देश में विभिन्न टूरिस्ट सर्किट बनाने की कल्पना की थी। उसमें पहला सर्किट बुद्ध सर्किट है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने स्वागत भाषण दिया।

उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में नंबर एक स्थान प्राप्त करते हुए एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है। हमें निकट भविष्य में बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों के उत्तर प्रदेश आने की उम्मीद है। बोधि यात्रा कार्यक्रम में भूटान, म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, श्रीलंका, लाओ पीडीआर, कंबोडिया, वियतनाम, इंडोनेशिया, सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, मंगोलिया, चीन आदि देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अधिकारियों ने शिरकत की।

छज्जा गिरने से छह साल के बच्चे की गई जान

नई दिल्ली। हर्ष विहार में जर्जर मकान का छज्जा गिरने से छह साल के प्रिंस की मौत हो गई। बच्चा छज्जे पर खेल रहा था।

मकान मालिक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है। हर्ष विहार थाना पुलिस को प्रताप नगर की एक इमारत की छत का एक हिस्सा गिरने की जानकारी मिली। मौके पर पुलिस पहुंची तो 50 वर्ग गज में बनी पुरानी इमारत का छज्जा ढह गया था। पुलिस अस्पताल पहुंची तो बच्चे के दम तोड़ने का पता चला। पिता संतोष ने बताया कि मकान रामजी लाल का है। मकान मालिक इसी मकान के भूतल पर रहता है। वह पत्नी, बेटा और बेटी के साथ छह माह से यहां किराये पर रहता है। मकान जर्जर हालत में है। शाम को बेटा छज्जे पर खेल रहा था।

पूर्वांचल के नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन

● माटी संस्था ने सभी दलों के प्रतिनिधियों को किया था आमंत्रित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

माटी संस्था के अभिनंदन कार्यक्रम में पूर्वांचल के सांसद व अन्य।

राष्ट्रीय राजधानी में माटी संस्था द्वारा आयोजित एक समारोह में पूर्वांचल के नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन किया अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह में नवनिर्वाचित सांसदों जगदंबिका पाल, शशांक मणि त्रिपाठी, किशोरी लाल शर्मा, तनुज पुनिया, राजीव राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माटी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सेक्रेटरी जनरल, राज्य सभा देश दीपक वर्मा ने दिया। कार्यक्रम का संचालन माटी के संयोजक आसिफ़ आज़मी ने किया। कार्यक्रम में माटी टीम से जयशंकर गुप्त, धीरेन्द्र श्रीवास्तव, विनय सिंह, प्रखर मालवीय कान्हा, राकेश पाण्डेय, पवन सिंह, उत्तम शुक्ला, अभिषेक आनंद, देवेंद्र तिवारी आदि के अलावा बड़ी तादाद में पूर्वांचल की गणमान्य हस्तियाँ उपस्थित रहीं। इसके साथ ही संजय द्विवेदी, आदित्य गिलडयाल, कमलेश भट्ट कमल, विरेन्द्र कुमार शेखर, डाक्टर संजय राय, डाक्टर एके कौशिक, एडवोकेट प्रदीप राय, ऐडवोकेट रोहित पांडेय, एसपी सिंह शामिल हैं।

कैंटर में घुसी तेज रफ्तार कार, चार की मौत

ओवरटेक करने के दौरान हुआ हादसा, गंगा में अस्थियां प्रवाहित कर वापस लौट रहा था सीकर का परिवार

- मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल
- दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में केएमपी एक्सप्रेस-वे पर फर्रुखनगर के पास हुए हादसे में क्षतिग्रस्त एर्टिगा गाड़ी व कैंटर।

गंगा में अस्थियां प्रवाहित करके घर लौट रहे एक परिवार की गाड़ी कैंटर से टकरा गई। इस भीषण एक्सीडेंट में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई व दो लोग घायल हो गए। यह हादसा गुरुग्राम के पास केएमपी एक्सप्रेस-वे पर हुआ। सभी लोग राजस्थान के सीकर के रहने वाले थे।

जानकारी के अनुसार राजस्थान के सीकर से परिवार के व्यक्ति की अस्थियां लेकर परिवार के लोग एर्टिगा गाड़ी व एक अन्य गाड़ी में सवार होकर गंगा में प्रवाहित करने गए थे। जब वे वापस लौट रहे थे तो उनकी एक गाड़ी काफी पीछे थी और एक एर्टिगा गाड़ी को ड्राइवर काफी तेजी से चला रहा था। जो काफी आगे निकल चुकी थी। जैसे ही एर्टिगा गाड़ी गुरुग्राम में केएमपी एक्सप्रेस-वे पर फर्रूखनगर के पास पहुंची तो वहां आगे चल रहे कैंटर को ओवरटेक करने का प्रयास ड्राइवर ने किया। इसी दौरान वह गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा और कैंटर के पीछे एर्टिगा गाड़ी की टक्कर हो गई।

तेज गति में चल रही एर्टिगा का भीषण एक्सीडेंट होते ही उसके परखच्चे उड़ गए। गाड़ी टकराने के बाद कई बार पलटी। सभी लोग बुरी तरह से घायल हो गए। एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने रुककर एर्टिगा में फंसे लोगों को बाहर निकाला। उसमें सवार 6 लोगों में से तीन महिलाओं समेत 4 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान राजस्थान के सीकर जिले के नीमका थाना हसामपुर निवासी ब्रिजेश कौशिक (52), उनकी पत्नी सुनीता (48), उनकी मां कमला देवी (74) और उनके भाई की पत्नी किरण कौशिक (46) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घायलों की पहचान मृतक ब्रिजेश कौशिक के भाई राकेश कौशिक के बेटे हिमांशु (24) और आकांशु (20) के रूप में हुई है।

फर्रूखनगर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि कैंटर के चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। हादसे के बाद वह फरार हो गया। से जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चोरी करते पकड़े गए नाबालिग ने बच्ची को जिंदा जलाया, मौत

- पहले गला दबाकर की हत्या, फिर शव को कपूर की टिकिया में आग लगाकर जला दिया
- आरोपी को लॉकर से 20 हजार रुपये व गहने चुराते देखा था लड़की ने

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

यहां एक सोसायटी में 8वीं कक्षा के छात्र (16) ने चौथी कक्षा की छात्रा (9) की हत्या करके उसे उसके घर में ही जला दिया। इस घटना को उसने इसलिए अंजाम दिया, क्योंकि वह लड़की के घर में चोरी करते हुए पकड़ा गया था। इस घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही एक नाबालिग को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-107 स्थित सिग्नेचर ग्लोबल सोसाइटी में पहली मंजिल के फ्लैट नंबर 104 में लड़की के पास लड़का पहुंचा। पहले उसने लड़की से पानी मांगा। इसके बाद उसके साथ होमवर्क कराने लगा। कुछ देर बाद लड़की शौचालय गई तो लड़के ने बेड की दराज से चाबियां निकालीं और घर के लॉकर में से गहने चुरा लिए। लड़की जब शौचालय से बाहर आई तो उसने सब देख लिया। लड़की द्वारा विरोध करने पर उसे गहने बालकॉनी से बाहर फेंक दिए तथा लड़की को खींचकर बेड पर ले गया। लड़की उसकी हरकतों का विरोध करती रही। उसने लड़की को पीटना शुरू कर दिया तथा बाद में उसने लड़की का गला दबाकर हत्या कर दी और घर में बने मंदिर से कपूर की टिकिया लड़की के शव पर रखकर आग लगी दी। जब लड़की की मां फ्लैट पर आई और उसने घंटी बजाई तो किसी ने दरवाजा नहीं खोला। उन्होंने फ्लैट से धुआं उठता देखा और शोर मचाया। बालकनी के रास्ते से लोग फ्लैट में पहुंचे। अंदर लड़की का शव जल रहा था और लड़का एक कोने में बैठा था। उससे घटना के बारे में पूछा तो उसने कहा कि चोर घर में घुस आए थे। उन्होंने लड़की को पीटा और यह घटना कर दी।

पुलिस के सामने उसने हत्या की बात कबूल कर ली। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी 8वीं कक्षा के छात्र ने बताया कि उसने 20 हजार रुपये का कर्जा चुकाने के लिए यह चोरी की थी। डीसीपी पश्चिम करन गोयल ने बताया कि आरोपी 8वीं कक्षा के छात्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके हिरासत में ले लिया गया है।

श्री दुर्गा रामलीला कमेटी व ट्रस्ट की कार्यकारिणी घोषित

- प्रधान कपिल सलूजा ने सभी को साथ लेकर चलने का आश्वासन दिया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

श्री दुर्गा रामलीला कमेटी एवं ट्रस्ट के पदाधिकारी।

श्री दुर्गा रामलीला कमेटी एवं ट्रस्ट की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। कमेटी के प्रधान कपिल सलूजा की ओर से कार्यकारिणी की सूची को सार्वजनिक करते हुए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व अन्य अधिकारियों तक पहुंचा दिया गया है।

प्रधान कपिल सलूजा ने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की जानकारी देते हुए बताया कि केसी नारंग, राम प्रकाश ठाकुर, दलीप भारद्वाज, नरेश सैनी, संजय भसीन, प्रदीप मोदी व राजेश जैन को संरक्षक बनाया गया है। बनवारी लाल सैनी को चेयरमैन, देविंद्र जैन व सतीश माचीवाल को उप-चेयरमैन, विकास गुप्ता को वरिष्ठ उप-प्रधान, जगभूषण गुप्ता, मुकेश राज, दीपक दुआ, तेजिन्द्र सैनी को उप-प्रधान, अशोक प्रजापति को महासचिव, गगन गुलाटी को सह-सचिव, राजकुमार सैनी को प्रेस सचिव, संजय माचिवाल को प्रेस सह-सचिव, प्रदीप गुप्ता कोषाध्यक्ष, सह-कोषाध्यक्ष खुशीराम भोला, लेखा परीक्षक रजनीश पाहुजा के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में कमल सलूमजा, दलीप सिवान, उमेश सैनी, मनोज तंवर, आशीष गुप्ता (आशू), हेमंत प्रजापति, विधि सलाहकार एनके शर्मा, रंगाचार्य यशपाल सैनी, मुख्य कला निर्देशक अशोक सौदा, कला निर्देशक गोपाल वर्मा, केशव जलिंद्रा, मंच सज्जा प्रभारी अमित सैनी, भिवेश संगेलिया, पुनित सहगल, गोविंद सिवान, भव्य सलूजा, संगहकक्ष प्रभारी संजय माचिवाल, विश्वास सैनी, नवीन वर्मा, सलमान खान, रूप सज्जा प्रभारी सचिन वर्मा, अमित सैनी, रोहताश मीणा को चुना गया है।

महिला को कुत्ते ने काटा, शिकायत करने पर पड़ोसी ने किया हमला

फरीदाबाद। रोशन नगर में रविवार रात ड्यूटी से घर पहुंची एक महिला को पड़ोसी के कुत्ते ने काट लिया। महिला और उनके पति ने जब इसका विरोध किया तो पड़ोसी ने सरिये से उनपर हमला कर दिया। मारपीट में दंपत्ति को काफी चोट आई है। पीड़िता के पति को गंभीर हालत में दिल्ली के एक ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पल्ला थाना पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता रूकसाना ने अपनी शिकायत में बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करती है। रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे वह ड्यूटी से घर पहुंची। इस दौरान पड़ोस में रह रहे भरत का कुत्ता खुला था। कुत्ते ने उसके पांव में काट लिया। पीड़िता के चिल्लाने पर उनका पति बाहर आया और पड़ोसी से इसकी शिकायत की।

नियमों की अनदेखी कर चल रहा अस्पताल सील

प्रदूषण के नियमों की अवहेलना पर नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर-57 में अवैध रूप से संचालित अस्पताल को सील करते कर्मचारी।

यहां सेक्टर-57 में अवैध रूप से एवं प्रदूषण के नियमों की अवहेलना करने पर नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने अस्पताल को सील कर दिया है। साथ ही अस्पताल पर 30 लाख रुपये का भारी जुर्माना भी ठोंका है।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-57 के इस अस्पताल को अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। मदरहुड नाम से आवासीय क्षेत्र में बिना प्रदूषण बोर्ड से एनओसी लिए बिना ही अस्पताल को अवैध रूप से चलाया जा रहा था। अस्पताल खुलने के साथ ही इस के आसपास के लोगों की परेशानी हो गई। इस क्षेत्र में यातायात भी एकाएक बढ़ गया। प्रदूषण की खतरनाक स्थिति वहां पर हो गई। सुरक्षा की बात करें तो अस्पताल प्रबंधन ने आवश्यक लाइसेंस अग्नि लाइसेंस, पीसीबी लाइसेंस और नगर नियोजन विभाग से स्वीकृतियां नहीं ले रखी थीं। विभाग द्वारा कई रिमाइंडर भेजने के बाद भी इस अस्पताल प्रबंधन ने कोई परवाह नहीं की। जब क्षेत्र के लोगों की शिकायतों का समाधान नहीं हुआ तो मामला सीएम विंडो के माध्यम से सरकार तक पहुंचाया गया। सीएम विंडो पर शिकायत के आधार पर अस्पताल व लोगों द्वारा की गई शिकायत की जांच की गई। तथ्य सही पाए जाने पर अस्पताल को नोटिस जारी किए। कई नोटिस भेजे जाने के बाद भी प्रबंधन सोता रहा।

संक्षिप्त समाचार

यशवंती मलिक को नियुक्ति पत्र सौंपते कांग्रेस नेता लखन कुमार सिंगला।

यशवंती मलिक बनीं कांग्रेस महिला सेवादल की प्रदेश सचिव

फरीदाबाद। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस महिला सेवादल की प्रदेशाध्यक्ष सुनीता शर्मा ने पंचवटी रेजिडेंट वेलफेयर एसो. सेक्टर-9 की प्रधान एवं कांग्रेसी नेत्री यशवंती मलिक को कांग्रेस महिला सेवादल का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने आज अपने ओल्ड फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा और उम्मीद जताई कि यशवंती मलिक कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का काम करेगी। इस दौरान कांग्रेस महिला सेवादल की नवनियुक्त प्रदेश सचिव यशवंती मलिक ने अपनी नियुक्ति पर श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया, कांग्रेस महिला सेवादल की प्रदेशाध्यक्ष सुनीता शर्मा, कांग्रेसी नेता लखन सिंगला सहित शीर्ष कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगी और पार्टी से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर मजबूत करने का काम करेगी।

सहायक तकनीकी अधिकारी विजेंद्र कटारिया सेवानिवृत्त

गुरुग्राम। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में सेवारत सहायक तकनीकी अधिकारी विजेंद्र कटारिया 35 वर्ष की सेवा के बाद सोमवार को रिटायर हो गए। उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जनसंपर्क विभाग के पूर्व तकनीकी उप निदेशक दयाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि विजेंद्र कटारिया का कार्यकाल सराहनीय रहा है। अपने 35 साल के कार्यकाल में उन्होंने विभाग को अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की। वे एक कर्त्तव्यनिष्ठ अधिकारी रहे हैं। अपनी ड्यूटी पर सदैव मुस्तैद रहे। वरिष्ठ पत्रकार आर.एस. चौहान ने इस मौके पर कहा कि विजेंद्र सिंह कटारिया एक कुशल तकनीकी अधिकारी रहे। जिला के प्रमुख आयोजनों में उन्होंने कई बार साउंड सिस्टम को चलाने में अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया। उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों ने सेवानिवृत्त अधिकारी को पगड़ी, फूलमालाएं व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। अपनी सेवानिवृत्ति पर विजेंद्र कटारिया ने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथी कर्मचारी व अधिकारी उनके साथ एक परिवार की तरह रहें हैं।

भारतीय वीर दल पार्टी सभी सीटों पर लड़ेगी चुनाव: विजय

फरीदाबाद। सैक्टर-16 स्थित फरीदाबाद गुर्जर भवन में भारतीय वीर दल (पार्टी) की राष्ट्रीय कोर समिति की मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विजय कसाना ने की। इस मीटिंग में देश के 12 राज्य क्रमशः दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, बंगाल, केरल से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के रूप में चौधरी धर्मवीर सिंह दिल्ली को राष्ट्रीय महामंत्री संगठन व राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड का सचिव नियुक्त किया गया। नरेन्द्र कुमार मावी को राष्ट्रीय सचिव तथा के.वी. तिलक को राष्ट्रीय कार्यकारिणी शामिल कर केरल प्रदेश का प्रभारी बनाया गया। मीटिंग में शामिल हुए राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट रणवीर सिंह गुर्जर ग्वालियर मध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष कल्याण सिंह गुर्जर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चौधरी हरवीर नागर, योगेश गुर्जर दिल्ली आदि शामिल रहे।

एडवोकेट मनीष वर्मा बने कांग्रेस लीगल सैल के जिला अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मनीष वर्मा एडवोकेट को जिला कांग्रेस कमेटी लीगल सैल का जिला चेयरमैन नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति लीगल सैल के प्रदेश चेयरमैन केसी भाटिया ने की है।

मनीष वर्मा ने बताया कि लीगल सैल के राज्य चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल व उनकी कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने के बाद कांग्रेस लीगल सैल की प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें एडवोकेट केसी भाटिया को राज्य चेयरमैन नियुक्त किया गया है। चेयरमैन बनने के बाद केसी भाटिया ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान से विचार विमर्श कर 31 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है तथा 16 जिलों के चेयरमैन नियुक्त किए हैं। मनीष वर्मा ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा तथा लीगल सैल के राज्य चेयरमैन एडवोकेट केसी भाटिया, पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व संसदीय सचिव शारदा राठौर, विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक रघुवीर तेवतिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लखन सिंगला, पूर्व विधायक ललित नागर, वरिष्ठ नेता जेपी नागर का आभार व्यक्त किया है।

ढिलाई बरतने वालों पर होगी कार्रवाई: राजेश

- तिगांव के विधायक ने पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के अधिकारियों एवं ठेकेदारों संग की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पीडब्ल्यूडी बीएंडआर अधिकारियों एवं ठेकेदारों की बैठक लेते तिगांव के विधायक।

भाजपा विधायक राजेश नागर ने सोमवार को अपने निवास पर पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के अधिकारियों एवं ठेकेदारों की बैठक ली। उन्होंने विकास कार्यों में किसी प्रकार की ढील न देने की चेतावनी दी। नागर ने कहा कि चल रहे कार्यों की गति बढ़ाएं और प्रस्तावित कार्यों के टेंडर कर उन्हें शुरू करें।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं विधानसभा स्तर पर विकास कार्यों की रिपोर्ट ले रहे हैं। ऐसे में कहीं ऐसा न हो कि किसी के निकम्मेपन की मुझे शिकायत करनी पड़े और उसे कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से विकास कार्यों को करने के किसी प्रकार की ढिलाई नहीं है तो आप लोगों के स्तर पर होने वाली किसी भी कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नागर ने कहा कि मंझावली पुल में आ रही देरी को तुरंत प्रभाव से दूर करें। यह पुल हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसके बन जाने से फरीदाबाद और नोएडा जेवर एयरपोर्ट आदि की दूरी एकदम से घट जाएगी। अब मैं इसकी दैनिक आधार पर समीक्षा करूंगा। इसके अलावा तिगांव फोर लेन और तिगांव बल्लभगढ़ कंक्रीट रोड के निर्माण कार्य को गति दें।

नियमों की अनदेखी करने वालों पर मानेसर नगर निगम की सख्ती

गुरुग्राम। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 के नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ नगर निगम मानेसर ने सख्त कदम उठाये हैं। बल्क वेस्ट जनरेटर्स (बीडब्ल्यूजी) और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के गंदा पानी का नियमानुसार शोधन न करने वाली सोसाइटियों का नगर निगम की ओर से चालान किया गया।

स्वच्छता शाखा ने नगर निगम के अधीन आने वाली सोसाइटियों का निरीक्षण किया।

इस दौरान स्वच्छता अधिकारी महावीर सिंह सोढ़ी की टीम ने सोमवार को सेक्टर-95 स्थित सिग्नेचर रोजेलिया सोसाइटी का बीडब्ल्यूजी का एक लाख 20 हजार रुपये का चालान करते हुए सोसाइटी मैनेजमेंट को हिदायत दी की वे कूड़े का ठीक प्रकार से निस्तारण करें।

समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

समस्याओं को लेकर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

बल्लभगढ़ क्षेत्र में फैली गंदगी, जलभराव, दूषित पेयजल व्यवस्था व आवारा पशुओं आदि समस्याओं को लेकर कांग्रेसी नेता गिरिश भारद्वाज के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने सोमवार को बल्लभगढ़ नगर निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि अगर शहर की समस्याओं को जल्द दूर नहीं किया गया तो यह धरना प्रदर्शन बड़ा रूप ले सकता है।

इस मौके पर मीडिया से रूबरू होते हुए कांग्रेस नेता गिरीश भारद्वाज ने कहा कि शहर की बदहाल व्यवस्था को लेकर आज हम सभी धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। ये कोई चुनावी मुद्दा नहीं है। साफ स्वच्छ बल्लभगढ़ हमारा अधिकार है लेकिन आज पूरा बल्लभगढ़ कूड़े-गंदगी के ढेर पर बैठा है, बावजूद इसके एमसीएफ के अधिकारियों को इसकी तनिक भी चिंता नहीं है। पिछले 6-7 महीने से सवीरेज ब्लॉक होने के कारण आर्य नगर में जल भराव हो रहा है कॉलोनीवासियों के घरों में गंदा पानी जा रहा है गलियों में चलना दुर्भर हो गया ये तो सिर्फ एक कॉलोनी के बारे में बताया है।

राष्ट्र के विकास में योगदान है भारत विकास परिषद का ध्येय : अमित गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारत विकास परिषद शहीद भगत सिंह की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व सदस्यगण।

भारत विकास परिषद की शहीद भगत सिंह शाखा गुरुग्राम की मीटिंग सेक्टर-15 पार्ट-2 के आनन्द विला गैस्ट हाउस में अमित गोयल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधिवत पूजा अर्चना के बाद शाखा संरक्षक आर.के. अग्रवाल ने इस परिषद की स्थापना, उद्देश्य, कार्यप्रणाली व समाज उत्थान तथा राष्ट्र निर्माण में इसकी गतिविधियों व योगदान के बारे में विस्तार से बताया।

संरक्षक डा. मनदीप किशोर गोयल व महेन्द्र अग्रवाल व्यस्तता के कारण मीटिंग में नहीं आ पाए। अमित गोयल ने इस शाखा के संस्कार, सेवा, सम्पर्क तथा पर्यावरण के निमित्त उपाध्यक्षों के दायित्व के बारे में विस्तार से बताया। साथ हर आशा व्यक्त की कि इनके अधिकारी अनिल कुमार जैन, डा. हनीश बजाज, देवेन्द्र जिंदल तथा डा. अश्वनी वशिष्ठ अपनी जिम्मेदारियां पूरी लगन व श्रद्धापूर्वक निभाएंगे।

खत्तों को बंद करने के साथ-साथ वहां पौधरोपण भी कर रहा गुरुग्राम नगर निगम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में स्वीप अभियान के तहत सफाई करते नगर निगम के कर्मचारी।

हरियाणा सरकार द्वारा गुरुग्राम में लागू ठोस कचरा पर्यावरण आवश्यकता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत चल रहा विशेष स्वच्छता अभियान युद्ध स्तर पर लगातार जारी है।

नगर निगम निगम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पड़े सीएंडडी वेस्ट का उठान भी तेज गति से जारी है। राष्ट्रीय राजमार्ग व सेक्टर-29 सहित अन्य क्षेत्रों में पड़े सीएंडडी वेस्ट को उठाकर बसई स्थित सीएंडडी वेस्ट निष्पादन प्लांट में भिजवाया जा रहा है। खास बात यह है कि जिन खत्तों से कूड़ा उठाकर उन्हें बंद किया जा रहा है, वहां पर नगर निगम की ओर से पौधारोपण भी किया जा रहा है। विशेष स्वच्छता अभियान के तहत खत्तों अर्थात सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंटों से कूड़ा उठाकर उन्हें कवर करने तथा आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण करने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत खांडसा स्थित सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंट के आसपास पौधारोपण करके प्वाइंट को कवर करने का कार्य तेज गति से जारी है। विशेष बात यह है कि इस सेकेंडरी प्वाइंट से लीगेसी कचरे को उठाया जा चुका है तथा अब रोजाना आने वाले कचरे का उसी दिन उठान सुनिश्चित किया जा रहा है।

गुरुग्राम को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा, मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा जारी निर्देशों की पालना में जारी विशेष सफाई अभियान की निगरानी अधिकारी लगातार कर रहे हैं। गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढ़ान, उपायुक्त निशांत कुमार यादव, निगमायुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ लगातार अभियान की प्रगति की समीक्षा करने के साथ ही मौका निरीक्षण भी कर रहे हैं। अभियान के तहत वार्ड इंचार्ज बनाए गए एचसीएस अधिकारी भी नियमित दौरा करके मैनपावर, मशीनरी तथा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहनों की जांच कर रहे हैं। स्वच्छता टीमों ने निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से कूड़ा उठाने के साथ ही पर्याप्त सफाई सुनिश्चित की। इसके साथ ही कई स्थानों पर बने गारबेज वर्नेबल प्वाइंटों को साफ करके चूना डालकर वहां पर गारबेज ट्रॉली खड़ी की गई है।

किडनी-लिवर मुफ्त ट्रांसप्लांट करा सकेंगे रोगी

मुख्यमंत्री ने पीएमजेएवाई-एबी योजना के तहत 3 लाख रुपये के विशेष फिक्स्ड पैकेज को भी दी मंजूरी

● एमएमएमआईवाई के तहत पात्र लोगों को मिलेगी 3 लाख तक के प्रत्यारोपण की सुविधा

शिखा शर्मा। चंडीगढ़

स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नायाब फैसला लिया है। मुख्यमंत्री मुफ्त इलाज योजना (एमएमएमआईवाई) के तहत पात्र रोगियों को 3 लाख रुपये तक की मुफ्त किडनी और लिवर ट्रांसप्लांट सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस परिवर्तनकारी कदम के अलावा, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना - आयुष्मान भारत (पीएमजेएवाई-एबी) योजना के तहत 3 लाख रुपये के विशेष फिक्स्ड किडनी और लिवर ट्रांसप्लांट पैकेज के निर्माण को भी मंजूरी दी है।

वर्तमान सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और रोगी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस नई पहल के साथ, चिन्हित मरीज़ पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रोहतक में बिना किसी खर्च की चिंता के गंभीर किडनी और लिवर प्रत्यारोपण करवा सकेंगे। इन महत्वपूर्ण निर्णयों का उद्देश्य उन लोगों को जीवन रक्षक चिकित्सा उपचार प्रदान करना है, जिन्हें इसकी सख्त ज़रूरत है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय बाधाओं के कारण किसी को भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवा से वंचित न होना पड़े।

स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता ने बताया कि पहले, एमएमएमआईवाई के तहत किडनी या लिवर प्रत्यारोपण से संबंधित खर्चों को कवर करने का कोई प्रावधान नहीं था। जिसके कारण जरुरतमंद रोगियों को उपचार के लिए दुर्गम बाधाओं का सामना करना पड़ता था। पहली बार किसी सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान में इस सुविधा की शुरुआत होना इस अंतर को पाटने और समाज के सबसे कमज़ोर वर्गों को व्यापक देखभाल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता, हो रहा निरंतर सुधारः डॉ. गुप्ता ने हरियाणा भर में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की अटूट प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि यह पहल सभी रोगियों, विशेषकर जरूरतमंदों को किफायती और सुलभ उपचार उपलब्ध कराने की हमारी प्राथमिकता को दर्शाती है। स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर सुधार और सेवाओं के दायरे का विस्तार करके, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नागरिक को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल तक पहुंच प्राप्त हो।

आईसीयू इकाइयों के सुदृढ़ीकरण के लिए 44.1 करोड़ स्वीकृत

मुख्यमंत्री ने बाल चिकित्सा देखभाल को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य भर के विभिन्न जिला अस्पतालों में पहले से स्थापित 12-बेड वाले बाल चिकित्सा एचडीयू/आईसीयू इकाइयों के और अधिक सुदृढ़ीकरण के लिए प्रति वर्ष 44.1 करोड़ रुपये के आवंटन को स्वीकृति प्रदान की है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने बताया कि ये 12-बेड वाली बाल चिकित्सा एचडीयू/आईसीयू इकाइयां शुरुआत में आपातकालीन कोविड प्रतिक्रिया पैकेज चरण- (ईसीआरपी-) के तहत स्थापित की गई थीं। उन्होंने बताया कि 44.1 करोड़ रुपये में से 38.8 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष आवश्यक चिकित्सा कर्मियों, जिनमें 21 इंटेंसिविस्ट, 105 ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (आईसीयू में प्रशिक्षित), 420 आईसीयू प्रशिक्षित स्टाफ नर्स/नर्सिंग सिस्टर, 105 ओटी/एनेस्थीसिया तकनीशियन और 21 काउंसलर शामिल हैं, की नियुक्ति के लिए उपयोग किए जाएंगे ताकि इन बाल चिकित्सा एचडीयू/आईसीयू इकाइयों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्यबल की भर्ती वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से की जाएगी, जिसका विज्ञापन स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की वेबसाइट और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) पोर्टल पर दिया जाएगा। डीजीएचएस की अध्यक्षता वाली एक समिति भर्ती प्रक्रिया की देखरेख करेगी। इसके अलावा, हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) के माध्यम से सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी, जिसका अनुमानित वार्षिक व्यय 5.3 करोड़ रुपये होगा।

डीजीएचएस कार्यालय के भीतर बनेगा अलग प्रकोष्ठ

डॉ. कमल गुप्ता ने बताया कि आईसीयू के संचालन के लिए नियोजित जनशक्ति से संबंधित रिकॉर्ड बनाए रखने और अन्य सेवा-संबंधी मामलों का प्रबंधन करने के लिए डीजीएचएस कार्यालय के भीतर एक अलग प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। डॉ. गुप्ता ने कहा कि राज्य भर के सरकारी अस्पतालों में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार की स्वास्थ्य सुविधाओं के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए निरंतर प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए पर्याप्त मैनपावर सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है।

कांग्रेस नेता के भाई की गोली मारकर हत्या, परिजनों का हंगामा

दयाराम वशिष्ट। फरीदाबाद

डबुआ स्थित मस्जिद चौक पर रविवार देर रात बदमाशों ने कांग्रेस नेता के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। कार से आए 4 बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने युवक के सीने में गोली मारी और फरार हो गए। युवक क्षेत्र का युवा नेता था और पहले पार्षद का चुनाव भी लड़ चुका है। मौके पर डबुआ थाना पुलिस व आला अधिकारी पहुंचे। उधर, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव लेने से इन्कार कर दिया। उनकी मांग थी कि पहले आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। पुलिस के समझाने पर परिजनों ने शव लेकर अंतिम संस्कार किया।

पुलिस के मुताबिक डबुआ थाना क्षेत्र के नवादा कोह निवासी कांग्रेसी नेता ज्योतेंद्र भड़ाना उर्फ रिंकू दो भाई और दो बहन हैं। ज्योतेंद्र भड़ाना ने बताया कि कुनाल भड़ाना (32) उनका छोटा भाई था। रविवार देर रात एक युवक ने उन्हें फोन कर बताया कि कुनाल के साथ सेक्टर-48 निवासी विजय और बिल्लू अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर रहे हैं। जैसे ही वह मौके पर पहुंचे, वहां देखा कि बिल्लू ने कुनाल का हाथ पकड़ा था और विजय ने जेब से पिस्तौल निकालकर कुनाल की छाती पर गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी कार में बैठकर फरार हो गए। कुनाल को तुरंत निजी निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दो नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव लेने से किया इन्कारः सोमवार को कुनाल के शव का बीके नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। परिवार के राजनीतिक रसूख को देखते हुए भारी संख्या में भीड़ जमा थी। मौके पर भाजपा के पूर्व विधायक नागेंद्र भड़ाना, सांसद प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह के बड़े बेटे विवेक समेत अन्य नेता मौजूद रहे। वारदात से गुस्साए लोगों में पुलिस कार्रवाई को लेकर काफी नाराजगी थी। किसी अप्रिय घटना की आशंका में भारी संख्या में पुलिस तैनात रही।

पार्षद का चुनाव लड़ चुका है मृतकः कुनाल की दो वर्ष पहले शादी हुई थी। उसका एक साल का बेटा है। वह पार्षद का चुनाव लड़ चुका था। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुनाल कुछ वर्ष पहले निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में निगम पार्षद का चुनाव लड़ चुका था, जिसमें वह काफी कम वोटों से चुनाव हारा था।

रुपयों के लेनदेन को लेकर हुई वारदात

बताया जाता है कि आरोपियों ने पैसे उधार लिए थे, जिन्हें मांगने पर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। सूत्रों के अनुसार आरोपी विजय और बिल्लू ने कुनाल से कुछ रकम उधार ली थी। जब कुनाल ने पैसे वापस मांगे तो दोनों टालते रहे। काफी दिन बीतने के बाद भी पैसे न देने पर कुनाल की दोनों से एक बार बहस भी हो गई थी। मौका मिलते ही आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, इस मामले में कुनाल के भाई ज्योतेंद्र का कहना है कि कुनाल के एक जानकार के साथ आरोपियों ने मारपीट की थी। कुनाल दोनों के बीच समझौता कराने का प्रयास कर रहा था। आशंका है कि उस बात को लेकर आरोपियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।

केयू आईआईएचएस के बीएससी फिजिकल साइंस में दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा सोमवार को बीएससी फिजिकल साइंस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर उपलब्ध बीएससी फिजिकल साइंस की मेरिट सूची के अनुसार क्रम संख्या 1 से लेकर 250 तक के अभ्यर्थियों को 2 जुलाई को कमरा संख्या 26 में फिजिकल काउंसलिंग हेतु अपने संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग में रिपोर्ट करने का समय 8 बजकर 30 मिनट है। वहीं 3 जुलाई मेरिट सूची के अनुसार क्रम संख्या 251 से लेकर 340 तक के अभ्यर्थियों को कमरा संख्या 26 में उपस्थित होकर दाखिले के लिए फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेना होगा।

लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने खरगा कोर के नए जीओसीइनसी का पदभार संभाला

चंडीगढ़। लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने खरगा कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में पदभार संभाला। वे एक बख्तरबंद कोर अधिकारी हैं, जिन्हें ऑपरेशनल और नॉन ऑपरेशनल दोनों क्षेत्रों में कमांड, स्टाफ और इंस्ट्रक्शनल नियुक्तियों में व्यापक अनुभव है। खरगा कोर से पहले, जनरल ऑफिसर ने एक ऑपरेशनल एरिया में एक बख्तरबंद रेजिमेंट, एक रणनीतिक स्वतंत्र बख्तरबंद ब्रिगेड और देश के पश्चिमी क्षेत्र में एक इन्फैंट्री डिवीजन की कमान भी संभाली है। अपने 35 वर्षों से अधिक के सैन्य करियर में, उन्हें भारतीय सैन्य प्रशिक्षण दल, भूटान और रक्षा और सैन्य क्षेत्रों में सक्रिय रहे , भारतीय दूतावास, मास्को में आर्मेनिया और बेलारूस से मान्यता के साथ सेवा करने का भी गौरव प्राप्त है।

हाईकोर्ट को स्थानीय कानूनों की कॉपी मुहैया कराएगी सरकार

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने सभी विभागाध्यक्षों को राज्य के स्थानीय कानूनों की अंग्रेजी तथा संबंधित स्थानीय भाषा में सॉफ्ट कॉपी यानी राज्य अधिनियमों तथा अधीनस्थ विधानों (उनके अधीन बनाए गए नियमों) का अद्यतन संस्करण, जिसमें सभी संशोधनों को शामिल किया गया हो, पीडीएफ प्रारूप में एकल फाइल के रूप में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को सीधे उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

30 सितंबर तक पहले सत्यापन के बिना होगी नियुक्ति

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने निर्णय लिया है कि 30 सितंबर तक हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग और हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा किसी भी पद पर नियुक्ति के संबंध में अनुशंसित सभी उम्मीदवारों को उनके चरित्र, पूर्ववृत्त और नियुक्ति के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों के पूर्व सत्यापन के बिना अंतरिम आधार पर नियुक्त किया जा सकता है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा इस आशय का एक पत्र जारी किया गया है।

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that **Pawan Kumar Gupta** claims to be owner and in possession of **Third Floor of Prop. No 19, in Gujrat CHBS Ltd, known as Gujarat Vihar, Vikas Marg, illaqa Shahdara, Delhi-92 (hereinafter called the said property)** by virtue of Sale Deed executed by Corporation Bank Doc. No. 7327, dated 13.12.2018 & said **Pawan Kumar Gupta** has agreed to sell the said Property to **Chander Shekhar** & Said **Chander Shekhar** has agreed to create a mortgage in favour of our clients, **Axis Bank Limited, Axis House Sector 128 , Noida U.P.** All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **10 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

Vishal Diwan (Advocate)
For Diwan and Company LLP
H. No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi-19
Mobile No. 9818399999

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, M P Krishna Das Nair S/o K P Ramadas Nair R/o House No D-4/5, Sai Mandir, Sector-71 Noida, Gautam Budh Nagar, UP-201301 declare that name of mine and my father mentioned incorrectly as Krishna Das Nair & Ram Das Nair in my Driving license UP1620060831367. Correct names are M P Krishna Das Nair & K P Ramadas Nair, amend accordingly.

PD(565)A

I, Jitender S/o Harsh Bahadur Singh R/o F-23 Hari Nagar Part 2 Near Hari Nagar Extn Badarpur New Delhi 110044 have changed my name Jitender to Jitendra Bahadur Singh for all future purposes.

PD/566/C

PUBLIC NOTICE

General Public is hereby informed that my client Smt. Babli and her husband Sh. Rajpal S/o Sh Chola Ram R/o H.No WS-51, Sudama Puri, Babar Pur, Delhi-110032 have served all their relations with their Younger son namely Ritik and his wife Sanjana due to their quarrelsome and misbehaved nature. My above named client have also disowned and debarred both of them from all their movable and immovable properties. Anybody dealing with them will do so at his/her/ their own risk and responsibilities and my client will not be responsible for any act, deed or dealing done by both of them.

DEEPAK SEHGAL (Advocate)

PUBLIC NOTICE

General Public at large is informed that my client Smt. Baljeet Kaur W/o Sh. Amandeep Singh R/o H. NO. 72 L- Type, U/G/F, Kh. No.33/11, Gurunanak Vihar, Nilothi Extension, Delhi-110041 has severed all her relations with her son, namely Sh. Harpreet Singh S/o Sh. Amandeep Singh. My client has disowned / disinherited her son, Sh. Harpreet Singh and his all legal heirs, successors, attorney from all there moveable and immovable properties with immediate effect. As my client son, Sh. Harpreet Singh is not under the control of my client and he does not listen to her at all. Henceforth, if anyone dealing with my client son he/she shall be doing so at his/her own risks and consequences. And, my client shall not be responsible for any act of her son in any manner.

Karan Singh, Advocate, Ch. No. 813, Dwarka Court, Sec-10, Dwarka, New Delhi-75, M.: 9560572128

PUBLIC NOTICE

General public is hereby informed that We **(1) MR. ARUN GOSWAMI** son of Late Shri Joga Binode Goswami, resident of G-1347, Ground Floor, Chittaranjan Park, New Delhi-110019, **(2) MR. KAMAL GOSWAMI** son of Late Shri J. B. Goswami, resident of D57/49 D, Maulvi Bagh, Soniya Road, Varanasi, Uttar Pradesh-221010 and **(3) MRS. SHARMILA GOSWAMI** wife of Shri Kumar Amarendra Narayan Singh, resident of G-1347, Chittaranjan Park, New Delhi-110019 are filing a application in L&DO for substitution / mutation of the property no. **G-1347, Chittaranjan Park, New Delhi-110019** in the name of **(1) MR. ARUN GOSWAMI, (2) MR. KAMAL GOSWAMI and (3) MRS. SHARMILA GOSWAMI**, on the grounds of Death Certificate of Mrs. Kalyani Goswami, bearing No. MCDOLR08035690 dated 15.05.2008 duly recorded in the records of Municipal Corporation of Delhi and Surviving Member Certificate bearing No. 90660000157331, dated 03.09.2022, issued by Office of District Magistrate, Kalkaji. If there are any objections/ claims from the general public on this application, the same shall be communicated to L&DO with supporting documents through registered post or by visiting L&DO at Nirman Bhawan, New Delhi or through an email at ldo@nic.in, within 30 days of publication of this notice.

Name: **MR. ARUN GOSWAMI**
Address: G-1347, Ground Floor, Chittaranjan Park, New Delhi-110019. Phone: +91 8586858558

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि अजनारा इंडिया लिमिटेड ने टावर-जी, प्रोजेक्ट- ' अजनारा पैनोरमा', प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर-22ए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA) में फ्लैट नंबर जी-507 को (1) श्री राकेश जैन पुत्र पारस दास जैन निवासी बी-134 कृपाल अपार्टमेंट, आईपी एक्सटेंशन पटपड़गंज पूर्वी दिल्ली को आवंटन पत्र दिनांक 16.05.2014 के तहत आवंटित किया था। श्री ऋषभ जैन (पुत्र) ने नीचे उल्लिखित कंपनी को सूचित किया है कि उनके पिता श्री राकेश जैन की मृत्यु 29.10.2022 को हो गई है। श्री ऋषभ जैन (पुत्र), श्री प्रयाग जैन (पुत्र) और श्रीमती मंजू जैन (पत्नी) मृतक आवंटी के कानूनी उत्तराधिकारी हैं और उनके अलावा कोई अन्य उत्तराधिकारी नहीं है और उन्हें फ्लैट को प्राथमिक आवेदक के रूप में श्री ऋषभ जैन और द्वितीयक आवेदक के रूप में श्री प्रयाग जैन के नाम पर स्थानांतरित करने में कोई आपत्ति नहीं है। इस संबंध में श्री ऋषभ जैन ने शपथ पत्र के माध्यम से निवेदन किया है कि उपरोक्त फ्लैट का आवंटन पत्र /विक्रय विलेख श्री ऋषभ जैन को प्राथमिक आवेदक तथा श्री प्रयाग जैन को द्वितीयक आवेदक के रूप में पंजीकृत कर निष्पादित कर दिया जाए। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे के मध्य नीचे उल्लिखित कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रमाण पत्रों एवं साक्ष्यों के आधार पर लिखित रूप में अपनी आपत्ति दर्ज कराए, अन्यथा यह समझा जाएगा कि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है तथा उपरोक्त फ्लैट का आवंटन पत्र/विक्रय विलेख श्री ऋषभ जैन को प्राथमिक आवेदक तथा श्री प्रयाग जैन को द्वितीयक आवेदक के रूप में पंजीकृत कर दिया जाएगा।

द्वारा
एम. एस. अजनारा इंडिया लिमिटेड
कार्यालय संख्या 208, दूसरी मंजिल, प्लॉट संख्या 20, परमेश बिजनेस टावर्स, कड़कड़डोमा सामुदायिक केंद्र, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110092

सार्वजनिक सूचना

मेरी मुवक्किल श्रीमती रामवती पत्नी श्री स्वर्गीय श्री सुधीर, गांव हजरतपुर वाजिदपुर नोएडा, परगना और तहसील दादरी, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित एक आवासीय निर्मित मकान, क्षेत्रफल 300 वर्ग गज यानी 250.83 वर्ग मीटर, आच्छादित क्षेत्रफल 250.83 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 214/1 में से, के मालिक हैं, पंजीकृत उपहार विलेख दिनांक 28.03.2024 के माध्यम से, जो श्री प्रमोद पुत्र स्वर्गीय श्री सुधीर द्वारा श्रीमती रामवती पत्नी श्री स्वर्गीय श्री सुधीर के पक्ष में निष्पादित पंजीकरण संख्या 2844 SR-नोएडा उत्तर प्रदेश में है। उपरोक्त संपत्ति को फेड बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के पास गिरवी होने जा रही है। यदि किसी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्थान के पास उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा/अधिकार, ग्रहणाधिकार, कोई आपत्ति है, तो उसे अधोहस्ताक्षरी/अधिवक्ता विशाल मेहन, ई-713, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली-110092 को इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिनों के भीतर पंजीकृत पते के तहत दस्तावेजी साक्ष्य के साथ सूचित किया जाना चाहिए। ऐसा न करने पर किसी भी दावे, ग्रहणाधिकार या आपत्ति को माफ कर दिया गया माना जाएगा। **विशाल मेहन, अधिवक्ता ई-713, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली-110092, मोबाइल नंबर 9811215181**

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल (1) श्री आकाश शर्मा (2) श्री हेमंत शर्मा पुत्र श्री रति राम शर्मा, गांव चौरा रघुनाथपुर तहसील दादरी जिला गौतम बुद्ध नगर, में स्थित प्लॉट खसरा नंबर 179 में से, का मालिक हैं, पंजीकृत उपहार विलेख दिनांक 02.05.2024 के माध्यम से, जो श्री रति राम शर्मा पुत्र श्री गंगा राम शर्मा द्वारा (1) श्री आकाश शर्मा (2) श्री हेमंत शर्मा पुत्र श्री रति राम शर्मा के पक्ष में निष्पादित पंजीकरण संख्या 2900 SR-III नोएडा उत्तर प्रदेश में है। उपरोक्त संपत्ति को फेड बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के पास गिरवी होने जा रही है। यदि किसी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्थान के पास उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा/अधिकार, ग्रहणाधिकार, कोई आपत्ति है, तो उसे अधोहस्ताक्षरी/अधिवक्ता विशाल मेहन, ई-713, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली-110092 को इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिनों के भीतर पंजीकृत पते के तहत दस्तावेजी साक्ष्य के साथ सूचित किया जाना चाहिए। ऐसा न करने पर किसी भी दावे, ग्रहणाधिकार या आपत्ति को माफ कर दिया गया माना जाएगा। **विशाल मेहन, अधिवक्ता ई-713, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली-110092, मोबाइल नंबर 9811215181**

INDIA RESURGENCE ARC PRIVATE LIMITED

POSSESSION NOTICE [(APPENDIX IV) RULE 8(3)]

Whereas the undersigned being the Authorized officer of M/s India Resurgence ARC Private Limited (IARC), an Asset Reconstruction Company (registered with Reserve Bank of India) having its Registered Office at: 3rd Floor, Unit No. 304, Piramal Tower, Peninsula Corporate Park, Lower Parel, Mumbai-400013 under the provision of the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 (54 OF 2002) (hereinafter referred to as "IARC") and in exercise of the powers conferred under Section 13(12) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rule, 2002 issued a Demand Notice dated 10.06.2020 calling upon,

1. ABHINAV SALES, THE PROPRIETORSHIP FIRM THROUGH ITS PROPRIETOR ABHINAV SINGHVI A 26 KASTURBA NAGAR NIRMAN NAGAR AJMER ROAD JAIPUR JAIPUR RAJASTHAN-302019. **2. ABHINAV SINGHVI,** 26 A KASTURBA NAGAR NIRMAN NAGAR JAIPUR JAIPUR RAJASTHAN-302019. **ALSO AT -** P NO 6 HILL VIW FARM HOUSE YOJANA GRAM PAHARIYA RANWAL TEHSIL PHAGI JAIPUR JAIPUR RAJASTHAN. **3. NIRMALA SINGHVI, W/O ASHOK KUMAR JAIN** 39 A GAUTAM MARG SHIV SHAKTI NAGAR NIRMAN NAGAR JAIPUR JAIPUR RAJASTHAN-302019. **ALSO AT,** P NO 6 HILL VIW FARM HOUSE YOJANA GRAM PAHARIYA RANWAL TEHSIL PHAGI JAIPUR JAIPUR RAJASTHAN. **4. TIRUPATI MULTITRADE PRIVATE LTD,** 153 KASTURBA NAGAR NIRMAN NAGAR JAIPUR JAIPUR RAJASTHAN-302019. **ALSO AT -** P NO 6 HILL VIW FARM HOUSE YOJANA GRAM PAHARIYA RANWAL TEHSIL PHAGI JAIPUR JAIPUR RAJASTHAN. **5. ASHOK KUMAR JAIN S/O BILAM CHAND JAIN, 6. ANUJ SINGHVI, DIRECTOR OF TIRUPATI MULTITRADE PRIVATE LTD S/O ASHOK KUMAR JAIN, Both at -** 39 A GAUTAM MARG SHIV SHAKTI NAGAR NIRMAN NAGAR JAIPUR JAIPUR RAJASTHAN-302019. **ALSO AT -** P NO 6 HILL VIW FARM HOUSE YOJANA GRAM PAHARIYA RANWAL TEHSIL PHAGI JAIPUR JAIPUR RAJASTHAN

To repay the amount mentioned in the notice being **Rs. 82,09,930.28/- (Rupees Eighty Two Lakhs Nine Thousand Nine Hundred Thirty & Paise Twenty Eight Only)** along with interest from 20-05.2020, within 60 days from the date of receipt of the said notice vide loan application ID 639742 & 629238.

The borrower having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and the public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him under sub-section (4) of section 13 of Act read with, rule 8 of the Security Interest Enforcement) Rules, 2002 on this the **26th day of June, 2024.**

The borrower in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of "IRARC" for an amount **Rs. 82,09,930.28/- (Rupees Eighty Two Lakhs Nine Thousand Nine Hundred Thirty & Paise Twenty Eight Only)** and interest other charges thereon 20-05.2020.

The attention of borrower is invited to provisions of sub-section (8) of Section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured asset.

SCHEDULE OF PROPERTY:

ALL THAT PIECE AND PARCEL OF P NO 6, HILL VIW FARM HOUSE YOJANA, GRAM PAHARIYA, RANWAL TEHSIL- PHAGI, DISTRICT JAIPUR, RAJASTHAN, ADMEASURING 2996.66 SQUARE YARDS. BOUNDARIES AS FOLLOWS :- NORTH: PUBLIC ROAD, SOUTH: OTHER LAND, EAST: PLOT NO. 5, WEST: CLUB".

Date - 26.06.2023, PLACE - Ranwal **Sd/- Authorized Officer, India Resurgence ARC Pvt Ltd**

एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")
CIN : U65993DL2002PLC115769
पंजीकृत कार्यालयः 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
कॉर्पोरेट कार्यालयः यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड (CIN:U65993DL2002PLC115769) प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **मनिंदर पाल सिंह और भारती** को **27.03.2024** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLDUB00206151** की राशि **रू. 50,54,734.22 (रूपये पचास लाख चौवन हजार सात सौ चौंतीस और बाईस पैसे मात्र)** और **07.03.2024** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **27.06.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।
विशेषतः कर्जदारों और सामान्यतः जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 50,54,734.22 (रूपये पचास लाख चौवन हजार सात सौ चौंतीस और बाईस पैसे मात्र) 07.03.2024** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड** के आधीन होगा।
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण
यूनिट नं. 1903, जिसका सुपर क्षेत्र 1020 स्क्वे. फीट, टावर/ब्लॉक-ए 1, उन्नीसवीं मंजिल, एक कवर्ड कार पार्किंग के साथ, रोमानो नामक परियोजना में, सेक्टर-118/जीएचपी में स्थित, गौतम बुद्ध नगर-201301, उत्तर प्रदेश।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 27.06.2024 **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.**
स्थान : गौतम बुद्ध नगर **(102- ट्रस्ट)**

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **रशीद और समीउद्दीन अंसारी** को **15.09.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLNOI00273771** की राशि **रू. 19,13,759.84 (रूपये उन्नीस लाख तेरह हजार सात सौ उनसठ और चौरासी पैसे मात्र)** और **10.09.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन

टी20 विश्व कप

भारत की विजय

टी20 विश्व कप में 13 साल बाद भारत की विजय ने दृढ़ता, शानदार क्षमता तथा प्रतिबद्धता का इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने फिर कर दिखाया। इसने एक बार फिर टी 20 विश्व कप जीत कर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। इस प्रकार उसने 2011 में आखिरी बार विश्व कप जीतने के बाद 13 साल की प्रतीक्षा समाप्त कर दी। किसी अन्य विजय की तरह यह आसानी से नहीं मिली है। इस विजय के लिए खिलाड़ियों के कठोर परिश्रम व उनकी प्रतिबद्धता के साथ ही कोच और सहायक कर्मचारियों के प्रयासों की प्रशंसा की जानी चाहिए। शानदार विजय की यह यात्रा अनेक उतार-चढ़ावों से भरी थी जिसमें परीक्षा, पीड़ा और आनन्द के क्षण शामिल थे। इस विजय से भारत के करोड़ों क्रिकेट प्रशंसक आनन्दित हुए हैं जो भयानक गर्मी के कारण असहाय कष्टों का सामना कर रहे थे। आखिरकार मानसूनी बरसात और विजय की 'ठंडी हवा' ने लंबे समय बाद आनन्द का अवसर दिया है। वास्तव में इस ऐतिहासिक विजय का मार्ग आसान नहीं था। फाइनल मैच भी कठिन प्रयासों का प्रमाण बना क्योंकि टीम इंडिया 15वें ओवर तक भारी दबाव में थी, जब डेटा विश्लेषणों ने बता दिया था कि भारत की मैच जीतने की संभावना केवल आठ प्रतिशत है। टी 20 विश्व कप के लिए भारत का अभियान शानदार विजयों तथा कांटे की टक्करों का अवसर रहा है। शानदार कैप्टेन रोहित शर्मा को शोएब अख्तर ने 'निस्वार्थ कैप्टेन' कहा था। शर्मा के नेतृत्व में भारत ने अनुभवी खिलाड़ियों तथा युवा प्रतिभाशालियों की टीम बनाई जिसमें संतुलन और क्षमता का मेल था। भारत का अपने विरोधियों पर प्रभुत्व बनाने तथा अनेक विजयों में इस टीम का महत्व सामने आया। धुर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार था और अंतत: भारत वह मैच जीतने में सफल हुआ।

मैच में गेंदबाजों ने शानदार आक्रामक क्षमता तथा बेहतरीन स्पिनिंग दिखाई। इसके कारण विपक्षी टीमों को गतिशीलता प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। अनेक खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपनी असाधारण क्षमता का प्रदर्शन किया। कैप्टेन रोहित शर्मा का नेतृत्व बहुत शानदार रहा। उन्होंने अपनी रणनीतिक प्रतिभा तथा टीम को प्रेरित करने की क्षमता के माध्यम से भारत को सफलता दिलाने में प्रमुख भूमिका अदा की। गेंदबाजों का नेतृत्व वरिष्ठ गेंदबाज जसप्रीत बूमरा ने बहुत शानदार तरीके से किया। उनमें गेंद को दोनों ओर से स्विंग कराने की क्षमता है जिसके चलते उन्होंने उस समय महत्वपूर्ण विकेट लिए जब भारत को इसकी बहुत आवश्यकता थी। उनका ओवर मैच का परिवर्तनकारी अवसर बन गया। टी 20 विश्व कप जीतने में भारत की दक्षिण अफ्रीका पर हुई शानदार विजय पर आनन्द मनाया जा रहा है, पर यह क्षण इसलिए दु:खद भी है क्योंकि भारतीय क्रिकेट के दो कद्दावर खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टी 20 इंटरनेशनल के बाद अपने संन्यास की घोषणा कर दी है। इस विजय ने अनेक लोगों में उत्साह भर दिया है जिन्होंने सड़कों पर अपनी शैली में आनन्द मनाया, पटाखे दगाए तथा तिरंगा लहराया। यह विजय न केवल क्रिकेट में सफलता, बल्कि समग्र राष्ट्रीय गर्व का विषय है। इस प्रकार देश आनन्द और उत्सव में एकजुट हुआ है। यह कठोर परिश्रम, दृढ़ता, अदम्य जीवन की इच्छा तथा राष्ट्रीय प्रतिबद्धता से प्रेरित है। 13 साल बार भारत की टी 20 विश्व कप विजय शानदार प्रदर्शन, दृढ़ता एवं प्रतिबद्धता की कथा है। अनेक पीढ़ियां यह क्षण याद रखेंगी और वे क्रिकेट के उस जादू से प्रभावित होंगे जो लाखों लोगों के दिल में रहता है। उम्मीद है कि भारत अपना यह प्रदर्शन दुहराता रहेगा।

नेता विपक्ष के समक्ष चुनौतियां

नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी के समक्ष विपक्षी एकता बनाए रखने तथा संसद में भाजपा के प्रभाव का मुकाबला करने की चुनौतियां सामने हैं।

के.एस. तोमर
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

राहुल गांधी ने संसद में नए विपक्षी नेता बनने का कांग्रेस कार्यसमिति-सीडब्लूसी का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इसका दुहरा उद्देश्य हो सकता है। पहला, इससे कानून के अंतर्गत उनको एक विधिक स्थिति प्राप्त हुई है और इससे वे 2029 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सीधे प्रतिद्वंद्वी बन गए हैं। इससे अतीत की तुलना में उनको प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ज्यादा गंभीरता से लिया जाएगा। दूसरा, संसद के भीतर और बाहर प्रधानमंत्री के सबसे मुखर आलोचक होने के बावजूद अक्सर राजीव गांधी के स्वरों को भाजपा के 'आक्रामक समूह' द्वारा अतीत में खारिज कर दिया जाता था। लेकिन वर्तमान परिदृश्य चुनौतीपूर्ण हैं क्योंकि भाजपा की संख्या लोकसभा में घट कर 240 सांसदों तक सीमित हो गई है, जो पिछली लोकसभा में 303 की तुलना में काफी कम है। इसके उलट कांग्रेस ने अपनी संख्या लगभग दूनी कर ली है और वह तीन निर्दलीयों के साथ पिछली लोकसभा में 52 से बढ़ कर 102 हो गई है। कांग्रेस की यह बढ़ी हुई शक्ति भाजपा की रणनीतियों का ज्यादा प्रभावी जवाब दे सकती है। इस प्रकार संसद में 'जैसे को तैसा' वाली स्थिति पैदा हो सकती है। यदि भाजपा का 'आक्रामक समूह' राहुल गांधी को खामोश करने का प्रयास करेगा तो कांग्रेस सांसद भी प्रधानमंत्री के भाषणों में व्यवधान पैदा करने का प्रयास करेंगे। कुल मिला कर संसद में शक्ति संतुलन भी बदला है। राजग, यानी भाजपा और उसके सहयोगियों की संख्या पिछले कार्यकाल में 336 से घट कर अब 294 हो गई है। इस बीच कांग्रेस नीत संप्रग की सीटें 90 से बढ़ कर 234 हो गई हैं। इसमें कुछ और सांसद जुड़ने से सत्तारूढ़ पक्ष के समक्ष बड़ी चुनौती आ सकती है।

संसद में नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा जिसके लिए उनको प्रतिबद्ध पूर्ण-कालिक समय देना होगा। इस भूमिका का निर्वाह तदर्थ तरीके से नहीं हो सकता है क्योंकि इसके लिए लगातार प्रयासों तथा रणनीतिक योजनाओं की जरूरत होगी। उनकी प्रमुख चुनौतियों में अनेक दायित्व व रणनीतियां शामिल हैं। उनको सहयोगियों के साथ नियमित संवाद करना होगा। राहुल गांधी को नियमित रूप से सहयोगी दलों के नेताओं के साथ मिल कर ऐसी रणनीतियां बनानी होंगी जिनसे संसद में भाजपा नीत गठबंधन को कमजोर किया जा सके। इसके लिए विविधतापूर्ण राजनीतिक समूहों के साथ मजबूत संबंध विकसित करना जरूरी होगा।

उनको आक्रामकता के साथ ही परिपक्व दृष्टिकोण प्रदर्शित करना होगा। राहुल गांधी के लिए जरूरी होगा कि वे आक्रामकता के साथ परिपक्वता का संतुलन बनाएं। यह खासकर जनहित वाले मुद्दों को उजागर करते समय जरूरी होगा। संसद में इन मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करना उनकी सफलता की कुंजी होगा। उनके समक्ष सर्वाधिक महत्वपूर्ण चुनौती विखंडित विपक्ष को एकजुट करना होगा। विविधतापूर्ण राजनीतिक विचारधारायें तथा क्षेत्रीय हित एक जटिल परिदृश्य प्रस्तुत करते हैं। ऐसे में सहमति बनाना एक महत्वपूर्ण, पर कठिन काम होगा। उनको सत्तारूढ़ पार्टी के विमर्श का मुकाबला करना होगा। भाजपा का बहुमत घटने के बावजूद उसका विमर्श एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। मीडिया व जनता की राय पर सत्तारूढ़ पार्टी की मजबूत पकड़ को देखते हुए विपक्ष को एक रणनीतिक व प्रभावशाली विमर्श तैयार करना होगा। राहुल गांधी की नेतृत्व शैली तथा संप्रेषण कौशल की लगातार परीक्षा होती रहेगी। संसदीय बहसों तथा सार्वजनिक मंचों पर अपनी विश्वसनीयता स्थापित किए तथा जीवन्त नेतृत्व प्रदर्शित किए बिना जनता का विश्वास और समर्थन प्राप्त करना कठिन है।

नेता विपक्ष की प्रमुख जिम्मेदारी सरकार को उसके कामों के लिए जवाबदेह ठहराना है। राहुल गांधी अब नेता विपक्ष के रूप में सरकार को जवाबदेह ठहराने के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। इसमें विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष का दृष्टिकोण स्पष्ट करना, बहसों में भाग लेना तथा प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शामिल है। विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए उनको विपक्षी पार्टियों के बीच सहमति बनाने के साथ उनके प्रयासों में समन्वय करना होगा। विविधतापूर्ण विचारधाराओं तथा विभिन्न पार्टियों के हितों को देखते हुए यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है। राहुल गांधी को संसद के भीतर और बाहर प्रभावी ढंग से संप्रेषण करना होगा। उनके भाषण, बयान तथा मीडिया से संपर्क जनता का दृष्टिकोण बदल कर राजनीतिक विमर्श को प्रभावी बना सकते हैं। राहुल गांधी को रणनीतिक निर्णय लेने की पहल करनी होगी। सहयोग करने तथा विरोध करने के बारे में रणनीतिक निर्णय लेना सतर्क राजनीतिक निर्णय लेने के लिए जरूरी है। इस प्रकार विभिन्न पसंदों के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। संसदीय नियमों, प्रक्रियाओं और रणनीतियों को समझना तथा उन पर महारत हासिल करना जरूरी होगा। सरकार को प्रभावी रूप से चुनौती देने के लिए राहुल गांधी को इनमें महारत हासिल करनी होगी। नेता विपक्ष से लोगों की आशा होती है कि वे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाएंगे, विकल्पों का प्रस्ताव करेंगे तथा रचनात्मक समाधान सुझाएंगे। इन उम्मीदों पर खरे उतरना नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी की प्रभावशीलता स्पष्ट करेगा।

राहुल गांधी को लोकलेखा समिति-पीएसी के अध्यक्ष का महत्वपूर्ण पद मिल सकता है जिसका काम नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक-सीएजी की रिपोर्टें जांचना है। पीएसी में सरकारी नामांकितों का बहुमत होता है और वे मतदान द्वारा चीजें तय करते हैं। इसके साथ ही नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री और भारत के प्रधान न्यायाधीश या सरकारी प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न 'कोलेजियमों' का हिस्सा बनना होगा जिनका काम प्रमुख जांच एजेसियों के प्रमुख तय करना तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। इन एजेंसियों में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई, लोकपाल, केन्द्रीय सतर्कता आयोग-सीवीसी, मुख्य निर्वाचन आयुक्त व निर्वाचन आयुक्त तथा मुख्य सूचना आयुक्त-सीआईसी शामिल हैं। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से देखें तो इंदिरा गांधी और राहुल गांधी के बीच कार्ल मार्क्स का सदंर्भ परिवर्तित रूप में याद आता है कि इतिहास स्वयं को त्रासदी की तरह दुहराता है और इसका फर्जी होना जरूरी नहीं होता है।

नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी का सम्मान बढ़ सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की 1980 में वापसी तथा राहुल गांधी के हालिया उभार में अनेक समानतायें हैं। इंदिरा गांधी को उस समय सत्ता गंवाने के बाद जनता पार्टी द्वारा किए अत्याचारों और अपमान के कारण 'बेचारी' कहा जाता था। आपातकाल के विपरीत प्रभावों के कारण जनता पार्टी सत्ता में आई थी। 1960 के दशकांत में उनके आलोचक श्रीमती गांधी को 'गूंगी गुड़िया' कहते थे, लेकिन अंतत: वे मजबूत बन कर उभरीं तथा 1980 में दोबारा सत्ता प्राप्त की। इसी प्रकार 2024 में नेता विपक्ष बन कर राहुल गांधी का प्रभावी पुनर्जीवन हुआ है, जबकि उनको पहले भाजपा 'पप्पू' कह कर मजाक उड़ती थी।

विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस मोड़ पर आम लोग उनको 'गांधी परिवार' का विशिष्ट सदस्य मानते हैं जो उनकी समस्यायें उजागर करने के लिए भयानक गर्मी और कड़कड़ाते जाड़े में उनके बीच आता है। इसे उनके बारे में ऐसे लोगों की राय बदल सकती है जो उनको 'बेचारा शाहजादा' कहते थे। उनकी संवेदना और योगदान से भाजपा को 2024 के चुनाव में थोड़ा झटका लगा है। राजग सरकार का फोकस हिंदुत्व, मुस्लिम-विरोध तथा जनता की समस्यायें हल करने के बजाय लंबे-चौड़े वादों पर हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी के लिए 'शाहजादा' शब्द लोकप्रिय बना दिया है, पर उनके अभियान ने अंतत: उनकी छवि को 'पप्पू' से बदल कर एक विश्वसनीय राष्ट्रीय नेता के रूप में स्थापित कर दी है। कुल मिला कर नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी का नेतृत्व भारत का राजनीतिक परिदृश्य काफी बदल सकता है। संसद में विपक्ष का प्रभावी प्रतिनिधित्व करने के लिए उनको इन चुनौतियों का सामना करना होगा तथा भारतीय जनता के सरोकारों को संबोधित करते हुए मजबूत नेतृत्व की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी होगी।

कर्मचारियों पर काम का दबाव

> युवा कर्मचारी काम के दबाव से पीड़ित होते हैं, जबकि वरिष्ठ कर्मचारी इससे अच्छी तरह निपट लेते हैं।

साक्षी सेठी
(लेखिका, शिक्षक हैं)

हालिया शोध एवं अध्ययनों के अनुसार, युवा कर्मचारी कार्यस्थल पर ज्यादा संघर्ष करते हैं, जबकि पुराने कर्मचारी बेहतर प्रदर्शन करते हैं। मार्केटिंग तथा संबंधित उद्योगों में काम कर रहे माता-पिता में से लगभग 85 प्रतिशत माता-पिता के कर्तव्यों पर काम को प्राथमिकता देते हैं, जबकि इनके बड़े प्रतिशत का अनुभव है कि उनको कॅरियर के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए 'पारिवारिक जीवन' को बलिदान करना पड़ता है। कार्यस्थल पर लोगों को अक्सर ऐसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है जहां उनको सीमित समय के भीतर बहुत से काम करने पड़ते हैं और उनको आराम करने के लिए समुचित अवकाश या कार्य-अंतराल नहीं मिलता है। इसके साथ कठोर परिश्रम के बदले में समुचित पुरस्कार या पहचान न मिलने के कारण वे अपने साथ अनुचित व्यवहार या पक्षपात की शिकायत करते हैं। इस कारण काम के समय उनको तनाव होता है तथा खराब कार्य परिवेश से निर्णय लेने में कठिनाई होती है। इससे उनको अनेक काम याद रखने में कठिनाई होती है।

इस कारण कर्मचारियों को मनोवैज्ञानिक, शरीरवैज्ञानिक और स्थितियों संबंधी अनेक कारणों से उनको दबाव और बेचैनी का सामना करना पड़ता है। काम का दबाव अनुभव करने पर किसी व्यक्ति में शरीर में दबाव की प्रतिक्रिया पैदा होती है जिसे 'फाइट आर फ्लाइट' कहते हैं। इसके कारण शरीर में दवाब वाले हार्मोन, जैसे कार्टीसोल और एड्रीनलीन निकलते हैं जो शरीर को संभावित खतरों से निपटने में सक्षम बनाते हैं। हालांकि, यह प्रतिक्रिया अल्पकालीन रूप से लाभदायक हो सकती है, पर लंबे समय तक बने रहने से इसके नकारात्मक शारीरिक व मानसिक प्रभाव सामने आते हैं जिसमें दिल की धड़कन बढ़ना, सिरदर्द व थकावट शामिल हैं। इसके साथ ही लगातार दबाव के कारण संज्ञानात्मक कामकाज प्रभावित होता है जिससे संकेन्द्रण तथा निर्णय लेने में कठिनाई पैदा होती है और काम याद नहीं रहते हैं। इसे दबाव और बढ़ता है।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि काम का दबाव अधिकांश प्रकार के रोजगारों और नौकरियों में स्वाभाविक हिस्सा है और यह कभी-कभी प्रेरक का काम भी करता है। इसमें महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले छात्र को अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करना एक प्रमुख उदाहरण है। इस प्रकार की प्रेरणा से किसी व्यक्ति को केन्द्रित और उत्पादक बने रहने का अवसर मिलता है, लेकिन जब दबाव बहुत अधिक हो जाता है या यह लंबे समय तक बना रहता है तो इसके कारण दबाव, तनाव, मानसिक तनाव या बेचैनी पैदा हो सकती है। इस प्रकार कार्यस्थल पर दबाव और तनाव के बीच स्वस्थ संतुलन बनाए रखना उत्पादकता तथा कर्मचारियों की बेहतरी के लिए आवश्यक है। संगठनों को इस दिशा में स्पष्ट रूप से काम करते हुए स्पष्ट संप्रेषण बनाने के लिए कर्मचारियों से उम्मीदें भी निर्धारित करनी चाहिए ताकि उनके काम की भूमिका व जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से परिभाषित हों और इसे उनको बता दिया जाए।

ऐसे परिवेश में जहां प्रबंधकों से आसानी से संपर्क किया जा सकता हो और वे टीम की सहायता के लिए उपलब्ध हों, वहां कामों का सृजन और वितरण अच्छी तरह होता है तथा किसी एक कर्मचारी पर अत्यधिक भार नहीं पड़ता है। योग, ध्यान और फिटनेस कक्षाओं जैसे बेहतरी के कार्यक्रमों के साथ ही कर्मचारियों के लिए कौंसिलिंग व सहायक सेवाओं की व्यवस्था होनी चाहिए। इससे कर्मचारी तनाव से बचे रह सकते हैं। कर्मचारियों के काम को नियमित रूप से स्वीकार करना तथा उनको पुरस्कृत करना भी उनको कठिन काम और योगदान के लिए प्रेरित करता है। कर्मचारियों में टीमवर्क प्रोत्साहित करना तथा सहायक व समग्र कार्य परिवेश विकसित करना जरूरी है। इसके साथ ही फीडबैक व्यवस्था होनी चाहिए जहां कर्मचारी काम के बोझ पर अपनी बात रख सकें तथा सुधार के उपाय सुझा सकें। कर्मचारियों के लिए कठोर उत्पीड़न-विरोधी व्यवस्था और नीतियां बनाना तथा यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कुछ ऐसी रणनीतियों पर काम किया जाए जो संगठन को बेहतर कार्य परिवेश बनाने में सहायक हों। ऐसा कार्य परिवेश तनाव पैदा करने के बजाय बेहतर काम के लिए प्रेरणादायक होता है।

संगठन द्वारा कर्मचारियों की बेहतरी के लिए काम करने के साथ ही यह महत्वपूर्ण है कि किसी भी स्तर पर काम करने वाले व्यक्ति काम के दबाव तथा परिवार की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखने में सक्षम हों क्योंकि इससे समग्र रूप से उनकी बेहतरी प्रभावित हो सकती है। कार्यस्थल तथा घरेलू काम में प्राथमिकतायें तय करने के लिए कार्यस्थल और परिवार के लिए समय में अंतर करना चाहिए। इसके लिए उच्च प्राथमिकता वाले कामों को महत्व देने के साथ ही कम महत्वपूर्ण काम छोड़ना भी शामिल हैं। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, उचित शौक तथा गतिविधियों में समय लगाने तथा कार्यस्थल के बाहर ऐसी स्थितियों के बारे में अद्यतन जानकारियां जरूरी हैं जिनसे तनाव प्रबंधन बेहतर होता हो।

शारीरिक और मानसिक तनाव तथा दबाव से मुक्ति पाने के इन तरीकों से व्यक्तिगत रूप से कर्मचारियों को ज्यादा मजबूत बने रहने तथा काम का दबाव ज्यादा प्रभावी ढंग से निपटाने में सहायता मिलती है। याद रखें कि तनाव की स्थिति में व्यक्ति को अल्पकालीन स्मृति बनाए रखने में कठिनाई होती है। इसके साथ ही कर्मचारियों को अल्पकालीन स्मृतियों व दीर्घकालीन स्मृतियों में अंतर बनाए रखना कठिन हो जाता है। अत्यधिक तनाव के कारण कभी-कभी कर्मचारियों की अल्पकालीन स्मृतियां दीर्घकालीन स्मृतियों में बदल जाती हैं। कार्यस्थल पर दबाव के कारणों को समझने तथा इसके प्रबंधन के लिए प्रभावी रणनीतियों के प्रयोग से व्यक्तियों और संगठनों में तनाव को घटाया जा सकता है। इससे तनाव घटाने तथा ज्यादा उत्पादक कार्यस्थल बनाए रखने में सहायता मिलती है।

आप की बात

नए कानूनों का लाभ

तीन नए आपराधिक कानून लाने से कानून-व्यवस्था सटीक और सुचारू रूप से संचालित होगी। विगत वर्षों से शायद ही कोई क्षेत्र छूटा हो जहां अपराध प्रवृति ने जन्म नहीं लिया हो। शर्मनाक घटनाओं के तो दिन-प्रतिदिन समाचार स्थायी होते जा रहे हैं। सरकारी दफ्तरों, विभागों और अन्य संगठनों में आर्थिक घोटालों की तो सुनामी सी आई है। नई न्याय संहिता के अंतर्गत 164 वर्ष पुराने कानून में परिवर्तन निश्चित ही अपराधों पर अंकुश लगाने में सहायक सिद्ध होगा। नए कानून का उदेश्य आधुनिक न्याय व्यवस्था को लागू करना तथा उसे मजबूत और शक्तिशाली बनाना है। न्याय संहिता में पुरानी दंड संहिता की धाराओं में भी परिवर्तन किए गए हैं उनसे कानून व्यवस्था बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। जीरो एफआईआर, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने, एसएमएस या ईमेल से समन भेजने और जघन्य अपराध की जांच की वीडियोग्राफी जैसे प्राविधान अनिवार्य किए गए है। राज्यों ने भी व्यवस्था सुधार की दिशा में तेजी से कदम उठाए हैं। मध्य प्रदेश के 1110 थानों में नए साफ्टवेयर अपलोड किए गए और लगभग सभी पुलिस कर्मियों को ट्रेनिग दी जा चुकी है। नए कानूनों के बारे में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है ताकि जनता भी अपने अधिकार व जिम्मेदारियां समझ सके।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

बाइडेन को सलाह

बुढ़ापे के आगे किसी की नहीं चलती। इंसान कितना भी चालाक व बुद्धिमान अपने जवानी में दिनों में रहा हो, एक उम्र के बाद वह कमजोर होने लगता है। स्वास्थ्य और सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से स्मृति क्षीण होना सबसे घातक साबित होता है। निसंदेह वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन एक अच्छे इंसान है। पिछले 4 वर्षों तक उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका का शासन बहुत अच्छे तरीके से चलाया और चुनाव तक चलाएंगे भी। मगर हाल ही में आयोजित राष्ट्रपति की पहली डिबेट में वे अपने प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प से पिछड़ते नज़र आये। न्यूयॉर्क टाइम्स के संपादकीय ने डिबेट के दूसरे ही दिन खराब बहस प्रदर्शन का हवाला देते हुए डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से उन्हें बाहर निकल जाने की सलाह दी है। डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर से भी ऐसी मांग उठने लगी है। डेमोक्रेट्स के दानदाताओं ने भी आशंका जतानी शुरू कर दी है। बाइडेन को यह समझाने में कठिनाई हुई कि वे दूसरे कार्यकाल में क्या हासिल करेंगे। वे ट्रम्प के उकसावे का ठीक से जवाब नहीं दे पाए। हालांकि, यह कदम आसान नहीं है, पर डेमोक्रेटिक पार्टी को अपने तथा अमेरिका के हित में बाइडेन के स्थान पर दूसरा उम्मीदवार चुनना चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

जेडीयू का दृष्टिकोण

जेडीयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में चुनाव के बाद संतुलित विकास पर जोर दिया गयाए जिसमें विशेष राज्य के दर्जे जैसी मांगों के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण दर्शाया गया है। जेडीयू और टीडीपी जैसी पार्टियां यह भी अच्छी तरह समझती हैं कि मोदी सरकार किसी भी दबाव के सामने झुकने वाली नहीं है। भाजपा ने निर्दलीय सांसदों को अपने पक्ष में करके अपनी सीटों की संख्या 300 के आसपास कर ली है। इसका मतलब है कि यदि जेडीयू व टीडीपी एनडीए से निकल जाए तो भी सरकार बहुमत में रहेगी। मगर इन दोनों दलों का फायदा भी एनडीए के साथ रहने में ही है। क्योंकि विपक्ष इतने सारे दलों का दलदल है कि वहां उनकी सुपीरियरिटी नहीं चल पाएगी। बिहार और आंध्र में इन दोनों दलों की सरकारें केंद्र से तालमेल बिठाकर ही अपने राज्य का अच्छा विकास कर सकती है। उन्हें केंद्र में भी अच्छे विभागों में मंत्री पद मिले हुए हैं। अत: इन्हें एनडीए के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश व अपने राज्यों के विकास के लिए चलना चाहिए। नीतीश कुमार आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए के सर्व-सम्मत मुख्यमंत्री उम्मीदवार हैं। यह गठबंधन बिहार की चहुंमुखी प्रगति में असाधारण योगदान कर सकता है।

सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

टी20 में विजय

भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भारत को विश्व विजेता के खिताब का शानदार तोहफा दिया है। भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने शुभकामनाएं देकर क्रिकेट टीम का हौसला बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राहुल द्रविड़ का शुक्रिया करते हुए सभी प्रमुख खिलाड़ियों के उत्कर्ष खेल की सराहना की है। यदि गौर से देखें तो भारत ने अपने पहले मैच में आयरलैंड को, दूसरे में पाकिस्तान, सुपर 8 में ऑस्ट्रेलिया को और सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराया था। भारत इस टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा है। इसलिए सभी भारतीयों की उम्मीद के अनुसार फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर देशवासियों का दिल जीत लिया है। हर भारतवासी को इस क्रिकेट टीम पर गर्व है। फाइनल में एक समय दक्षिण अफ्रीका ने मजबूत पकड़ बना ली थी लेकिन सूर्य यादव ने असंभव को संभव करते हुए बेहद कठिन कैच पकड़ा और भारत का रुख जीत की तरफ मोड़ दिया। उम्मीद है कि इस विजय से उत्साहित भारतीय खिलाड़ी पेरिस ओलम्पिक में भी अभूतपूर्व प्रदर्शन करेंगे।

–**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

बाढ़ के समय बचाव के लिए बेहतर कोऑर्डिनेशन व क्विक एक्शन जरूरी: योगी

बाढ़ की दृष्टि से अतिसंवेदनशील सभी 14 जिलों में समय से पहले सारी तैयारी पूरी करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में व्यापक जन-धन हानि के लिए दशकों तक कारक रही बाढ़ की समस्या के स्थायी निदान के लिए विगत 7 वर्षों में किए गए सुनियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। बाढ़ की दृष्टि से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार हमने आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर बाढ़ से खतरे को न्यूनतम करने में सफलता पाई है। बाढ़ से जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अंतरविभागीय समन्वय से अच्छा कार्य हुआ है। इस वर्ष भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से 24 जिले महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। जबकि सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील प्रकृति के हैं। योगी ने निर्देशित किया कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति हेतु पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्यमंत्री द्वारा अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार इस वर्ष पर्याप्त वर्षा होगी। नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे जनपदों में सतर्कता बनाए रखें। आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के बेहतर बेहतर प्रबंधन के लिए बाढ़ बुलेटिन और मौसम का पूर्वानुमान नियमित रूप से जारी किया जाना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग, केंद्रीय जल आयोग, केंद्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ प्रदेश के सिंचाई एवं जल संसाधन, गृह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिंचाई एवं जल संसाधन, खाद्य एवं रसद, राजस्व एवं राहत, पशुपालन, कृषि, राज्य आपदा प्रबन्धन, रिमोट सेन्सिंग प्राधिकरण के बीच बेहतर तालमेल हो। केंद्रीय एजेंसियों/विभागों से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें। यहां से प्राप्त आंकलन/अनुमान रिपोर्ट समय से फील्ड में तैनात अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए। सीएम ने कहा कि नदी के किनारे बसे आवासीय इलाकों और खेती की सुरक्षा में नदियों का चैनेलाइजेशन उपयोगी सिद्ध हो रहा है। अम्बेडकर, बलरामपुर, बाराबंकी, सीतापुर और श्रावस्ती में जारी ड्रेनेज एवं चैनेलाइजेशन की परियोजनाओं को समय से पूरा कराएं। जो सिल्ट निकले उसका सदुपयोग किया जाए। राज्य स्तर और जिला स्तर पर बाढ़ राहत कंट्रोल रूप 24म7 एक्टिव मोड में रहें। उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा बाढ़ से प्रभावित जनपदों में 113 बेतार केंद्र अधिष्ठापित किए गए हैं। पूरे मॉनसून अवधि में यह केंद्र हर समय एक्टिव रहें। बाढ़/ अतिवृष्टि की स्थिति पर रेग्युलर मॉनीटरिंग की जाती रहे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ/पीएसी फ्लड यूनिट तथा आपदा प्रबंधन टीमें 24म7 एक्टिव मोड में रहें। आपदा मित्र स्वयंसेवकों के साथ-साथ होमगार्डों की सेवाएं भी ली जानी चाहिए। किसकी तैनाती कब और कहां होनी है, इस बारे में कार्ययोजना तैयार कर लें। सभी एजेंसियों के बीच बेहतर कोऑर्डिनेशन होना चाहिए।

सीएम ने निर्देश दिए कि नौकाएं, राहत सामग्री आदि के प्रबंध समय से कर लें। बाढ़/अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देर न हो। प्रभावित परिवारों को हर जरूरी मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाए। नौका बड़ी हो। छोटी नौका/डोंगी का प्रयोग कतई न हो। नौका सवार सभी लोग लाइफ जैकेट जरूर पहने हुए हों।

बाढ़ के दौरान जिन गांवों में जलभराव की स्थिति बनेगी, वहां पशुओं की सुरक्षा के भी प्रबंध होने चाहिए। उचित होगा कि बाढ़ के समय पशुओं को अन्यत्र कहीं सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। निराश्रित गोआश्रय स्थलों में पशु चारे की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। पशुओं का टीकाकरण समय से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

बाढ़ राहत शिविरों में लोगों को ताजा भोजन दिया जाना चाहिए। अन्य राहत सामग्री की गुणवत्ता से भी कोई समझौता नहीं होना चाहिए। राहत सामग्री का पैकेट मजबूत हो, लोगों को कैरी करने में आसानी हो। अतिवृष्टि के कारण जिस भी किसान की फसल खराब हो, बिना विलंब उसकी क्षतिपूर्ति कराई जाए। इसके अलावा, किसानों को मौसम पूर्वानुमान से अवगत कराते हुए खेती-किसानी के लिए अनुकूल परिस्थितियों के बारे में जागरूक करें।

शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि का रखा जाए विशेष ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन्टीग्रेटेड ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम (आईजीआरएस) की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के उपरांत मुख्य सचिव ने कहा कि आम जन की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित, आसान और पारदर्शी निस्तारण के लिये आईजीआरएस बहुत अच्छा सिस्टम है। आमजन से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण कराया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और शिकायतकर्ता की संतुष्टि का विशेष ध्यान रखा जाये। असंतुष्ट फीडबैक एवं स्पेशल क्लोज होने वाली शिकायतों का रेण्डम गुणवत्ता परीक्षण किया जाए।

उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय द्वारा प्रतिदिन 5 शिकायतों का रेण्डम आधार पर परीक्षण किया जायेगा और आवश्यकतानुसार मौके पर सक्षम अधिकारी को भेजकर सत्यापन कराया जायेगा। फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत क्लोज करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जायेगा। बैठक में विशेष सचिव मुख्यमंत्री प्रथमेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे।

दशहरे से पहले रामलीला मैदानों के जीर्णोद्धार कर लिए जाएं: जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद हरदोई, मैनपुरी, एटा, कुशीनगर तथा प्रतापगढ़ में स्थित रामलीला मैदानों की चहारदीवारी तथा सौन्दर्यीकरण के कार्य अक्टूबर 2024 में दशहरे से पहले हरहाल में पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। इन आदेशों के अनुपालन में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कराया जा रहा है। यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उल्लेखनीय है कि पर्यटन मंत्री ने 12 जून 2024 को समीक्षा बैठक में संस्कृति विभाग के अधीन निर्माणाधीन परियोजनाओंध्कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने मैनपुरी की नगर पंचायत कुसमरा के रामलीला मैदान की बाउन्ड्रीवॉल गेट निर्माण आदि का कार्य दशहरा से पहले करने के निर्देश दिए थे। इसी प्रकार जनपद हरदोई के रामलीला मैदान सण्डीला में भवन निर्माण एवं अन्य विकास कार्य भी समय से पूरा करने को कहा गया था। पर्यटन मंत्री ने बताया कि जसवंत नगर रामलीला मैदान की तर्ज पर समस्त रामलीला मैदानों में भी रामायण आदि रामलीला के से बनवाये जाने के लिए निदेशक ललित कला अकादमी को तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये थे। इन रामलीला की चहारदीवारियों पर मंच के निर्माण के अलावा समस्त कार्य वैदिक रूप से किये जाने के निर्देश दिए गए। जनपद एटा के अलीगंज स्थित रामलीला मैदान का भी सौन्दर्यीकरण दशहरे से पहले करने के निर्देश दिए गए। जयवीर सिंह ने जनपद कुशीनगर में रामजानकी मठ पर सार्वजनिक रामलीला मैदान में चहारदीवारी एवं अन्य कार्य कराये जा रहे हैं। ये सभी कार्य 30 प्रतिशत तक पूरे हो चुके हैं। कार्यदायी संस्था ने आश्वस्त किया है कि अक्टूबर 2024 तक समस्त कार्य पूरे कर लिए जायेंगे। जनपद प्रतापगढ़ की नगर पंचायत गड़वारा स्थित प्राचीन रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार का कार्य 20 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। इसी प्रकार अवध केसरी राणा बेनी माधव बक्श सिंह की स्मृति में रायबरेली सभागार संरचना के द्वितीय चरण के निर्माण कार्य हेतु टेण्डर की कार्यवाही में विलम्ब के लिए असंतोष व्यक्त किया था और कहा कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेण्डर की प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाय। लापरवाही की दशा में जवाबदेही तय की जायेगी।

वर्षाकाल के दृष्टिगत गौशालाओं में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं: धर्मपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि दिनांक 05 जुलाई से 20 जुलाई तक अभियान चलाकर बरेली मण्डल के निराश्रित गोवंश को गोआश्रय स्थलों में पहुंचाया जाए। गोसंरक्षण कार्यों की दिशा में बरेली मण्डल को आदर्श मण्डल के रूप में स्थापित किया जाए और मण्डल के तहत जनपद बदायू, पीलीभीत, बरेली तथा शाहजहांपुर के गोआश्रय स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। वर्षाकाल के दृष्टिगत प्रदेश की गौशालाओं में संरक्षित निराश्रित गोवंश हेतु चारा भूसा, पानी, प्रकाश एवं गोवंश के भीगने से बचाव हेतु टीनशेड की बेहतर इन्तजाम किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाय। इसके अतिरिक्त कीचड़ से बचाव हेतु पक्का सोलिंग कार्य कराये जाने के भी निर्देश दिए। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित गोवंश के वर्षाकाल के समय संरक्षण, गोशालाओं की सुविधाओं एवं बरेली मण्डल में निराश्रित गोवंश की अद्यतन स्थिति के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गोआश्रय स्थलों में जलभराव की समस्या के निस्तारण हेतु समय से पूरे इन्तजाम किए जाएं और संक्रामक रोगों से बचाव हेतु आवश्यक दवाइयों एवं वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों द्वारा संभावित बाढ़ आपदा से पशुधन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव एवं पशुहानि से बचाव हेतु जारी दिशा.निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने निर्देश दिए कि यदि कहीं निराश्रित गोवंश सड़कों या खेतों में दिखायी दें तो उन्हें उपयुक्त स्थल पर संरक्षित किया जाए। उन्होंने गोआश्रय स्थलों के निर्माण के लिए आवंटित धनराशि को पारदर्शिता तथा वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए व्यय करने के निर्देश दिए।

करोड़ों हिन्दुओं से माफी मांगें राहुल: मुख्यमंत्री

- संसद में राहुल गांधी के हिन्दुओं को लेकर दिए गए बयान की सीएम योगी ने की कड़ी निंदा
- सीएम ने कहा अयोध्या में 1733 करोड़ रुपए का मुआवजा बांटा गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिन्दुओं को लेकर दिये गये आपत्तिजनक बयान की कड़ी निंदा की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राहुल गांधी ने अपने निंदनीय बयान से भारत माता की आत्मा को लहुलुहान करने का कार्य किया है, इसके लिए उन्हें दुनियाभर में फैले करोड़ों हिन्दुओं से माफी मांगनी चाहिए। सीएम योगी सोमवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग ये मानते थे कि हो सकता है कि नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी परिपक्व होंगे, मगर खेद होता है कि उनका बयान अभी बचकाने से उभर नहीं पाया है। एक अपरिपक्व बुद्धि का व्यक्ति ही इस प्रकार का बयान देगा। हिन्दू भारत का मूल समाज है, भारत की आत्मा है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि गर्व से कहो हम हिन्दू हैं। हिन्दू कोई जाति सूचक या सम्प्रदाय सूचक शब्द नहीं है। मत और पंथ से अलग भारत की मूल आत्मा है। राहुल गांधी ने हिन्दुओं पर जो टिप्पणियां की हैं वह सत्य से परे भारत की मूल आत्मा को लहुलुहान करने जैसा है। भारत माता को लहुलुहान करने के लिए उन्हें माफी मांगना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को लेकर जिन लोगों ने कुछ भ्रम पाला होगा, उनका भ्रम टूट गया होगा। कांग्रेस को राहुल गांधी को भारत की जनता से माफी मांगने के लिए कहना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि हिंदू भारत की मूल आत्मा है, हिंदू सहिष्णुता, उदारता और कृतज्ञता का पर्याय है। यह बात स्वयं को 'एक्सीडेंटल हिंदू' कहने वाली जमात के 'शहजादे' को कैसे समझ में आएगी। उन्होंने कांग्रेस को मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में डूबी हुई बताया। संसद में अयोध्या में विस्थापितों को दिए गए मुआवजे को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई गलत बयानी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा पलटवार किया है। सीएम योगी ने कहा कि राहुल का बयान यूपी और अयोध्या को बदनाम करने के लिए दिया गया है। सदन में दिया गया राहुल का झूठा बयान अत्यंत ही निंदनीय और शर्मनाक है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान विस्थापित हुए लोगों को 1733 करोड़ रुपए की धनराशि मुआवजे के तौर पर प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 21,548 व्यक्तियों को मुआवजा दिया जा चुका है। न केवल मुआवजा दिया गया, बल्कि दुकानों का सौंदर्यीकरण कराया गय। अयोध्या में दुकानदारों का व्यापार पहले से अधिक बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हम सबने राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव में झूठे और गुमराह करने वाले वक्तव्य देते हुए देखा है। संविधान का गला घोंटने वाले लोगों ने संविधान के बारे में गुमराह करने वाले वक्तव्य देने के लिए विदेशी पैसे से के बल पर चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास किया था। 1 लाख का फर्जी बॉन्ड भरवा कर भारत की माताओं और बहनों को गुमराह करने का कार्य किया। आज फिर इन्होंने झूठा बयान दिया है जोकि अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। योगी ने कहा कि हर कोई जानता है कि अयोध्या को उसकी पहचान से किसने वंचित किया है। राहुल गांधी और उनके सहयोगियों ने न केवल अयोध्या को वनवास दिया था, बल्कि सरयू को भी रक्तरंजित किया था। आज जब अयोध्या अपने वैभव को पुनःप्रतिष्ठापित करते हुए पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही है तो कांग्रेस इसे कैसे अच्छा मान सकती है। कांग्रेस झूठ का पुलिंदा है। सच ये है कि 1733 करोड़ रुपए केवल मुआवजे के लिए अयोध्या वासियों को उपलब्ध कराए हैं। चाहे रामपथ हो, भक्तिपथ हो, जन्मभूमि पथ हो या एयरपोर्ट हो, जिसकी जमीन, दुकान, मकान इसमें शामिल थी उन्हें मुआवजा दिया गया है। जिनके पास पीछे दुकान बनाने की जगह थी, उनके दुकान बने हैं, जिनके पास स्पेस नहीं था उन्हें मल्टी लेवल काम्प्लेक्स बनाकर दुकान देने के कार्य को आगे बढ़ाया गया। राहुल के बयान सत्य से परे झूठ का पुलिंदा हैं। यह यूपी और अयोध्या को बदनाम करने की साजिश है। यह भारत और अयोध्या की छवि को खराब करने की उस मानसिकता का हिस्सा है जो ये एक्सिडेंटल हिन्दू आजादी के बाद से लगातार करते आ रहे हैं।

भाजपा की नफरती राजनीति को सपा ने रोका: अखिलेश

सपा मुखिया का पार्टी मुख्यालय समेत प्रदेश भर में मनाया गया जन्मदिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन सोमवार राजधानी लखनऊ सहित पूरे देश और प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वत:स्फूर्त ढंग से हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। प्रात: से ही समाजवादी पार्टी राज्य मुख्यालय में हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। तमाम लोगों ने बुके, पौधे तथा अन्य स्मृतिचिह्न अखिलेश यादव को भेंटकर जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। बड़ी सख्यां में आये सभी नेता एवं कार्यकर्ता, सभी समाज के लोग, महिलाएं, बच्चे, युवा, अधिकारी, व्यापारी, अधिवक्ता, पूर्व सैनिक, संत, महात्मा, उलेमा आदि ने उन्हें फूलमालाओं से स्वागत किया।

अखिलेश यादव के जन्मदिन पर देश और प्रदेश में कई स्थानों पर केक काट काटा गया, वृक्षारोपण के साथ मिष्ठान्न, फल, गरीबों को अन्नदान, भंडारे आदि के आयोजन किये गये। अस्पतालों में मरीजों को फल, बांटे गये। यादव की दीर्घायु के लिए हवन.पूजन के कार्यक्रम किये गये। सभी कार्यक्रमों में अखिलेश यादव को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी गई तथा उनके शतायु होने और स्वस्थजीवन की कामनाएं की गई। राजपुरोहित पं. हरिप्रसाद ने स्वस्तिवाचन कर आशीर्वाद दिया। पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने अखिलेश यादव के शतायु होने की कामना की। समाजवादी किन्नर सभा की अध्यक्ष पायल सिंह ने अखिलेश यादव की आरती उतारी और दीर्घायु होने की कामना की। चित्रकूट के विधायक अनिल प्रधान ने नेताजी की प्रतिमा भेंट की। सुनील सिंह साजन पूर्व एमएलसी ने बरगद का वृक्ष और जानकी पाल ने पौधा भेंट किया। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने गीत संगीत के कार्यक्रम पेश किये। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में व्यक्त की गई शुभकामनाओं के लिए आभार जताते हुए कहा कि पीडीए सबको जोड़ता है। यह आरएसएस की लगने वाली शाखाओं का जवाब है। उन्होंने कहा भाजपा की नफरती राजनीति को रोकने का काम समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में किया है। समाजवादी पार्टी ने देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर नेताजी का सपना पूरा किया है। यादव ने कहा कि अयोध्या में समाजवादी पार्टी की जीत भाजपा की तानाशाही और साम्प्रदायिकता की पराजय है। भाजपा ने तीन नए कानून बनाकर नागरिक अधिकारों का हनन कर संविधान पर हमला किया। लोकतंत्र में यह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की संविधान और लोकतंत्र बचाने की यह लड़ाई अभी जारी रहेगी। अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई देने वालों में शामिल राजेन्द्र चौधरी, बृजेन्द्र सिंह पूर्व सांसद, डॉ. मधु गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद ,कृष्ण कन्हैया पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सभा, समाजवादी छात्र सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस मौके पर कैसरबाग लखनऊ स्थित महानगर कार्यालय में भंडारा का आयोजन महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी ने किया। यहां पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरणीय स्वच्छता बनाये रखने का संकल्प लिया गया। प्रसाद वितरण राजेन्द्र चौधरी एवं अरविन्द सिंह गोप ने किया। इसमें मीरा वर्धनए राजेश यादव पूर्व एमएलसी, अतहर हुसैन, अभिषेक दीक्षित, प्रदीप कनौजिया, शर्मिला महाराज, अभिषेक दीक्षित, सुरेन्द्र त्यागी आदि शामिल रहे। अरविन्द सिंह गोप ने केक काटा। अखिलेश यादव के जन्मदिन पर आर्थिक रूप से कमजोर 100 बच्चों को लैपटॉप और टैबलेट का वितरण समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह द्वारा किया गया। साथ ही पीडीए पेड बरगद, पीपल, नीम लगाकर जूही सिंह द्वारा पांच गांवों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संसाधन उपलब्ध कराने के साथ पुरस्कार भी दिया गया।

अन्नपूर्ति योजना हेतु 11.96 करोड़ रूपये की धनराशि मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अन्न पूर्ति योजना हेतु रूपये 119694249 (ग्यारह करोड़ छियानबे लाख चौरानबे हजार दो सौ उनचास मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए आयुक्तए खाद्य एवं रसद विभाग के निवर्तन पर रखने के निर्देश दिये हैं। इस सम्बन्ध में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा जारी शासनादेश में कहा गया है कि अवमुक्त की गयी धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा। प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति न हो, कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग की होगी।

फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों के लिए आज से आवेदन कर सकेंगे किसान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अन्नदाता किसान मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता में हैं। किसानों के लिए चलाई गई अनेक योजनाओं के माध्यम से सरकार इसे साबित भी कर रही है। इस कड़ी में अब प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू, (सीआरएम) योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अन्नदाता किसानों को अनुदान का अवसर उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत दो जुलाई से किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह प्रक्रिया 16 जुलाई तक चलेगी।

प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेड्ज्यू (सीआरएम) योजना के तहत कृषि यंत्रों-सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (सुपर एसएमएस), हैप्पी सीडर/स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर/ श्रेडर/ मल्चर, श्रब मास्टर/ रोटरी स्लैशर, सरफेस सीडर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी प्लाऊ, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, क्रॉप रीपर ट्रैक्टर माउंटेड/ सेल्फ प्रोपेल्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाइंडर एवं कस्टम हायरिंग सेंटर के आवेदन के लिए दो जुलाई को दोपहर 12 बजे से 16 जुलाई की रात्रि 12 बजे तक बुकिंग कर सकते हैं। विभागीय दर्शन पोर्टल पर 'यंत्र पर अनुदान हेतु टोकन निकालें' लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के लिए बुकिंग किए जाने के लिए विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध मोबाइल नंबर पर ओ.टी.पी. प्राप्त होगा। आवेदक द्वारा एक मोबाइल नंबर से ही आवेदन किया जा सकेगा। इसके लिए अपना अथवा ब्लड रिलेशन सदस्यों के मोबाइल से ही आवेदन मान्य होगा, जिसकी सत्यापन के समय पुष्टि भी की जाएगी। कृषक परिवार (पति अथवा पत्नी में कोई एक) द्वारा एक वित्तीय वर्ष में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजना के तहत निर्धारित यंत्रों में से एक या एक से अधिक प्रकार के यंत्र लिए जा सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 फीसदी व कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 80 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त होगा। योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों तथा कस्टम हायरिंग सेंटर हेतु ग्रामीण उद्यमी एवं एफपीओ लाभार्थी होंगे। ई-लॉटरी हेतु स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों के मध्य संबंधित जनपदीय उप कृषि निदेशक द्वारा विभिन्न माध्यमों से सूचना दी जाएगी। निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा। ई-लॉटरी व्यवस्था में लक्ष्य के अनुरुप चयनित किए जाने वाले लाभार्थियों की संख्या के अतिरिक्त लक्ष्य का 50 प्रतिशत तक क्रम के अनुसार प्रतीक्षा सूची भी तैयार होगी। लक्ष्य की पूर्ति न होने पर ई-लॉटरी द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में लाभार्थी का चयन किया जाएगा। लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के समय ही कृषक को यंत्रवार निर्धारित जमानत धनराशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। लक्ष्य अवशेष न रहने पर एवं ई-लॉटरी में चयनित न होने वाले किसानों की जमानत धनराशि वापस कर दी जाएगी। दस हजार एक रुपये से लेकर एक लाख रुपये के कृषि यंत्रों के अनुदान के लिए जमानत धनराशि 2500 रुपये व एक लाख से अधिक अनुदान के कृषि यंत्रों के लिए जमानत धनराशि पांच हजार रुपये होगी। लाभार्थियों का चयन/ बुकिंग टोकन कंफर्म होने की तिथि से कृषि यंत्र क्रय कर विभागीय पोर्टल पर क्रय रसीद यंत्रों की फोटो, सीरियल नंबर एवं संबंधित अभिलेख 30 दिन में अपलोड करना होगा।

अयोध्या में दिया गया मुआवजा

- एयरपोर्ट के लिए 952.39 करोड़ रुपए का मुआवजा
- बाईपास (रिंग रोड) के लिए 295 करोड़ का मुआवजा
- राम जन्मभूमि पथ में 14.12 करोड़ रुपए का मुआवजा
- भक्ति पथ में 23.66 करोड़ रुपए का मुआवजा
- रामपथ में 114.69 करोड़ का मुआवजा
- पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 29 करोड़ रुपए का मुआवजा
- चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 119.20 करोड़ रुपए का मुआवजा
- रुदौली-रोजागांव रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे दोहरीकरण के निर्माण के लिए 35.03 लाख रुपए
- एनएच 330, के निर्माण के लिए 163.90 करोड़ रुपए का मुआवजा
- एनएच 227बी के पैकेज 3 के अंतर्गत 21.09 करोड़ का मुआवजा

डीएम ने ईको पार्क में 1 से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव में पारिजात का पौधा लगाकर किया शुभारम्भ

कानपुर देहात। 01.07.2024 को ईको पार्क माती मुख्यालय में 01 जुलाई से 07 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी आलोक सिंह जी के द्वारा पारिजात का पौधा लगाकर किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कानपुर देहात में 01 जुलाई से 07 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव कार्यक्रम में जनपद की समस्त रेंजों में, विद्यालयों में वृक्षारोपण महा अभियान जन जागरूकता कार्यक्रम पेंटिग, नुक्कड़ नाटक, जनजागरूकता रैली, जागरूकता संगोष्ठी इत्यादि कार्यक्रम कराये जाऐंगे जिसके क्रम में आज ईको पार्क में वृक्षारोपण के साथ.साथ विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पेंटिग प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग करते हुये विभिन्न प्रजातियों के 100 पौधों का रोपण भी किया गया। इस वन महोत्सव कार्यक्रम में एडीएम केशव नाथ, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, उपायुक्त मनरेगा पीपी त्रिपाठी, जिला पंचायती राज अधिकारी विकास पटेल के द्वारा भी ईको पार्क में पौध रोपण किया।

डीएम आलोक सिंह ईको पार्क में परिजात के पौधे का रोपण करते हुये

जिलाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण करते हुये सभी से अपील की इस वर्षाकाल में जो भी पौधरोपण किया जाये उसे बचाने का भी प्रयास किया जाये उन्होंने सभी विभागों को भी आवंटित लक्ष्यों को सफलातापूर्वक पूर्ण करने हेतु अभी से तैयारी करने के निर्देश दिये हैं। इस वृक्षारोपण महाअभियान में एक पौधा माँ के नाम अथवा पूर्वजों के नाम पर अवश्य लगानें व बचाने का आवाहन किया। प्रभागीय वनाधिकारी, कानपुर देहात द्वारा अपील करते हुये कहा गया कि पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें वृक्ष के महत्व को समझें तथा इनका संरक्षण करेंएपौध रोपण करते हुये मेरी लाइफ पोर्टल पर भी अपलोड़ करते हुये महाअभियान का हिस्सा बनें। जल संरक्षण हेतु अपील करते हुये कहा इस वर्षाकाल में होने वाली वर्षा जल का संचयन करने हेतु जागरूक करें। क्षेत्रीय वनाधिकारी अकबरपुर, सर्वेश कुमार भदौरिया, जिला परियोजना अधिकारी, (जिला गंगा समिति) विवेक कुमार सैनी, उपक्षेत्रीय वनाधिकारी यादवेंद्र सिंह, वनदरोगा अमित कुमार व अन्य स्टाफ, जेआरएफ अंकिता कटियार, एवं ब्राइट एंजल विद्यालय के अध्यापक विमल कुमार वाजपेई, छात्र छात्रायें सहभागी रहे।

डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में हरी झंडी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारंभ

कानपुर देहात। डीएम आलोक सिंह के द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर से हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर डीएम ने आमजन से अपील की कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु गमलो/क्यारियों की नियमित सफाई करें, पुराने टायर/कबाड़ में पानी का जमाव न होने दे। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, पानी की टंकी को ढक कर रखें, नालियों की सफाई रखें, हैंडपंप के पास पानी जमने ना दे, कूलर फ्रिज की ट्रे की साप्ताहिक सफाई करें, कचरेदानी को ढक कर रखें। उन्होंने कहा की इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से नालियों के साफ सफाई, एंटी लार्वा फागिंग व अन्य संबंधित गतिविधियां तहसीलों, ब्लाकों, गांव में कराई जाएगी।

तालीबानी अंदाज में प्लास से निकाले दलित मजदूर के पैर के नाखून

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां टेंट हाउस में काम करने वाले दलित मजदूर को दबंगों ने पीट-पीट कर मरणासन्न ही नहीं किया, बल्कि लोहे के प्लास से उसके पैर के नाखून उखाड़ दिया। आरोपियों की तालिबानी सजा से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी शिवम कोरी (19) पुत्र संतोष कोरी को दबंगों ने बेरहमी से पीट-पीट कर मरणासन्न कर दिया। दबंगई का आलम ये रहा कि एक कार्यक्रम में टेंट-लाईट के काम को अंजाम दे रहे दलित युवक को उठा ले गए और बाहर ले जाकर अमानवीय व्यवहार की सारी सीमाएं पार कर दी। जिला अस्पताल के स्ट्रेचर पर मरणासन्न हालत में पड़े मजदूर पर दबंगों का ऐसा कहर बरपा, जिसकी कहानी सुनकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। घायल के पिता संतोष कोरी ने बताया कि शिवम कोरी टेंट हाउस में मजदूरी का काम करता है। बकेवर कस्बे में एक भंडारा में टेंट लगाए हुए था। वहां पर किसी बात को लेकर आपस में वाद-विवाद हो गया, जिसके बाद दबंगों ने उसे लोहे के प्लास और रॉड से बुरी तरह पीटा। इस अमानवीय अत्याचार में दबंगों ने तालीबानी अंदाज में प्लास से उसके पैर के नाखून तक निकाल दिए। पीड़ित शिवम कोरी की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचते ही दबंग फरार हो गए। ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल शिवम को देखकर तुरंत पुलिस को सूचित किया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के पिता ने दबंगों के खिलाफ पुलिस से की शिकायत। पुलिस फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

पुलिस की नजर अवैध खनन कारोबारियो पर होगी पुलिस अधीक्षक

फर्रुखाबाद। नवागंतुक पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी नें साफ कहा कि जनपद में अबैध खनन का कारोबार करने वाले लोगों पर पुलिस की नजर पैनी रहेगी। पुलिस उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही भी करेगी। पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता के दौरान एसपी नें कहा कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर थी उसको और बेहतर किया जायेगा। पुलिस की छवि खराब न हो इसके लिए प्रयास रहेगा। जनपद में अबैध खनन किसी भी कीमत में नही होने दिया जायेगा। जनपद के लगे सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रयास किया गया है। फरियादी को न्याय मिले उसे भटकना न पड़े इसके लिए थाना प्रभारियों को बोला गया है।

तीन नये कानूनों हुए लागू

बांदा। 1 जुलाई को लागू हो रहे तीन नये कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रशिक्षण हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन। नये कानूनों के बनने के साथ ही पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए चल रहा था प्रशिक्षण सत्र। प्रशिक्षण सत्र के दौरान पुलिस अधीक्षक बांदा, अपर पुलिस अधीक्षक बांदा, संयुक्त निदेशक अभियोजन व अन्य विधि विशेषज्ञों द्वारा पुलिसकर्मियों को किया गया प्रशिक्षित। उत्तर प्रदेश के बांदा में 1 जुलाई को भारत में लागू होने जा रहे 03 नये कानूनों भारतीय न्याय संहिताए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रशिक्षण हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों, मुख्य आरक्षी तथा आरक्षियों को नये कानूनों के प्रावधानों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। बता दें की नये कानून बनने के साथ ही पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रशिक्षण सत्र चलाया जा रहा है जिसके क्रम में आज विस्तृत कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मी निवास मिश्रए संयुक्त निदेशक अभियोजन अजय तिवारी तथा अन्य विधि एवं कानून विशेषज्ञों द्वारा पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिसकर्मियों को तीनों नये कानूनों से संबंधित पुस्तक व पम्प्लेट का वितरण किया गया। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा नये कानूनों के संबंध में आम जनमानस में व्यापक जनजागरुकता का बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए है। नये कानूनों के संबंध में पुलिसकर्मियों की प्रश्न पत्र के माध्यम से परीक्षा भी ली गई।

पहली ही बारिश में शहर पानी-पानी, कई जगह जलभराव

फतेहपुर। पहली ही बारिश में शहर में जगह जगह भीषण जलभराव हो गया जिसकी चपेट में कई मोहल्ले व सरकारी कार्यालय भी आ गये। जलभराव की वजह से आम लोगो के साथ साथ कर्मचारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार भोर पहल से हल्की हल्की बारिश के बीच मौसम जहां सुहावना हो गया वहीं सुबह लगभग आठ बजे से मूसलाधार बारिश शुरू हुई। लगभग ढाई घण्टे की बारिश के बीच सड़कें पानी से लबालब भरकर गयीं। बरसात का पानी नालों की जगह सड़कों के ऊपर से होकर बहने लगा। निचले इलाकों का और भी बुरा हाल था। मोहल्लों में पानी भर गया जिससे निवासियों का घर टापू की तरह दिखाई देने लगा। जलजमाव की चपेट में सरकारी कार्यालय भी आ गये। जिसमें कचेहरी स्थित जिला बचत कार्यालय, पटेल नगर स्थित जिला पूर्ति कार्यालय, रानी कालोनी स्थित क्षेत्राधिकारी कार्यालय आदि के चारों ओर पानी भर गया, जिससे कर्मियों को दफ्तर जाने के लिए जलभराव से होकर जाने को मजबूर होना पड़ा।

नाला सफाई की खुली पोल

बारिश से पहले ही नगर पालिका परिषद के सफाई विभाग द्वारा नाली नालों की सफाई का अभियान शुरू किया गया था। सफाई अभियान के बाद महज पहली ही बारिश में जलभराव ने पालिका प्रशासन की सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। सिल्ट की वजह से मोहल्लों का पानी नालियों से न निकलने से सड़को के ऊपर से बहने लगा और जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गयी। पूर्व में जल निगम द्वारा बनाये गये आधे अधूरे नालों के भी अभी तक पूर्ण न होने से जलभराव की स्थिति और गहरा गयी।

कई मोहल्ले बने टापू

कई मोहल्ले पहली ही बारिश नहीं झेल सके जिससे बरसात के पानी की वजह से मोहल्लों की स्थिति टापू की तरह हो गयी। आवास विकास, रानी कालोनी, खलील नगर, कटरा अब्दुल गनी, तांबेश्वर नगर, पीरनपुर, पुराना जीटी रोड, लोधीगंज समेत शहर के कई अन्य मोहल्लों में भीषण जल जमाव की वजह से लोगो को निकलने में बाधाओं का सामना करना पड़ा। निकलने वाले लोगों को पानी अंदर से होकर जाने को मजबूर होना पड़ा।

बारिश से रेड एलर्ट

बारिश को लेकर मौसम विभाग ने अभी और बारिश की संभावनाएं जताई हैं। शुरुआत की बरसात में ही शहर की सड़कें जलमग्न होने लगीं। अभी तो शुरुआत है, अभी बरसात का पूरा मौसम पड़ा है। व्यवस्थाओं में सुधार नही किया जाता तो आने वाले दिनों में यदि भीषण बारिश की स्थिति बनती है तो शहर जलमग्न हो सकता है।

गर्मी से मिली राहत

पहले दिन की शानदार बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को बारिश ने जहां राहत पहुंचाई वही पशु पक्षियों को भी रहात मिली है। लोग अपने अपने घरों की छतों व बालकनी में खड़े होकर बरसात का आनन्द लेते हुए दिखाई दिए।

डीएम ने प्राथमिक विद्यालय मड़वाई में छात्र-छात्रों को वितरित की कॉपी पेन

कानपुर देहात। आज डीएम आलोक सिंह द्वारा अपने गोद लिए प्राथमिक विद्यालय मड़वाई का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सर्वप्रथम विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति जानी एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति का जायजा लिया। विद्यालय में पंजीकृत कुल 61 छात्र छात्राओं में से नवीन पंजीकृत 12 नए विद्यार्थियों को कॉपीए पेन आदि वितरित कर उनको शिक्षा के महत्व के बारे में बताया व उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय में शिक्षा की स्थिति का जायजा लिया व छात्र.छात्राओं से प्रश्न कियेए जिसमें छात्रा आफ्रीनए आयुषी व दिव्यांशी ने बिना झिझके उत्तर दिए जिस पर डीएम ने शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को और अच्छी शिक्षा प्रदान किये जाने के निर्देश दिए। साफ सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भोजन पर भी दृष्टि डाली जिसमें बताया गया कि आज मेन्यू के अनुसार रोटी, सोयाबीन आलू की सब्जी बनी पाई गई।

क्विक न्यूज

दीवार व पिकअप के बीच फंसकर मजदूर की मौत

राठ (हमीरपुर)। सरकारी बीच गोदाम में पिकअप गाड़ी को बैक करा रहे मजदूर की दीवार व पिकअप के बीच में फंसकर मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने कोतवाली में सूचना भेज दी है। जनपद हमीरपुर के कालपी चौराहा निवासी अवधेश ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। सोमवार को वह सरकारी तिल के बीज की गाड़ी उतारने के लिए बाराखंबा में स्थित बीज गोदाम में आया था। साथ में उसका 28 वर्षीय बड़ा भाई सुरेश पुत्र काली चरन था। बताया बीज गोदाम के अंदर उसका भाई पिकअप गाड़ी को पीछे खड़े होकर साइड में लगवा रहा था। तभी पिकअप चालक राधे निवासी हमीरपुर ने जैसे ही गाड़ी पीछे की तो उसके भाई की गर्दन दीवार व पिकअप के बीच में दब गई। वहां मौजूद अन्य मजदूर सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक अखिलेश सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मृतक के भाई ने बताया कि उसका भाई भी पल्लेदारी करता कर परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक अपने पीछे एक सात वर्षीय पुत्री आरजू छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी प्रीति और मां गिरजा का रो रोकर बुरा हाल है। बताया कि उसका करीब 25 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

डीएम व एसपी द्वारा नव प्रवेशित छात्र.छात्राओं का स्वागत किया

फर्रुखाबाद। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में नये शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कन्या प्राथमिक विद्यालयए याकूतगंज में जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री आलोक प्रियदर्शी द्वारा नव प्रवेशित छात्र.छात्राओं का स्वागत किया गया व उन्हें उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी गई साथ ही ज्यादा से ज्यादा नए बच्चों को प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया ए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सलमा बेगम द्वारा बच्चों के लिए विद्यालय में वाटर कूलर लगवाया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीए जिला विकास अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी बढ़पुर मौजूद रहे।

शादी के तीन दिन पहले युवती की सीढ़ी से गिरने से मृत्यु

मौदहा, हमीरपुर। अपनी शादी के लिए घर की सफाई करते समय सीढियों से गिरकर होने वाली दुल्हन की मौत हो गई जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। ग्राम छिरका निवासी उदित की पुत्री नेहा का तीन दिन बाद विवाह होना था जिसके लिए घर की साफ सफाई का काम चल रहा था जिस में होने वाली दुल्हन नेहा (19) भी हाथ बंटा रही थी लेकिन रविवार दोपहर अचानक नेहा का सीढियों से पैर फिसल गया जिसे गंभीर हालत में परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शादी के घर में हुई इस घटना से कोहराम मच गया है और परिजनों सहित रिश्तेदारों का रो रो कर बुरा हाल है।

तालाब में डूबकर छात्र की मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के मवईया जमालपुर गांव के समीप खेत की मेड बांधने गए इंटर के छात्र का पैर मेड पर फिसल गया और छात्र समीप में स्थित तालाब के गहरे पानी में डूब गया। तुरंत उसको बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मवईया जमालपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार यादव का 20 वर्षीय पुत्र गौरव यादव आज सुबह अपने खेत की मेड बांधने गया था। तभी उसका खेत की मेड पर पैर फिसला और वह समीप स्थित तालाब के गहरे पानी में डूब गया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत उसको तालाब से बाहर निकाल कर इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जांच के उपरांत छात्र को मृत घोषित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस में रखवा दिया। वहीं साथ आए परिजनों में कोहराम मच गया।

नलकूप की दीवार ढहने से अधेड़ की मौत

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरौली में रविवार की सुबह नलकूप की दीवार ढह जाने से लगभग 55 वर्षीय अधेड़ की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। नरौली गांव निवासी हुबलाल का पुत्र श्रीनारायण सोमवार की सुबह अपने नलकूप गए थे। तभी अचानक दीवार ढह गई। जिसके मलबे के नीचे वह दब गए। शोर-शराबा सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और जल्दी-जल्दी मलबा हटाया तब तक श्रीनारायण की घटनास्थल पर मौत हो गई।

मानसिक तनाव में महिला की उपचार दौरान मौत

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जहानपुर में पति के छोड़ जाने के बाद से मानसिक तनाव में आई लगभग 25 वर्षीय महिला की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जहानपुर गांव निवासी शिवम गुप्ता की पत्नी प्रीती उर्फगुड़िया पति के छह माह पूर्व छोड़कर चले जाने के बाद से मानसिक तनाव में रहने लगी थी। कुछ दिन पूर्व हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे कानपुर हैलट में भर्ती कराया। जहां रविवार की देर रात उसकी मौत हो गई।

शांति कमेटी की बैठक सम्पन्न

संडीला (हरदोई)। कोतवाली में आयोजित शांति कमेटी की बैठक में बोलते हुए सीओ शिल्पा कुमारी ने उपस्थित लोगों से कहा कि मोहर्रम और कांवड़ यात्रा के त्यौहारों में एक दसूरे के त्यौहार के सम्मान की भावना से मनाया जाए और किसी प्रकार की नई परंपरा न शुरू की जाए। शांति कमेटी की बैठक में नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियोंए सभासदों तथा प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने भाग लिया। बैठक में आए स्वास्थ्य विभाग के सेवा निवृत्त संयुक्त निर्देशक डॉ. तसद्दुक हुसैन रिज़्वी ने कहा कि मोहर्रम सत्य के लिए सब कुछ बलिदान करने का अवसर है। मोहर्रम के अवसर पर नगर में दर्जनों जुलूस और घर.घर मजलिसों का आयोजन होता है। इस दौरान नगर में पर्याप्त सफ़ाई व्यवस्थाए पेयजलापूर्ति और मार्ग प्रकाश व्यवस्था को सुद्रढ़ किए जाने की आवश्यकता रहती है। संबंधित विभागों के अधिकारीगण इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें।

फर्जी मुकदमे की धमकी से आहत युवक ने गोली मारकर कर ली आत्महत्या

संवाददाता। सुमेरपुर(हमीरपुर)

कस्बे के नेहा चौराहा के समीप सोमवार को सुबह एक युवक ने प्रेम प्रसंग के मामले में फर्जी मुकदमे की धमकी से परेशान होकर अवैध तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक अपने माता-पिता के इकलौती संतान है। कस्बे में नेहा चौराहा के पास बांकी मार्ग में रजवा सोनी की ब्रेकरी एंड कोल्ड ड्रिंक्स की दुकान है। इस दुकान में रजवा सोनी के अलावा उसका इकलौता पुत्र मोंटी सोनी 26 वर्ष भी बैठता था। सुबह करीब 10रू00 बजे इसने प्रतिदिन की तरह दुकान खोली और दुकान में बैठा था घर के सभी सदस्य दुकान के पीछे मकान में मौजूद थे।

करीब 10.30 बजे उसने अवैध तमंचे से सिर में गोली मार ली। इसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर अंदर से पिता रजवा सोनी पत्नी कलावती संग दौड़कर दुकान में आए तो देखा मोंटी लहुलुहान काउंटर के नीचे पड़ा था। उसकी मौत हो चुकी थी। इससे घर में कोहराम मच गया।

मृतक के पिता ने बताया कि शनिवार कस्बे के तीन लोगों ने पुत्री से प्रेम प्रसंग का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की थी और उसकी बाइक छीनकर थाने में खड़ी करा दी थी। उन्होंने उसे छेड़खानी जैसे मुकदमे फसाने की धमकी दी थी। इसी से आहत होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष, एस आई राजवीर सिंह, कस्बा इंचार्ज राहुल मिश्रा के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेने की कार्यवाही शुरू की। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

डीएम ने किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज

● संचारी रोगों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने का लिया संकल्प

लखीमपुर खीरी। सोमवार को कलेक्ट्रेट से ष्संचारी रोग नियंत्रण अभियानष् और स्टाप डायरिया कैंपेन का भव्य आगाज हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जन जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहनों का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। डीएम ने कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा उक्त का त्वरित एवं सही उपचार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। जिले में स्वास्थ्य से जुड़े दोनों प्रमुख अभियानो का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो, भविष्य में उनके अच्छे परिणाम प्राप्त हो, इसके लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं देती हूं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार काम कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में ना केवल सरकार की ओर से किए गए प्रयासों का जिक्र किया बल्कि सकारात्मक परिणाम भी गिनाएं।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने माहभर तक चलने वाले शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्टाप डायरिया कैंपेन की प्लानिंग व रूपरेखा को रेखांकित करते हुए इसकी आवश्यकता और प्रासंगिकता बताइ। इस जागरूकता रैली में आशाए आंगनबाड़ी, प्रशिक्षु एएनएम, स्वच्छता दूत भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। यह रैली जागरूकता नारों का उद्घोष करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद वर्मा, डॉ धनीराम, डॉ लालजी पासी, डॉ अमितेश दत्त द्विवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर, डीपीओ भारत कुमार, ईओ संजय कुमार, डीपीएम अनिल यादव सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे अभिभावक व उनके शिक्षक मौजूद रहे।

संचारी रोगों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने का लिया संकल्प

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारी, कर्मचारियों को संकल्प दिलाया कि संचारी रोगों जैसे. मलेरिया, फाइलेरिया, एईएस, जेई, स्क्रब टाइफस, डेंगू, चिकनगुनिया, लेप्टोस्पायरोसिस, कालाजार इत्यादि रोकने के लिए हम हर सम्भव प्रयास करेंगे। सभी ने संकल्प लिया कि अपनी और अपने आस.पास की साफसफाई का पूरा ध्यान रखेंगे, शौंच के लिए शौचालय का प्रयोग करेंगे, बार.बार साबुन से हाथ धोयेंगे, पूरी आस्तीन कपड़ों का प्रयोग करेंगे। घर के बाहर हमेशा मुंह, नाक को मास्क से ढकेंगे। यदि कोई बच्चा गांव में बुखार पीड़ित मिलेगा, उसके परिवार को तुरन्त सरकारी अस्पताल जाने के लिए प्रेरित करेंगे। हम सब मिलकर संचारी रोगों, अन्य संक्रामक रोगों को हरायेंगे।

बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए के क्रियान्वयन के जन जागरूकता कार्यक्रम

● पुलिस लाईन, सदर कोतवाली, गुरसहायगंज कोतवाली सहित जनपद के थानों में डाला प्रकाश

कन्नौज। 01 जुलाई 2024 से तीन नए कानून 'भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी होने के संदर्भ में रिजर्व पुलिस लाइंस, सदर कोतवाली, गुरसहायगंज कोतवाली में सहित जनपद के थानों में जन जागरूकता .कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका राज्यमंत्री असीम अरुण, डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा तीनों नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आज 01 जुलाई 2024 से लागू हो गए है। यह अंग्रेजो द्वारा बनाये गए और अंग्रेजी संसद द्वारा पारित किये गए इंडियन पीनल कोड, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड और इंडियन एविडेंस एक्ट को समाप्त कर लाये गए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 को लाल किले की प्राचीर से कहा था। कि गुलामी की मानसिकता से बाहर निकला हुआ देश पंच प्रण को समर्पित हो। पंच यानी पांच प्रण में से एक प्रण यह भी प्रण था कि गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करना है। इन नए कानूनों का उद्देश्य राष्ट्र की अद्वितीय सांस्कृतिक ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान की रक्षा करना तथा उसे पुष्ट करना है। इन तीन कानून का उद्देश्य दंड देने का नहीं है, बल्कि न्याय देने का है। भारतीय न्याय संहिता, जो आईपीसी की जगह लेगा में पहले की 511 धाराओं के स्थान पर अब 358 धाराएं होगी, 175 धाराओं में बदलाव किया गया है। 10 नयी धाराएं जोड़ी गयी है और 19 धाराओं को निरस्त किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, जो सीआरपीसी की जगह लेगा, में अब 531 धाराएं रहेंगी, 160 धाराओं को बदल दिया गया है। 09 नयी धाराएं जोड़ी गई हैं और 15 धाराओं को निरस्त किया गया है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम एविडेंस एक्ट की जगह लेगा, में पहले की 167 के स्थान पर अब 170 होंगी, 23 धाराओं में बदलाव किया गया है, 2 नयी धाराएं जोड़ी गयी है और 11 धाराएं निरस्त की गयी हैं। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से शिकायत देने पर 03 दिन के भीतर शिकायत दर्ज होनी है, (एसईसी 173 बीएनएसएस), बलात्कार के मामलो में मेडिकल जांच रिपोर्ट 7 दिन के भीतर देनी होगी। (एसईसी 184 बीएनएसएस) पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय करना है। (एसईसी 251 बीएनएसएस) आपराधिक मामलो में मुक़दमे की समाप्ति के 45 दिनों के भीतर निर्णय देना होगा। (एसईसी 258 बीएनएसएस) आपराधिक कार्यवाही में दो से अधिक स्थगन देने की अनुमति नहीं है। अब छोटे मोटे व कम गंभीर मामलो में समरी ट्रायल अनिवार्य है। 3 वर्ष तक की सजा में मजिस्ट्रेट समरी ट्रायल कर सकता है। (एसईसी 283 बीएनएसएस) आपराधिक कार्यवाही शुरू करने, गिरफ़्तारी, जांच, आरोप पत्र, मजिस्ट्रेट के समक्ष कार्यवाही, कॉग्नीज़न्स, चार्जेज, प्ली बार्गेनिंग, सहायक लोक अभियोजक की नियुक्ति, ट्रायल, जमानत, जजमेंट और सजा, दया याचिका के लिए एक समय सीमा निर्धारित की गयी है। यह कानून महिलाओ और बच्चो पर केंद्रित है। महिला एवं बच्चे के खिलाफ अपराध को भारतीय न्याय संहिता, 2023 के नए अध्याय 05 के तहत समेकित किया गया है। महिलाओं व बच्चो के अपराध से संबंधित 37 धाराएं है। 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के सामूहिक दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास या मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है। (एसईसी 69बीएनएसएस), चिकित्सकों को बलात्कार कि पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट सात दिनों के भीतर जांच अधिकारी को भेजनी अनिवार्य है। यह विक्टिम सेंट्रिक है। जीरो एफआईआर को संस्थागत किया गया है। अब एफआईआर कही भी दर्ज की जा सकेगी। वादी को एक थाने से दूसरे थाने के लिए भटकने की ज़रूरत नहीं है। जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद जिस भी क्षेत्र का केस होगा वहां एफआईआर ट्रांसफर कर दी जाएगी। पीड़ित को एफआईआर की एक प्रति प्राप्त करने का अधिकार है। विक्टिम को 90 दिनों के भीतर जांच में प्रगति के बारें में सूचित करना पड़ेगा।

भारतीय न्याय संहिता में पहली बार आतंकवाद की व्याख्या करके इसे दंडनीय अपराध बना दिया गया है। (एसईसी 113 बीएनएस) आतंकी कृत्य मृत्युदंड या आजीवन कारावास के साथ दंडनीय है। तीनो नए कानूनों को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए जनपद के सभी निरीक्षक, उप निरीक्षक व मुख्य आरक्षी व आरक्षी की ट्रेनिंग संपन्न कराई जा चुकी है। सीसीटीएनएस में टेक्निकल अपग्रेशन किया जा चुका है। कल दिनांक 30 जून 2024 को पुलिस कर्मियों की नए कानून के सम्बन्ध में परीक्षा भी कराई गयी है। सभी पुलिस कर्मियों की निरंतर ट्रेनिंग जारी रहेगी। भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 हमारे देश की न्याय प्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और न्यायपूर्ण बनाने का प्रयास करते हैं।

वन विभाग पेड़ लगाने के बाद उसकी सुरक्षा का कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं

बाँदा। बांदा में वृक्षारोपण को वर्षों से होता चला आ रहा है जब बरसात आई है जुलाई का महीना आता है वृक्षारोपण शुरू हो जाता है वृक्षारोपण दम से होता है लेकिन सच्चाई यह है की वन विभाग पेड़ लगाने के बाद उसकी सुरक्षा का कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं होता आपको बताते चलें विश्व रिकॉर्ड बन जाता है लेकिन आज भी देखिए बांदा में जब.जब प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में हरे वृक्ष लगाए गए लेकिन जब इनको अप्रैल से में के माह में गिना जाए तो गिनती में मात्र 4 से 5000 पेड़ ही तैयार होते हैं आखिर इतनी बड़ी लापरवाही क्यों हम टीवी में न्यूज़ पेपर में फोटो में पेड़ लगाने का फोटो छुपाते हैं और डाटा देते हैं कि हमने इतने लाख पेड़ लगाए पेड़ लगाना आसान

ममता पर लगाया तालिबानी राज का आरोप

भाषा। कोलकाता

भाजपा की महिला विधायकों ने एक जोड़े पर हमले और राज्य के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों को लेकर विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया, टीएमसी विधायक इस्लाम ने जोड़े की पिटाई को सही ठहराया

पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में एक जोड़े को सार्वजनिक रूप से पीटे जाने की घटना से आक्रोश फैल गया है। राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से घटना के संबंध में रिपोर्ट मांगी है वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस पर राज्य में तालिबान राज का आरोप लगाया है। हालांकि स्थानीय विधायक इस्लाम के इस बयान कि जोड़ा अवैध संबंध से समाज को गंदा कर रहा था से विवाद तेज हो गया और भाजपा ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी। स्थानीय विधायक इस्लाम ने कहा, यह जोड़ा कथित तौर पर अवैध संबंध में लिप्त था जिसके कारण उन्हें पीटा गया। वे अपनी हरकत से समाज को गंदा कर रहे थे। विधायक इस्लाम ने कहा , बेटा और पति होने के बावजूद महिला का अवैध संबंध में लिप्त होना गलत है। क्या यह अपराध नहीं है? क्या यह अनैतिक कार्य नहीं है? पॉल ने तृणमूल कांग्रेस के विधायक की आलोचना करते हुए कहा कि क्या तृणमूल ने राज्य में शरिया कानून लागू कर दिया है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित लड़के और लड़की के बीच कथित तौर पर अवैध संबंध थे जिसके कारण उन्हें एक कंगारू कोर्ट (अवैध अदालत) के निर्देश पर सरेआम पीटा गया। इस घटना का वीडियो सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति जोड़े की डंडे से पिटाई करता दिख रहा है। पिटाई करने वाले इस व्यक्ति की पहचान ताजमुल उर्फ जेसीबी के रूप में की गई है। ऐसा दावा किया गया है कि वह स्थानीय तृणमूल कांग्रेस का नेता है। उसे कल रात गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया जहां से उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। शुक्रवार को हुई इस घटना का वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर सार्वजनिक होने के बाद पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज किया। पीटीआई-भाषा स्वतंत्र रूप से वीडियो की पुष्टि नहीं कर सकता। भाजपा ने आरोप लगाया कि ताजमुल के चोपड़ा विधायक हमीदुल इस्लाम से संबंध हैं। एक नया वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ दिन पहले ताजमुल एक अन्य जोड़े की पिटाई करते हुए दिखाई दे रहा है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सोमवार को एक रिपोर्ट मांगी। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल इस घटना से स्तब्ध हैं और उन्होंने इसे बर्बर बताया है। एक अधिकारी ने कहा, राज्यपाल ने घटना की निंदा की है और मुख्यमंत्री बनर्जी से तत्काल रिपोर्ट मांगी है। पश्चिम बंगाल में भाजपा की महिला विधायकों ने जोड़े पर हमले और राज्य के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं के खिलाफ कथित अत्याचारों को लेकर सोमवार को विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा, तृणमूल सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति ने राज्य को असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बना दिया है। ऐसा लगता है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और उसके गुंडों ने राज्य में तालिबानी राज कायम कर दिया है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने सोमवार को कहा कि कुछ वर्ग गलत सूचना फैलाने और घटना को राजनीतिक रंग देने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया, सच्चाई यह है कि घटना के बारे में पता चलने पर पुलिस ने तुरंत अपराधी की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। पीड़ितों को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई गई है...। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शांतनु सेन ने घटना की निंदा की और कहा कि राज्य सरकार स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक कार्वाई कर रही है। तृणमूल के प्रवक्ता ने कहा, हम ऐसी घटनाओं का समर्थन नहीं करते। पीड़ितों को सुरक्षा मुहैया कराई गई है।

भाजपा ने गंभीर रूप से बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर ममता का इस्तीफा मांगा

नई दिल्ली। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में गंभीर रूप से बिगड़ती कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आने के बाद भाजपा ने ममता की इस्तीफे की मांग की। वीडियो में एक व्यक्ति सार्वजनिक रूप से एक दंपति को छड़ी से पीटता हुआ दिखाई दे रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने घटना का जिक्र किया और मुख्यमंत्री की न्याय व शासन की प्रतिबद्धता को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए इस कृत्य को सम्मान व मौलिक अधिकारों का गंभीर हनन बताया और मामले पर ममता बनर्जी की चुप्पी की आलोचना की।भाटिया ने जोर देकर कहा, यह शर्म की बात है कि उन्होंने (ममता) इस मुद्दे पर एक शब्द नहीं कहा। एक महिला और एक मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें सबसे पहले आगे आकर इस घटना की निंदा करनी चाहिए थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अपराधी ममता बनर्जी की टीएमसी पार्टी का एक नेता है। भाटिया ने पश्चिम बंगाल सरकार को लेकर ममता पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कानून-व्यवस्था को बरकरार रख पाने में विफल रही हैं। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से डगमगा चुकी हैं। ममता बनर्जी को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि वह नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में असमर्थ हैं। भाटिया ने टीएमसी विधायक हमदुलिल्लाह के एक विवादास्पद बयान को भी रेखांकित किया, जिसमें उन्होंने (टीएमसी नेता) कुछ इस्लामी देशों में न्याय प्रणाली का हवाला देकर इस घटना को कथित तौर पर उचित ठहराया था। भाटिया ने कहा, वह (हमदुलिल्लाह) इसे यह कहकर उचित ठहरा रहे हैं कि इस तरह का न्याय इस्लामी देशों में प्रचलित है। इस प्रकार उन्होंने भारत के संविधान में विश्वास रखने वाले देश में न्याय देने की तालिबानी शैली का समर्थन किया है।

पश्चिम बंगाल में भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।राज्य में भीड़ द्वारा किसी व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की यह चौथी घटना है। इससे पहले 28, 29 और 30 जून को कोलकाता, सॉल्ट लेक और झारग्राम में भी ऐसी ही घटनाएं हुई थीं। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान हुगली जिले के तारकेश्वर इलाके के नैता मालपहाड़पुर ग्राम पंचायत के रहने वाले बिस्वजीत मन्ना के रूप में हुई है।हुगली (देहात) थाना पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस अपराध के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।उन्होंने बताया कि पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रविवार रात को जब मन्ना अपने घर पर सो रहा था तो परिवार के परिचित आरोपियों ने उसे बुलाया।पुलिस ने बताया कि मन्ना ने आरोपियों से करीब 50 हजार रुपए का कर्ज लिया था, जिसे वह चुकाने में नाकाम रहा था।पुलिस ने कहा, आरोपियों ने मन्ना को उसके दोस्त के घर में बांध दिया और तब तक उसकी पिटाई जब तक कि वह बेहोश नहीं हो गया। मन्ना की मां ने अपनी बहू के साथ मिलकर जैसे-तैसे उसे छुड़ाया और एक नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा परिणाम घोषित

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के परिणाम सोमवार को घोषित कर दिए गए। यूपीएससी ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह परीक्षा 16 जून को आयोजित की गई थी। यूपीएससी ने कहा कि अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा के अंक, कट ऑफ अंक और उत्तर कुंजी सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। यूपीएससी के पास धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली में परीक्षा हॉल भवन के पास एक सुविधा काउंटर है, जहां से उम्मीदवार अपने परीक्षा परिणाम के बारे में कोई भी जानकारी या स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकते हैं।

भाजपा ने पंकजा मुंडे, चार अन्य को महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में उम्मीदवार बनाया

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई ने आगामी राज्य विधान परिषद चुनाव के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) नेता एवं पूर्व मंत्री पंकजा मुंडे और चार अन्य की उम्मीदवारी की सोमवार को घोषणा की। राज्य विधानमंडल के ऊपरी सदन की 11 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 12 जुलाई को होंगे।भाजपा ने एक विज्ञप्ति में मुंडे, पूर्व विधायक योगेश तिलेकर, परिणय फुके, अमित गोरखे और सदाभाऊ खोत को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव मुंडे 2019 में राज्य विधानसभा चुनाव हार गई थीं और हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में बीड से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राकांपा (शरदचंद्र पवार) के बजरंग सोनवणे से हार गई थीं। अन्य उम्मीदवारों में, तिलेकर पुणे से हैं, खोत सांगली से हैं और गोरखे पिंपरी चिंचवड से भाजपा के पदाधिकारी हैं और मातंग समुदाय से आते हैं, जो राज्य के पिछड़े वर्गों में से एक है। फुके नागपुर से हैं और भाजपा नेता एवं उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबी माने जाते हैं। विधानसभा सदस्यों (विधायकों) द्वारा चुने गए 11 एमएलसी का छह साल का कार्यकाल 27 जुलाई को पूरा होने वाला है। राज्य विधानमंडल के ऊपरी सदन के लिए द्विवार्षिक चुनाव अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले हो रहा है। 288 सदस्ईय सदन में 14 रिक्तियों के साथ, निर्वाचक मंडल की संख्या 274 है और जीतने वाले उम्मीदवार के लिए कोटा 23 है। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के पास 41 विधायक हैं, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पास 40 और भाजपा के पास 103 विधायक हैं। वहीं कांग्रेस के पास 37, शिवसेना (यूबीटी) के पास 13 और राकांपा (शरदचंद्र पवार) के पास 15 विधायक हैं।

जीएम एनसीआर अशोक कुमार वर्मा ने किया प्रयागराज जंक्शन का निरीक्षण

प्रयागराज। नवागत महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे अशोक कुमार वर्मा ने प्रयागराज जंक्शन पर स्टेशन पुनर्विकास के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण सोमवार को डीआरएम हिमांशु बडोनी के साथ किया। जीएम एनसीआर ने इस मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कुंभ की तैयारियों का भी जायजा लिया। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे अशोक कुमार वर्मा ने प्लेटफार्म संख्या 4 और 5 पर चल रहे विकास कार्य का जायजा लेते समय अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों में मानकों को विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसी क्रम में स्टेशन पुनर्विकास के अंतर्गत प्रयागराज जंक्शन स्टेशन के सिविल लाइन साइड चल रहे निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। इस अवसर पर निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा स्टेशन पुनर्विकास के चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी महाप्रबंधक को दी गई। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे अशोक कुमार वर्मा ने आगामी कुम्भ 2025 की तैयारी के परिप्रेक्ष्य में स्टेशन के सिटी साइड क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। कुंभ 2025 में भीड़ के प्रबंधन टिकट वितरण सुरक्षा इंतजाम जैसी व्यवस्थाएं कैसे कार्य करेंगी। इस पर मंडल रेल प्रबंधक एवं उपस्थित अधिकारियों से चर्चा की।प्रयागराज जंक्शन स्टेशन के निरीक्षण में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे अशोक कुमार वर्मा के साथ मण्डल रेल प्रबन्धक प्रयागराज हिमांशु बडोनी प्रयागराज जंक्शन के स्टेशन निदेशक वी के द्विवेदी एवं निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी अमित कुमार सिंह जनसंपर्क अधिकारी प्रयागराज मण्डल उत्तर मध्य रेलवे ने दी।फोटोत्र डीआरएम हिमांशु बडोनी के साथ जंक्शन का निरीक्षण करते जीएम एनसीआर अशोक कुमार वर्मा।

मणिपुर के सीएम ने इस्तीफे की खबरों का खंडन किया

मीडिया से अफवाह न फैलाने को कहा

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने सोमवार को अपने इस्तीफे की खबरों को निराधार बताया और मीडिया से अफवाह न फैलाने को कहा। सिंह ने दावा किया कि यह उनके कुछ राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की कोशिश है, जो राज्य में मौजूदा स्थिति का फायदा उठाना चाहते हैं। मणिपुर पिछले वर्ष मई से हिंसा की चपेट में है। एक मीडिया संस्थान द्वारा मुख्यमंत्री के जल्द इस्तीफा देने की संभावना संबंधी खबर चलाए जाने के तीन दिन बाद सिंह का यह बयान आया है। मुख्यमंत्री ने कहा, मणिपुर मुश्किल दौर से गुजर रहा है। ऐसे नाजुक समय में मणिपुर के नेता कमजोर नहीं पड़ सकते। हमें अपनी क्षमताओं पर पूरा भरोसा है। देश भर में तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी होने पर इंफाल में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि मणिपुर मुद्दे को हल करना ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, (इस्तीफे की) अफवाहें संभवत: उन लोगों द्वारा फैलाई जा रही हैं, जो मुख्यमंत्री और मंत्री बनना चाहते हैं। साथ ही विपक्ष भी इसमें शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर की स्थिति पर उनकी सरकार प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय गृह मंत्रालय के साथ नियमित रूप से बातचीत करती आ रही है। मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की अगुवाई कर रहे सिंह ने कहा, अगर हम चले गए तो जनता की अगुवाई कौन करेगा? और अधिक अराजकता पैदा होगी। हमें लोगों को सही राह दिखानी होगी। सिंह ने मीडिया संस्थानों से निराधार खबरें प्रकाशित नहीं करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, अगर बिना पुष्टि के अटकलें लगाई जाने वाली खबरें प्रकाशित की जाएंगी तो दहशत का माहौल बन सकता है। ऐसी निराधार खबरें प्रकाशित करने से कुछ लोगों को ही खुशी मिल सकती है। हालांकि, संभावना है कि राज्य के 90 प्रतिशत लोग घबरा जाएंगे। उन्होंने मीडिया से मणिपुर आने और वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए कहा ताकि राज्य में शांति बहाल करने में मदद मिल सके।

विपक्ष ने संविधान बदलने को चुनावी मुद्दा बनाया, पर इसमें कोई सच्चाई नहीं थी: प्रफुल्ल

नई दिल्ली, भाषा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रफुल्ल पटेल ने सोमवार को कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन के सदस्यों ने लोकसभा चुनाव में संविधान बदलने और आरक्षण छीन लेने जैसी छोटी बातों को मुद्दा बनाया, जिनमें कि कोई सच्चाई नहीं थी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए पटेल ने यह भी कहा कि विपक्ष के दावों को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लोग प्रभावी तरीके से काट निकालने में विफल रहे।

उन्होंने कहा कि भारत का संविधान, दुनिभा के विभिन्न देशों के संविधान में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है और भारतीय संविधान की वजह से ही लोकतंत्र को जीवित रखने में देश को सफलता मिली है। पटेल ने कहा कि इस लोकसभा के चुनाव में भारत के संविधान पर प्रहार हो रहा है, भारत का संविधान खतरे में है जैसी बातें बार-बार सुनने को मिली। उन्होंने कहा, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हम सभी लोग आज संविधान के तहत ही इस सदन में बैठ हैं या उस सदन में निर्वाचित हुए हैं। लेकिन फिर भी संविधान के बारे में काफी कुछ इधर-उधर की बातें की गईं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की ओर से दिए गए संविधान की बदौलत ही 1950 में देश में महिलाओं को मतदान का अधिकार मिल गया था जबकि अमेरिका जैसे सबसे पुराने लोकतांत्रिक देश में काले लोगों और महिलाओं को यह अधिकार प्राप्त नहीं था।उन्होंने कहा कि उन्हें वोट का अधिकार 1960 के दशक में मिला।पटेल ने कहा, आज हम 75 सालों में देश में जो भी देख रहे हैं वह संविधान के तहत ही हुआ है। इसलिए इतना अफसोस होता था कि पूरे चुनाव में संविधान खतरे में है... 400 पार होगा तो संविधान बदला जाएगा... किसी का आरक्षण चला जाएगा... किसी के अधिकार छीने जाएंगे... यह किस तरह की छोटी बातों को लेकर इस राष्ट्र का चुनाव हम लोग लड़ रहे थे। शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी ने इसे छोटी बात कहने पर आपत्ति जताई, हालांकि पटेल अपनी बात पर कायम रहे। उन्होंने कहा, हां, छोटी बात थी क्योंकि उसमें सच्चाई नहीं थी। इसलिए छोटी बात थी। उन्होंने कहा कि संविधान को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता है और ना ही उसे कभी बदला जा सकता है।उन्होंने कहा, जिस लोकसभा में 100 से ज्यादा सांसद अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से निर्वाचित होकर आते हैं, अगर हम उनका अधिकार छीनने की बात करेंगे तो क्या वह समर्थन करेंगे। पटेल ने सदन के नेता जे पी नड्डा का नाम लेकर कहा कि लोकसभा चुनाव में हमें जिस प्रभावी तरीके से इस दावों की काट करनी चाहिए थी, वह हम नहीं कर सके।

धनखड़ ने प्रधानमंत्री के चुनावी भाषणों, आरएसएस पर खरगे की टिप्पणियों को कार्यवाही से बाहर किया

नई दिल्ली, भाषा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकसभा चुनाव के दौरान दिए गए भाषणों की आलोचना की और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वैचारिक मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ भी आरोप लगाए। हालांकि सभापति जगदीप धनखड़ ने उनकी ज्यादातर टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से निकाल दिया। धनखड़ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का भी बचाव करते हुए इसे राष्ट्र के लिए काम करने वाला संगठन बताया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संसद के उच्च सदन में अपने भाषण के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने मोदी द्वारा अपनी चुनावी रैलियों में की गई विभिन्न टिप्पणियों का उल्लेख किया। उन्होंने सदन के समक्ष वह संख्या भी सामने रखी कि मोदी ने कितनी बार अपने भाषण में अल्पसंख्यकों और पाकिस्तान का उल्लेख किया। राज्यसभा के सभापति ने उनसे अपने दावों को प्रमाणित करने के लिए कहा। खरगे ने कहा कि उनके पास अखबार की ढेर सारी कतरने हैं जो उनक बातों की पुष्टि करती हैं। हालांकि सभापति ने अखबारों की कतरनों को पुष्टि के रूप में स्वीकार करने से इनकार कर दिया। खरगे का उनकी पार्टी के सहयोगी और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने समर्थन किया। उन्होंने पूछा कि एक विपक्षी सांसद खबरों का हवाला देने के अलावा कैसे प्रमाणित कर सकता है कि प्रधानमंत्री ने क्या कहा है।हालांकि, सभापति ने दलीलों को स्वीकार नहीं किया और खरगे द्वारा की गई टिप्पणियों को कार्यवाही से हटा दिया। खरगे ने जोर देकर कहा कि वह केवल प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए भाषणों की विभाजनकारी प्रकृति को सामने रखना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी से पहले किसी अन्य प्रधानमंत्री ने इस तरह की टिप्पणी नहीं की।

शिरोमणि अकाली दल के बागी नेता अकाल तख्त जत्थेदार के समक्ष पेश हुए

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के बागी नेता सोमवार को अकाल तख्त के जत्थेदार के समक्ष पेश हुए और राज्य में उनकी पार्टी के सत्ता में रहने के दौरान की गई गलतियों के लिए माफी मांगी। बागी नेताओं ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर स्थित अकाल तख्त सचिवालय में अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह को माफीनामा सौंपा। अकाल तख्त सिखों की सर्वोच्च धार्मिक पीठ है। पत्र में नेताओं ने 2007 से 2017 के बीच पूर्ववर्ती शिअद शासन के दौरान की गई चार गलतियों के लिए माफी मांगी, जिसमें 2015 की बेअदबी की घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करने में विफलता और 2007 के ईशनिंदा मामले में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को माफ करना शामिल है। बागी नेताओं ने दावा किया कि सिख पंथ और पंजाब के लोग इन गलतियों के कारण अकाली दल से दूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वे सिख सिद्धांतों के अनुसार किसी भी सजा का सामना करने के लिए तैयार हैं।

पेज 1 का शेष

राहुल गांधी...

इससे पहले इंडिया गठबंधन के सांसदों ने विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सरकार द्वारा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के खिलाफ संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, खड़गे ने मोदी के इस बयान पर कटाक्ष किया कि उनके शासन के पिछले 10 साल सिर्फ ट्रेलर थे और 'पिक्चर अभी बाकी है'। उन्होंने कहा कि एनडीए के तीसरे कार्यकाल में परीक्षा के पेपर लीक, जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला, ट्रेन दुर्घटना, हवाईअड्डे की छत ढहना, पुलों का धंसना और टोल टैक्स में बढ़ोतरी देखी गई। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने भी चुनावी भाषणों के लिए पीएम की आलोचना की और सत्तारूढ़ भाजपा के वैचारिक अभिभावक आरएसएस पर आरोप लगाए, लेकिन उनके अधिकांश बयानों को सभापति जगदीप धनखड़ ने हटा दिया। खड़गे ने कहा कि पिछले सात सालों में 70 बार पेपर लीक हुए हैं और इससे 2 करोड़ छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। खड़गे ने कहा कि पीएम मणिपुर नहीं गए, जो पिछले एक साल से जल रहा है। राहुल के ठीक बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के एक अन्य विपक्षी नेता टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने भी अयोध्या सहित हर पहलू पर मोइत्रा के व्यंग्यात्मक हमलों का सामना करके सत्तारूढ़ भाजपा के लिए स्थिति और खराब कर दी, उन्होंने कहा कि भाजपा ने उनकी आवाज को दबाने की बहुत भारी कीमत चुकाई, जिसके कारण भाजपा के 63 सांसदों को हार का सामना करना पड़ा।

भाजपा....

एनडीए में भाजपा की सहयोगी लोजपा नेता और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी लोकसभा में विपक्ष के नेता पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ने सरकार का विरोध करने के प्रयास में भगवान शिव के भक्तों का विरोध करना शुरू कर दिया। पासवान ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष पर विपक्ष के नेता के पद की गरिमा को कम करने का भी आरोप लगाया। सरकार का विरोध करते-करते उन्होंने शिवभक्तों का विरोध करना शुरू कर दिया। मैं भगवान शिव में आस्था रखता हूं। उन्होंने कहा, आप जिस तरह से अपने राजनीतिक लाभ के लिए सदन में शिव की छवि को लहरा रहे थे, उसे कोई भी शिव अनुयायी बर्दाश्त नहीं करेगा।

विश्वकप..

भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ, परिवार और अधिकारी शामिल हैं, जिसमें लगभग 70 सदस्य हैं। भारत ने शनिवार को आईसीसी ट्रॉफी के लिए अपने 11 साल के इंतजार को खत्म करते हुए एक रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर दूसरी बार टी20 विश्व कप जीता है। मैन ऑफ द मैच विराट कोहली ने 59 गेंदों में 76 रनों की पारी खेलकर भारत को 176/7 के स्कोर तक पहुंचाया और फिर दक्षिण अफ्रीका को 169/8 पर रोककर ट्रॉफी अपने नाम की, जिसे उन्होंने आखिरी बार 2007 में जीता था।

नीट टॉपरों...

कम से कम 52 प्रतिशत 1,563 उम्मीदवारों में से 813 पुन: परीक्षा में शामिल हुए। चंडीगढ़ में कोई भी अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुआ, जबकि छत्तीसगढ़ से उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 291, गुजरात से एक, हरियाणा से 287 और मेघालय से 234 थी। एनटीए की ओर से पांच मई को 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर नीट-यूजी का आयोजन किया गया था, जिसमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। लगभग 24 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। पहले इसका परिणाम 14 जून को घोषित होने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जल्दी पूरा हो जाने के कारण परिणाम चार जून को घोषित कर दिए गए। यह परीक्षा देने वाले 67 छात्रों ने 720 अंक हासिल किए जो एनटीए के इतिहास में अभूतपूर्व है। इनमें हरियाणा के एक केंद्र के छह छात्र भी शामिल थे, जिससे अनियमितताओं का संदेह पैदा हो गया है। देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है। प्रश्नपत्र लीक सहित अनियमितताओं के आरोपों के कारण विरोध प्रदर्शन हुए और अदालत में याचिकाएं दायर की गईं और विभिन्न वर्गों ने संपूर्ण रूप से पुन: परीक्षा की मांग की। हालांकि, केंद्र ने कहा कि अनियमितताओं की घटनाएं स्थानीय स्तर पर हुई थीं और वह उन लाखों उम्मीदवारों के करियर को खतरे में नहीं डाल सकता, जिन्होंने उचित तरीके से परीक्षा पास की है।

हवाईअड्डे..

की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ जुड़ रही हैं। डायल के प्रवक्ता ने रविवार को एक बयान में कहा, हम टी3 और टी2 पर उड़ान संचालन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जबकि टी1 पर संचालन अस्थायी रूप से निलंबित है। हम सभी हितधारकों की समझ और समर्थन की सराहना करते हैं। टी1 पर दुकानें और सेवाएं संचालित करने वाली रियायतों के व्यावसायिक नुकसान के बारे में पूछे जाने पर, प्रवक्ता ने कहा था कि चूंकि मूल्यांकन प्रक्रिया अभी भी चल रही है, इसलिए विशिष्ट जानकारी देना जल्दबाजी होगी। इस बीच, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को सभी छोटे और बड़े हवाई अड्डों को संरचनात्मक मजबूती का गहन निरीक्षण करने के लिए एक परिपत्र जारी करने का निर्देश दिया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा, निष्कर्षों के आधार पर, सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की आवश्यकता तथा ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए दीर्घकालिक नीतियों के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

हिंदुत्व को हिंसा से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण राहुल की टिप्पणी पर बोला आरएसएस

भाषा। नई दिल्ली, भोपाल

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संबंध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की टिप्पणी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सोमवार को अपत्ति जताई और कहा कि हिंदुत्व को हिंसा से जोड़ने संबंधी कांग्रेस नेता का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस नेता गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी सुनील अंबेकर ने कहा, महत्वपूर्ण पदों पर आसीन लोगों द्वारा हिंदुत्व को हिंसा से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चाहे यह (स्वामी) विवेकानंद का हिंदुत्व हो या (महात्मा) गांधी का, यह सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। अंबेकर आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार विभाग के प्रमुख हैं। गांधी ने लोकसभा में भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा था कि भाजपा के नेता हिंदू नहीं हैं क्योंकि वे चौबीस घंटे हिंसा और नफरत में शामिल रहते हैं।

राहुल की टिप्पणी का सत्ता पक्ष ने भारी विरोध किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस नेता पर पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक करार देने का आरोप लगाया। हालांकि, गांधी ने मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि वह भाजपा के बारे में बोल रहे थे और न तो सत्तारूढ़ पार्टी, न ही आरएसएस और न ही मोदी पूरे हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अध्यक्ष आलोक कुमार ने भी गांधी की टिप्पणियों की निंदा की और कहा कि अगर कांग्रेस नेता सोचते हैं कि उनकी पार्टी हिंदुओं को अपमानित करके वोट प्राप्त करेगी, तो उन्हें याद रखना चाहिए कि लोकसभा की जीती गई सीट के मामले में वह अब भी भाजपा से काफी पीछे है। कुमार ने एक वीडियो संदेश में कहा, उन्हें (गांधी को) याद रखना चाहिए कि कांग्रेस को (हालिया लोकसभा चुनाव में) 542 में से सिर्फ 99 सीट पर जीत मिली और वह अब भी अपने प्रतिद्वंद्वी से काफी पीछे है। वहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की हिंदुओं को हिंसक बताने संबंधी टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की और कहा कि हिंदू समाज को शर्मसार करने वाले अपने इस कथन के लिए राहुल गांधी को नाक रगड़ कर माफी मांगनी चाहिए।

जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने संभाला नए सेना प्रमुख का कार्यभार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा विवाद के बीच सोमवार को नए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना देश के सामने आने वाली सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार और पूरी तरह सक्षम है। तेरह लाख सैनिकों वाले बल का कार्यभार संभालने के एक दिन बाद जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में सेना प्रमुख ने कहा कि सेना अद्वितीय परिचालन चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे खतरों के लिए तैयार रहने के लिए सैनिकों को अत्याधुनिक स्वदेशी सैन्य हथियारों से लैस कर रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए को प्रोत्साहित करेंगे।जनरल द्विवेदी ने कहा, वह भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के बीच बेहतर तालमेल बैठाने का प्रयास करूंगा। यह राष्ट्रीय हित की रक्षा करेगा। उनकी कोशिश होगी कि थलसेना, नौसेना और वायु सेना व अन्य पक्षकारों के बीच तालमेल से हम संघर्ष की स्थिति में युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें। वह देश तथा सभी नागरिकों को आश्वस्त करते हैं कि भारतीय सेना सभी मौजूदा व भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच उन्होंने यह टिप्पणियां की हैं। वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और प्रौद्योगिकी बहुत तेज गति से विकसित हो रही है। भारतीय सेना अद्वितीय परिचालन चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे खतरों और विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए तैयार रहने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने सैनिकों को लगातार अत्याधुनिक हथियारों और प्रौद्योगिकी से लैस करें और अपनी युद्ध कौशल रणनीतियों को विकसित करना जारी रखें। भारतीय सेना परिवर्तन के मार्ग पर है और यह रक्षा में आत्मनिर्भर बनने की आकांक्षा रखती है। उन्होंने कहा, इसे हासिल करने के लिए स्वदेशी पहल को प्रोत्साहित करेंगे और अपने देश में निर्मित अधिकतम युद्ध प्रणालियों और उपकरणों को शामिल करेंगे। वह यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि सेना संघर्ष के पूर्ण स्पेक्ट्रम में काम करने के लिए तैयार है। यह सुनिश्चित करने का प्रयास होगा कि भारतीय सेना हमेशा संघर्ष के पूर्ण स्पेक्ट्रम में काम करने के लिए तैयार रहे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि भारत के हित सुरक्षित हैं और हम विकसित भारत-2047 के विजन को हासिल करने के लिए राष्ट्र निर्माण का एक प्रमुख स्तंभ बनेंगे। सेना का नेतृत्व करना उनके लिए बेहद गर्व की बात है। भारतीय सेना का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बेहद गर्व और सम्मान का क्षण है। भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराएं भारतीय सैनिकों की वीरता और बलिदान की विरासत पर टिकी हैं। इस अवसर पर वह उन वीरों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने अपने कर्तव्य के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। सेना प्रमुख ने कहा कि वह सेना के सभी कर्मियों के हितों की रक्षा करने तथा भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को पूर्ण सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। यह सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता होगी कि भारतीय सेना के सभी रैंकों और रक्षा नागरिकों के हितों और कल्याण का ध्यान रखा जाए। पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के प्रति भी जिम्मेदारी है और वह इस विस्तारित परिवार को अपना पूर्ण समर्थन देने का भरोसा देते हैं। सैनिक स्कूल, रीवा (मध्य प्रदेश) के पूर्व छात्र जनरल द्विवेदी को 1984 में जम्मू और कश्मीर राइफल्स की रेजिमेंट में कमीशन दिया गया था। उन्हें विभिन्न परिचालन वातावरण में उत्तरी, पूर्वी और पश्चिमी थिएटरों में संतुलित कमान के साथ-साथ स्टाफ एक्सपोजर का अनूठा गौरव प्राप्त है।

दो हजार के 97.87 प्रतिशत नोट वापस आए

भाषा। मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपए के 97.87 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। चलन से हटाए गए 7,581 करोड़ रुपए मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2000 रुपए मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। चलन में 2000 रुपए मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपए था। यह 28 जून 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,581 करोड़ रुपए रह गया। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, इस प्रकार 28 जून 2024 तक 2000 रुपए के 97.87 प्रतिशत बैंक नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। सात अक्टूबर 2023 तक 2000 रुपए के बैंक नोट को जमा करने औराया बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। 19 मई 2023 से 2000 रुपए के बैंक नोट को बदलने की सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध रही। आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर 2023 से लोगों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2000 रुपए के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में 2000 रुपए के बैंक नोट भेज रहे हैं।

●7,581 करोड़ रुपए मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास

बैंक नोट को जमाबदलने वाले आरबीआई के 19 कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2016 में उस समय चलन में मौजूदा 1000 रुपए और 500 रुपए के बैंक नोट को हटाए जाने के बाद 2000 रुपए के बैंक नोट लाए गए थे।

मप्र में विश्वविद्यालयों के कुलपति अब कहलाएंगे कुलगुरु

भोपाल ।मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने विश्वविद्यालयो के कुलपति पद का नाम बदलकर कुलगुरु करने के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, (कुलपति पद का नाम बदलकर कुलगुरु करने का) यह कदम हमे हमारी संस्कृति और गुरु परंपरा से जोड़ता है। सूबे के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने कुलपति पद का नाम बदलकर कुलगुरु करने के लिए संबंधित अधिनियम मे संशोधन को अनुमति दे दी। यादव ने कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयो के कुलपतियो को अब कुलगुरु कहा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहाकि यह निर्णय महत्वपूर्ण है क्योकि हम इस महीने गुरुपूर्णिमा मनाने जा रहे है और कुलपतियो को कुलगुरु के रूप मे संबोधित करना हमारी सांस्कृतिक परंपराओ के अनुरूप है। यादव ने कहा कि कई राज्यो ने नामकरण के इस प्रस्ताव मे रुचि दिखाई है और इसकी प्रतियां मांगी है।

एनएचआरसी ने प. बंगाल सरकार, डीजीपी को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली।राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सोमवार को कहा कि उसने पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के पुलिस प्रमुख को उन खबरो को लेकर नोटिस जारी किया है जिसमे कहा गया है कि उत्तर दिनाजपुर जिले के एक गांव मे लोगो के एक समूह द्वारा एक युगल की कथित तौर पर सार्वजनिक रूप से बेरहमी से पिटाई की गई। आयोग ने एक बयान मे कहा कि मुख्य अपराधी कथित रूप से पश्चिम बंगाल मे सत्तारूढ़ राजनीतिक दलै से जुड़ा हुआ है और वह सामने आए वीडियो मे लोगो के एक समूह से घिरे जोड़े की बुरी तरह पिटाई करते दिख रहा है। आयोग ने कहा कि मीडिया की खबर मे घटना से संबंधित सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो को भी उद्धृत किया है। इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए आयोग के महानिदेशक (जांच) से कहा गया है कि वे तत्काल एक टीम का गठन करे और उसे घटनास्थल पर भेजकर मामले मे तथ्यान्वेषी जांच करके रिपोर्ट जल्द से जल्द आयोग को सौपे तथा इस टीम का नेतृत्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कम रैंक के अधिकारी द्वारा नही किया जाना चाहिए।

बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से सात लोगों की मौत

पटना। बिहार के छह जिलो मे पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट मे आने से सात लोगो की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात के कारण हुई इन मौतो पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि आपदा की इस घड़ी मे वह प्रभावित परिवारो के साथ है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, रविवार से सोमवार शाम तक वज्रपात से औरंगाबाद जिले मे दो, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भागलपुर और दरभंगा मे एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनो को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने के निर्देश दिए है।

झारखंड में ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के आरोप में नौ लोग गिरफ्तार

धनबाद (झारखंड)। झारखंड के धनबाद जिले मे ऑनलाइन धोखाधड़ी के आरोप मे नौ लोगो को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इन लोगो को धनबद मे एक फ्लैट से गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने संवाददाताओ को बताया कि आरोपियो के किराए के फ्लैट से 29 मोबाइल फोन और पांच लैपटॉप सहित कई वस्तुएं बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपी ऑनलाइन गेम के अलावा डेबिट और क्रेडिट कार्ड बंद करने के नाम पर लोगो से ठगी कर रहे थे।

राहुल को अपने बयान के सत्यापन का निर्देश देने की शाह की मांग

भाषा। नई दिल्ली



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला से मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से अनाज नहीं खरीदे जाने और सेना के शहीद अग्निवीरों के परिजनों को मुआवजा न दिए जाने के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दावे को सत्यापित करने का निर्देश दें। शाह की मांग पर बिरला ने हामी भरी है। लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष गांधी ने सरकार पर चारों तरफ डर का माहौल पैदा करने का आरोप लगाते हुए अग्निवीरों के शहीद होने की स्थिति में उनके परिजनों को मुआवजा नहीं दिए जाने का दावा किया। उन्होंने अपने दावे की पुष्टि के लिए किसी शहीद के परिवार से हुई बातचीत का हवाला दिया। हालांकि उन्होंने संबंधित शहीद का नाम नहीं बताया। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए स्पष्टीकरण दिया और कहा कि नेता प्रतिपक्ष गलतबयानी करके सदन को गुमराह कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि किसी भी अग्निवीर के शहीद होने की स्थिति में उसके परिवार को एक करोड़ रुपए दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी को या तो इस दावे को सत्यापित करना चाहिए या फिर इस गलतबयानी के लिए माफी मांगनी चाहिए। इसी बीच गांधी ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से अनाज नहीं खरीदे जाने का आरोप लगाते हुए सरकार पर निशाना साधा, जिस पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने हस्तक्षेप किया। जब गांधी ने अपना संबोधन समाप्त किया तो, शाह ने निर्देश पुस्तिका दिखाते हुए कहा कि कोई भी मंत्री या सदस्य भाषण देते समय तथ्यात्मक चीजें रखते हैं और कोई सदस्य उसे चुनौती देते हैं तो आसन इसे सत्यापित करने का निर्देश दे सकता है। उन्होंने इसके लिए नियम पुस्तिका की नियम संख्या 115(एक) से 115(चार) तक का हवाला देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने कई ऐसे तथ्य रखे जो सत्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, सत्ता पक्ष ने उन बयानों पर आपत्ति जताई है। हम आपसे सत्यापन का निर्देश देने की मांग करते हैं, हमें संरक्षण मिले। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को अपने बयान के सत्यापन का निर्देश मिले। इस पर ओम बिरला ने कहा, सत्यापन करेंगे।

राहुल के हिंदुओं से संबंधित तंज को लेकर महाराष्ट्र विधान परिषद में हंगामा

मुंबई। महाराष्ट्र विधान परिषद मे सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राहुल गांधी के हिंदू नही संबंधी तंज को लेकर भाजपा और महा विकास आघाडी (एमवीए) के विधायको के बीच तीखी नोकझोक हुई जिसके कारण बार-बार बाधा उत्पन्न होने पर सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। भाजपा विधायक प्रसाद लाड ने परिषद मे यह मुद्दा उठाया और कहा कि लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश मे हिंदुओ का अपमान किया है। लाड ने राहुल की टिप्पणियो की निंदा की जिस पर विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस विधायको ने तीखा प्रतिक्रिया की। उन्होने लाड द्वारा गांधी की टिप्पणियो को सदन मे उठाने पर आपत्ति जताई और उपसभापति नीलम गोरहे से हस्तक्षेप की

मांग की।लाड ने राहुल गांधी के खिलाफ नारे भी लगाए। हंगामे के बीच गोरहे ने शाम 4.25 बजे परिषद की कार्यवाही को पांच मिनट के लिए स्थगित कर दिया। शाम करीब साढ़े चार बजे परिषद की बैठक फिर से शुरू होने के बाद प्रवीण दरेकर सहित अन्य भाजपा विधायक लाड के साथ शामिल हो गए, जिससे सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए फिर से स्थगित करनी पड़ी।सत्ता पक्ष के सदस्यो और विपक्ष का हंगामा जारी रहने पर उपसभापति ने परिषद की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश मे हिंसा, नफरत तथा डर फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया किए लोग हिंदू नही है , जिस पर सत्ता पक्ष के सदस्यो ने जोरदार तरीके से विरोध जताया। गांधी ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ या (प्रधानमंत्री नरेन्द्र)मोदी जी पूरा हिंदू समाज नही है। राहुल ने कहा, सभी धर्म और हमारे सभी महापुरुष अहिंसा और निडरता की बात करते है, लेकिन जो लोग खुद को हिंदू कहते है वे केवल हिंसा, नफरत और झूठ की बात करते है....आप हिंदू हो ही नही।

राहुल ने सरकार का विरोध करते हुए शिवभक्तों का भी विरोध किया: चिराग

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर सोमवार को निशाना साधते हुए यहां कहा कि कांग्रेस नेता ने सरकार का विरोध करने के प्रयास में भगवान शिव के भक्तों का विरोध करना शुरू कर दिया है। पासवान ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर नेता प्रतिपक्ष पद की गरिमा को घटाने का भी आरोप लगाया। लोकसभा में राहुल गांधी के भाषण के बारे में पूछे जाने पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग ने कहा कि कोई भी शिव भक्त यह बर्दाश्त नहीं करेगा जिस तरह उन्होंने लोकसभा में भगवान की तस्वीर लहराई। सदन के बाहर चिराग पासवान ने कहा, नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा होती है। आप इस तरह के बयान नहीं दे सकते। उन्होंने कहा, सरकार का विरोध करते-करते उन्होंने शिवभक्तों का विरोध करना शुरू कर दिया। मैं भी शिव भक्त हूं। मैं भगवान शिव में आस्था रखता हूं। जिस तरह से आप अपने राजनीतिक फायदे के लिए सदन में शिव की तस्वीर लहरा रहे थे, कोई भी शिवभक्त उसे बर्दाश्त नहीं करेगा। केंद्रीय मंत्री ने पूछा, वह कह रहे थे कि डरो मत, लोगों को डराओ मत...यह एक मजाक था। उन्होंने

तस्वीर को मेज पर रख दिया, उस पर कागज रख दिए, क्या यही उनकी आस्था है। पासवान ने राहुल गांधी पर सरकार के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाकर नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा को घटाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने गांधी का जिक्र करते हुए कहा, नेता प्रतिपक्ष के तौर पर आपका गंभीर कर्तव्य है कि आप नीतिगत मुद्दों पर सरकार को घेरें। आपने तथ्यात्मक रूप से सारी गलत टिप्पणियां कीं। हर टिप्पणी पर संबंधित मंत्री को स्पष्टीकरण देना पड़ा। पासवान ने कहा, आपने लोगों को गुमराह करने के लिए तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया, चुनाव के दौरान भी यही किया गया था। आपने संविधान और आरक्षण के बारे में गलत बातें कहीं। यह पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। व्यक्तिगत टिप्पणी करना उचित नहीं है। लोकसभा में, राहुल ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए कहा कि हिंदू धर्म का मतलब भय, घृणा और झूठ फैलाना नहीं है।

अरुणाचल प्रदेश में बारिश ने मचाई तबाही

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में लगातार बारिश के कारण सोमवार को कई जिलों में बाढ़ और भूस्खलन होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य की सभी प्रमुख नदियां उफान पर हैं और खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। खतरे के निशान से ऊपर बह रही कामेंग नदी ने पूर्वी कामेंग जिले के सेप्पा में कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राज्य की राजधानी के डिवीजन-चतुर्थ क्षेत्र में हुए भूस्खलन से कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और एक कार दब गई लेकिन कार चला रही महिला बाल-बाल बच गई। कोलोरियांग से विधायक पानी तराम ने बताया कि रविवार को कुरुंग पुल के बह जाने से कुरुंग कुमे जिले से संपर्क टूट गया है। अधिकारियों ने बताया कि नामसाई जिले और लोहित जिले के वाकरो गोल चक्कर में बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है क्योंकि सभी नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। उन्होंने बताया कि अब तक नामसाई और वाकरो के 34 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि लोगों को सतर्क रहने और सभी एहतियाती कदम उठाने की सलाह दी गई है। साथ ही उन्हें नदियों या नदी के किनारों पर जाने से भी परहेज करने की सलाह दी गई है। वहीं पूर्वी सियांग जिले में सियांग नदी और उसकी सहायक नदियों व अन्य बारहमासी धाराओं का जलस्तर उफान पर है।

नए फौजदारी कानून लागू होने पर विधि विशेषज्ञों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

भाषा। नई दिल्ली

ब्रिटिशकालीन फौजदारी कानूनों के स्थान पर सोमवार से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर विधि विशेषज्ञों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। कुछ ने इसे फौजदारी न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में अहम कदम करार दिया है, जबकि कुछ ने इसे कठोर और दिखावटी बदलाव बताया है। पूरे देश में एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

(बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसएस) लागू हो गया। इन तीनों कानूनों ने क्रमश: भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि वास्तविक सुधार करने के अवसर को गंवा दिया गया है और नए कानूनों में दिखावटी बदलाव किए गए हैं, जिसमें अदालतों, विशेष रूप से निचली अदालतों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या के महत्वपूर्ण पहलू की अनदेखी की गई है। हालांकि, वरिष्ठ अधिवक्ता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पूर्व अध्यक्ष आदिश सी अग्रवाल ने नए फौजदारी कानूनों को फौजदारी न्याय प्रदान करने की प्रणाली के आधुनिकीकरण और समयबद्ध न्याय प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

जुलाई में भारत में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है : आईएमडी

भाषा। नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश में जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल तरीके से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरे देश में जुलाई की औसत बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है जो लंबी अवधि के औसत (एलपीए) 28.04 सेमी से 106 प्रतिशत अधिक रह सकती है। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि

पश्चिमी तट को छोड़कर उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा, मध्य भारत, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और पश्चिमी तट पर सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि उत्तर-पश्चिम के कुछ हिस्सों और मध्य भारत के आस-पास के इलाकों और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने का अनुमान है। महापात्र ने कहा, हम जुलाई में मानसून के दौरान अच्छी बारिश की उम्मीद कर रहे हैं। आईएमडी ने बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत में जून का महीना 1901 के बाद से अब तक का सबसे गर्म महीना रहा, जिसमें औसत तापमान 31.73 डिग्री सेल्सियस रहा। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, इस क्षेत्र में मासिक औसत अधिकतम तापमान 38.02 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.96 डिग्री सेल्सियस अधिक है। औसत न्यूनतम तापमान 25.44 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.35 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत में जून में औसत तापमान 31.73 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.65 डिग्री सेल्सियस अधिक और 1901 के बाद सबसे अधिक है। वैज्ञानिकों ने कहा है कि वर्तमान में अल नीनो की स्थिति बनी हुई है और अगस्त-सितंबर तक ला नीना की स्थिति बन सकती है। अल नीनो , मध्य प्रशांत महासागर के गर्म होने, भारत में कमजोर मानसूनी हवाओं और शुष्क परिस्थितियों से जुड़ा हुआ है। अल नीनो के विपरीत ला नीना से मानसून के दौरान अच्छी बारिश होती है।

जून में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई

नई दिल्ली। भारत मे जून मे सामान्य से 11 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई जो पिछले पांच वर्षो मे सबसे ज्यादा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के आंकड़ो के अनुसार, देश मे जून महीने मे 147.2 मिमी बारिश हुई, जबकि सामान्य बारिश 165.3 मिमी होती है। इस तरह वर्ष 2001 के बाद से यह सातवां सबसे कम बारिश वाला महीना रहा। देश मे चार महीने के मानसून के दौरान औसतन कुल 87 सेमी वर्षा मे से जून की वर्षा का हिस्सा 15 प्रतिशत है। 30 मई को केरल और पूर्वोत्तर क्षेत्र मे जल्दी पहुंचने और महाराष्ट्र तक सामान्य रूप से आगे बढ़ने के बाद, मानसून ने गति खो दी, जिससे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश मे बारिश का इंतजार बढ़ गया और उत्तर-पश्चिम भारत मे भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा, देश मे 11 जून से 27 जून तक 16 दिन सामान्य से कम वर्षा हुई। इस वजह से कुल मिलाकर सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई। आईएमडी ने बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत मे 33 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई।

क्विक न्यूज

राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के मुद्दे पर पार्टी आलाकमान के फैसले का पालन करूंगा : सिद्धरमैया

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि राज्य मे अगर नेतृत्व परिवर्तन पर पार्टी आलाकमान कोई फैसला लेता है, तो वह उसका पालन करेगे। मुख्यमंत्री का यह बयान पार्टी के भीतर जारी खीचतान के बीच आया है। वोक्कालिगा समुदाय के एक प्रतिष्ठत महंत ने पिछले सप्ताह सार्वजनिक रूप से सिद्धरमैया से पद छोड़ने का आग्रह किया था, ताकि उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार के लिए मार्ग प्रशस्त हो सके। विश्व वोक्कालिगारा महासंस्थान मठ के महंत चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी की अपील के बारे मे संवाददाताओ द्वारा पूछे गए सवाल पर सिद्धरमैया ने कहा, यह सार्वजनिक चर्चा का विषय नही है। आलाकमान जो भी फैसला करेगा, हम उसका पालन करेगे। मुख्यमंत्री ने कहा, मै स्वामीजी के बयान पर टिप्पणी नही करना चाहता। हम राष्ट्रीय पार्टी है। एक आलाकमान है। इस बीच, शिवकुमार ने नेताओ को चेतावनी देते हुए कहा कि वे नेतृत्व परिवर्तन और उप मुख्यमंत्री के कई पद सृजित करने के संबंध मे बयान न दे। उन्होने कहा, अगर कोई सीमा लांघता है, तो पार्टी कार्वाई करेगी। सिद्धरमैया के करीबी माने जाने वाले कुछ मंत्रियो ने लिंगायत, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदाय से भी उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग है। कुछ लोग इसे शिवकुमार के राजनीतिक पर कतरने की कवायद मान रहे है, जो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी है।

कांग्रेस अकेले चुनाव लड़े या गठबंधन में शामिल होकर, रहेगी विपक्ष में ही : श्रीकांत शिंदे

नई दिल्ली। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने सोमवार को लोकसभा मे कहा कि इस चुनाव मे जनता ने संदेश दिया है कि विपक्षी दल कांग्रेस अकेले चुनाव लड़े या इंडिया गठबंधन मे शामिल होकर, उसे विपक्ष मे ही रहना है। शिवसेना के सदस्य शिंदे ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा मे भाग लेते हुए यह बात कही। महाराष्ट्र मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ सत्तारूढ़ महायुति मे शामिल शिवसेना केंद्र मे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की घटक है। शिंदे ने कहा कि शिवसेना राजग मे सबसे पुरानी सहयोगी है और वह पार्टी संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के समय और उनके बाद भी राजग मे शामिल है। शिंदे ने कहा कि पिछले 10 साल मे देश मे ऐतिहासिक और सकारात्मक काम हुए है और अगले पांच साल मे उससे अधिक काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे होगे।उन्होने कहा, इस चुनाव मे जनता ने संदेश दिया है कि कांग्रेस अकेले लड़े, या इंडिया गठबंधन मे शामिल होकर लड़े, रहना उसे विपक्ष मे ही है। शिंदे ने मुख्य विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि संविधान खतरे मे होने का झूठा विमर्श गढ़कर बार-बार जनता को भ्रमित नही किया जा सकता। चर्चा मे भाग लेते हुए भाजपा के धरमबीर सिंह ने कहा कि पिछले दस साल मे और उससे पहले के भारत मे बहुत बदलाव आया है। उन्होने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण मे विकसित भारत बनाने की पूरी रूपरेखा है।

एनआईए ने इंजीनियर राशिद को सांसद के तौर पर शपथ लेने के लिए सहमति दी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जेल मे बंद कश्मीरी नेता शेख अब्दुल राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद को पांच जुलाई को सांसद के तौर पर शपथ लेने के लिए सोमवार को अपनी सहमति दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह इस पर मंगलवार को आदेश पारित करेगे। बारामूला से निर्दलीय सांसद राशिद को जम्मू कश्मीर मे आतंकवाद के वित्त पोषण के एक मामले मे 2017 मे गिरफ्तार किया गया था। उन्होने शपथ लेने और अपने संसदीय कर्त्तव्यो का निर्वहन करने के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध करते हुए अदालत का रुख किया था। यहां एक विशेष अदालत ने 22 जून को मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी थी और एनआईए से जवाब मांगा था। एनआईए के वकील ने सोमवार को कहा कि राशिद को कुछ शर्तो के साथ शपथ लेने की मंजूरी दी जानी चाहिए जैसे कि वह मीडिया से बात न करे। उन्होने यह भी कहा कि राशिद को सभी औपचारिकताएं एक दिन के भीतर पूरी करनी होगी। राशिद अभी तिहाड़ जेल मे है। एनआईए द्वारा राशिद पर आतंकवाद के वित्त पोषण मे कथित संलिप्तता के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आरोप लगाए जाने के बाद 2019 से ही वह जेल मे है। कश्मीरी कारोबारी जहूर वटाली से पूछताछ के दौरान पूर्व विधायक का नाम सामने आया था। एनआईए ने कश्मीर घाटी मे आतंकवादी समूहो और अलगाववादियो को वित्त पोषण देने के आरोप मे वटाली को गिरफ्तार किया था।

बालासुब्रमण्यम की नई पुस्तक का विमोचन

**नई दि

नाइजीरिया में महिला आत्मघाती हमलावरों के हमले में 18 की मौत

भाषा। नाइजीरिया

उत्तरी नाइजीरिया में महिला आत्मघाती हमलावरों ने एक विवाह समारोह, अंतिम संस्कार कार्यक्रम और एक अस्पताल को निशाना बनाकर समन्वित हमले किए जिनमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बोर्नो राज्य में हुए इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है। यह राज्य बोको हराम के उग्रवाद से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। चरमपंथी समूह आत्मघाती बम विस्फोटों में पहले भी महिलाओं और लड़कियों का इस्तेमाल कर चुका है जिससे यह संदेह पैदा होता है कि इनमें से कुछ हमलावर उन स्कूली बच्चों समेत हजारों लोगों में से हैं जिन्हें आतंकवादियों ने पिछले कुछ सालों में अगवा किया है।बोर्नो राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के महानिदेशक बार्किंडो सैदु ने संवाददाताओं को बताया कि एक आत्मघाती हमलावर ने उत्तरपूर्वी शहर ग्वोजा में एक विवाह समारोह के दौरान विस्फोट किया। सैदु ने कहा, "कुछ ही मिनट बाद जनरल अस्पताल के पास एक और धमाका हुआ और अंतिम संस्कार के दौरान तीसरा हमला हुआ। उन्होंने बताया कि मृतकों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। सैदु ने कहा कि कम से कम 30 अन्य घायल हुए हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने एक बयान में इन हमलों को आतंक की हताशाजनक हरकत बताया है।बोको हराम की एक शाखा इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध है और यह नाइजीरिया में इस्लामिक राज्य स्थापित करना चाहता है। अधिकारियों ने शहर में कर्फ्यू लगा दिया है।

ऑस्ट्रेलिया ने 123 वर्षों में दूसरी बार महिला गवर्नर-जनरल को नियुक्त किया

भाषा। मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को सैम मोस्टिन को अपना गवर्नर-जनरल नियुक्त किया। 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को इस पद पर नियुक्त किया गया है। यह, वर्ष 2022 में महाराजा चार्ल्स तृतीय का कार्यकाल शुरू होने के बाद से इस तरह की पहली ऑस्ट्रेलियाई नियुक्ति है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी सरकार की ओर से भी यह पहली नियुक्ति है। लेबर पार्टी सरकार ब्रिटिश क्राउन के स्थान पर ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रपति को राष्ट्र प्रमुख के रूप में नियुक्त करना चाहती है।कारोबारी महिला और लैंगिक समानता की पक्षधर सैम मोस्टिन ने ऑस्ट्रेलिया की 28वीं गवर्नर-जनरल के रूप में शपथ ली।

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के खिलाफ मुकदमे से छूट के मामले को निचली अदालत में वापस भेजा

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमे से छूट से जुड़े मामले को सुनवाई के लिए वापस निचली अदालत में भेज दिया है। इस कदम से ट्रंप के खिलाफ वाशिंगटन आपराधिक मामले में सुनवाई लंबी खिंच सकती है और इससे यह संभावना समाप्त हो गई कि पूर्व राष्ट्रपति पर नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मुकदमा चलाया जा सकता है। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को पलटने की साजिश रची थी।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से 18 कैदी भागे, एक कैदी की गोली लगने से मौत

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) स्थित एक जेल से कम से कम 18 खतरनाक अपराधी एक सुरक्षाकर्मी पर हमला करने के बाद फरार हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फरार कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गई थी।

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालत ने सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीर गंडापुर के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। राजधानी इस्लामाबाद के संगजानी और आई-9 पुलिस थानो मे दर्ज हिंसा के दो मामलो मे गंडापुर को नामजद किया गया है। इन मामलो मे पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और अन्य नेताओं के भी नाम है।इस्लामाबाद स्थित अदालत के न्यायाधीश ताहिर अब्बास सुप्रा ने दोनो मामलो की सुनवाई की लेकिन गंडापुर और एक अन्य नेता आमिर मुगल सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहे।अदालत ने गंडापुर को पेशी से छूट देने की याचिका खारिज कर दी। न्यायधीश ने उनकी बार-बार अनुपस्थिति पर नाराजगी जताया और गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया। मुगल के खिलाफ भी इसी तरह के गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए।

न्यूयॉर्क के बाहरी क्षेत्र में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त

न्यूयॉर्क। अमेरिका मे न्यूयॉर्क के बाहरी क्षेत्र मे एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमे पांच लोग सवार थे। अधिकारियो ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह स्पष्ट नही है कि विमान का मलबा मिला है या नही और क्या कोई जीवित बचा है। अधिकारियो ने बताया कि घटना के संबंध मे जांच की जा रही है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने एक बयान मे कहा कि एक इंजन वाला पाइपर पीए-46 विमान ओनोन्टा के अल्बर्ट एस नादेर क्षेत्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद रविवार दोपहर करीब दो बजे सिडनी गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की प्रवक्ता सारा टेलर सुलिक ने कहा कि विमान चार्ल्सटन, वेस्ट वर्जीनिया जा रहा था।

वीडियो पोस्ट करने पर अल्जीरिया में दो पत्रकार गिरफ्तार

अल्जीयर्स। अल्जीरिया मे अधिकारियो ने एक सरकारी कार्यक्रम मे दुर्व्यवहार का शिकार महिला व्यवसायियो के विरोध प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो पोस्ट करने के लिए दो पत्रकारो को गिरफ्तार कर लिया। अल्जीरिया मे राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने के चार वर्ष पहले सत्ता मे आने के बाद से पत्रकारो को कथित रूप से दमन का सामना करना पड़ रहा है। देश मे मामूली आरोपो पर लंबे समय तक जेल की सजा भी हो सकती है। स्थानीय निगरानी समूह नेशनल कमेटी फॉर द लिबरेशन ऑफ डिटेनी की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार, समाचार वेबसाइट अल्जीरी स्क्यू से संबंधित पत्रकार सोफियानी घिरेस और फरहत उमर को पिछले सप्ताह उकसाने वाली और नफरत फैलाने वाली भाषा के वीडियो प्रसारित करने के आरोप मे हिरासत मे लिया गया। महिला स्टार्टअप संस्थापको ने वीडियो मे शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्रालय द्वारा आयोजित एक नवाचार कार्यक्रम के दौरान सरकार पर उन्हे अपमानित और उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया।

दक्षिण चीन सागर में तनाव के बीच चीन ने फिलीपीन तट के पास विमानवाहक पोत तैनात किया

भाषा। बीजिंग

चीन ने अपने दूसरे विमान वाहक पोत शेनडोंग को फिलीपीन तट के नजदीक तैनात किया है और इसे इलाके में गश्त करते देखा गया है। चीन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब फिलीपीन ने विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर दावा किया है, जिसपर बीजिंग भी अपना दावा करता है। चीन के सरकारी ग्लोबल टाइम्स समाचार पत्र में सोमवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, विमानवाहक पोत शेनडोंग, फिलीपीन के जलक्षेत्र में गश्त करता देखा गया। यह चीनी द्वीपों और टापुओं पर निरंतर फिलीपीन के उकसावे के खिलाफ एक प्रतिरोध के रूप में काम करता है। चीनी विशेषज्ञों के हवाले से अखबार ने कहा कि विमानवाहक पोत संभवत: एक निर्धारित अभ्यास पर है, जो इसे पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में संभावित सुदूर समुद्री यात्रा के लिए भी तैयार कर सकता है। शेनडोंग की तैनाती जनवादी मुक्ति सेना (पीएलए) द्वारा दक्षिण चीन सागर में बड़े और मध्यम विध्वंसक पोत सहित प्रमुख युद्धपोतों के साथ-साथ जल व थल पर जाने में सक्षम मुख्य जहाज को तैनात करने के बाद हुई है। यह कदम चीन का फिलीपीन के साथ समुद्र क्षेत्रीय संघर्ष बढ़ने के मद्देनजर उठाया गया है। हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने शंघाई विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान एवं विधि विभाग में रक्षा मामलों के प्रोफेसर नी लेक्सियोंग के हवाले से कहा कि शेनडोंग की गश्ती फिलीपीन और अमेरिका के जवाब में है। उन्होंने कहा कि इलाके पर दावे के बीच क्षेत्रीय समुद्री संप्रभुता की रक्षा के लिए चीन के दृढ़ संकल्प को रेखांकित करता है। संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून न्यायाधिकरण (यूएनसीएलओएस) ने 2016 में फिलीपीन के पक्ष में फैसला दिया था जिसके बाद द्विपीय देश अमेरिका के समर्थन से अपने अधिकार का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है। चीन ने न्यायाधिकरण का बहिष्कार किया था और उसके फैसले को खारिज कर दिया है। पिछले महीने चीन ने एक कानून पारित किया है जिसके तहत उसके तटरक्षक बल गैर कानूनी तरीके से चीन की समुद्री सीमा में दाखिल होने वाले पोतों को जब्त कर सकते हैं और उसपर सवार चालक दल के सदस्यों को हिरासत में रख सकता है। चीन के पास दो विमानवाहक पोत लियोनिंग और शेनडोंग है जबकि इन दोनों से बड़े तीसरे विमानवाहक युद्धपोत फुजियान का परीक्षण जारी है।

जापान ने अपने नए एच3 रॉकेट से पृथ्वी निगरानी उपग्रह प्रक्षेपित किया

तोक्यो। जापान ने सोमवार को एक नया महत्वाकांक्षी एच3 रॉकेट प्रक्षेपित करने के साथ ही आपदा प्रतिक्रिया और सुरक्षा के लिए एक उन्नत पृथ्वी निगरानी उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात कर दिया। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने बताया कि एच3 नंबर 3 रॉकेट ने दक्षिण पश्चिमी जापान के एक द्वीप पर तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 16 मिनट बाद तय योजना के अनुसार अपना पेलोड (उपग्रह) छोड़ा।उन्नत भूमि निरीक्षण उपग्रह या एएलओएस-4 को आपदा प्रतिक्रिया तथा मानचित्रण के लिए पृथ्वी की निगरानी करने तथा डेटा एकत्रित करने का काम सौंपा गया है।यह सैन्य गतिविधि जैसे कि मिसाइल प्रक्षेपण पर नजर रखने में भी सक्षम है। पहले यह प्रक्षेपण रविवार को किया जाना था लेकिन खराब मौसम के कारण इसमें देरी हुई। एएलओएस-4 मौजूदा एएलओएस-2 की जगह लेगा और यह अधिक व्यापक क्षेत्र की निगरानी कर सकता है। जापान कुछ समय के लिए दोनों उपग्रह का संचालन करेगा। जापान एक स्थिर, व्यावसायिक रूप से प्रतिस्पर्धी अंतरिक्ष परिवहन क्षमता को अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानता ह

पाकिस्तान ने भारत को 1965, 1971 के युद्धों के लापता रक्षाकर्मियों की सूची सौंपी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने भारत को 1965 और 1971 के युद्धों में लापता हुए रक्षा कर्मियों की सूची सोमवार को सौंपी। साथ ही, दोनों देशों ने एक-दूसरे की हिरासत में बंद असैन्य कैदियों और मछुआरों की सूचियों का आदान-प्रदान किया। विदेश कार्यालय ने यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि भारत और पाकिस्तान ने सोमवार को नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ राजनयिक माध्यम से एक-दूसरे की हिरासत में बंद असैन्य कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया। विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान ने 38 लापता पाकिस्तानी रक्षाकर्मियों की सूची भी सौंपी है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे 1965 और 1971 के युद्धों के बाद से भारत की हिरासत में हैं। पाकिस्तान ने पाकिस्तानी जेलों में बंद 254 भारतीय या भारतीय माने जाने वाले असैन्य कैदियों और मछुआरों की सूची सौंपी है, जबकि भारत ने भारतीय जेलों में बंद 452 पाकिस्तानी या पाकिस्तानी समझे जाने वाले असैन्य कैदियों और मछुआरों की सूची सौंपी है।

वरिष्ठ श्रीलंकाई राजनीतिज्ञ और तमिल नेता सम्पंथन का निधन

कोलंबो। वरिष्ठ श्रीलंकाई राजनीतिज्ञ और उदारवादी तमिल नेता आर. सम्पंथन का रविवार रात निधन हो गया। सम्पंथन ने द्वीपीय राष्ट्र में तमिल नागरिकों के लिए शांति, न्याय और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किए। तमिल नेशनल अलायंस ने घोषणा की कि सम्पंथन (91) का एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। सम्पंथन ने 2004 से तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) का नेतृत्व किया और सिंहली बहुल देश में मुख्य विपक्षी नेता बनने वाले दूसरे तमिल बने। वह बीमार होने के कारण लंबे समय से संसद के मौजूदा सत्र में शामिल नहीं हो रहे थे। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने एक संदेश में कहा कि सम्पंथन ने देश में विभाजन को पाटने के लिए अथकै काम किया और उनके निधन पर पूरे देश में शोक मनाया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं श्री आर. सम्पंथन के निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD
एच-1ए/18, सेक्टर 63, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, यूपी-201301। ई-मेल: n615@indianbank.co.in फोन नं. 0120-2427115

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत सूचना – बैंक के पास दृष्टिबंधक और गैर दृष्टिबंधक चल वस्तुओं का कब्जा लेने के संबंध में – (बैंक को गैर दृष्टिबंधक आइटम्स का परित्याग)

उधारकर्ता: 1. मैसर्स कैपिटल ट्रेडिंग कंपनी ए/35, द्वितीय तल, जेपी गार्डन, मोहन नगर, गाजियाबाद-201005, (यूपी)
2. प्रोपराईटर श्रीमती चित्रा मित्तल पत्नी श्री अविनाश कुमार मित्तल, निवासी ए/35, द्वितीय तल, जेपी गार्डन, मोहन नगर, गाजियाबाद-201005, (यूपी)
3. गारंटर: श्री अविनाश कुमार मित्तल पुत्र श्री विनोद कुमार मित्तल निवासी ए/35, द्वितीय तल, जेपी गार्डन, मोहन नगर, गाजियाबाद-201005, (यूपी)
4. बंधककर्ता: 1. श्रीमती चित्रा मित्तल पत्नी श्री अविनाश कुमार मित्तल, निवासी ए/35, द्वितीय तल, जेपी गार्डन, मोहन नगर, गाजियाबाद-201005, (यूपी)
2. श्री अविनाश कुमार मित्तल पुत्र श्री विनोद कुमार मित्तल, निवासी: ए/35, द्वितीय तल, जे पी गार्डन, मोहन नगर, गाजियाबाद-201005, (यू.पी.)

ऋण खाता सं. 6444960881

विषय : मैसर्स कैपिटल ट्रेडिंग कंपनी के नाम से सुरक्षित ओवरड्राफ्ट खाता सं. 6444960881, इंडियन बैंक, नोएडा सेक्टर-63 शाखा के साथ पंजीकृत

आप में से प्रथम ने इंडियन बैंक, नोएडा सेक्टर-63 शाखा से सुरक्षित ओवरड्राफ्ट सुविधा का लाभ उठाया है। उक्त ऋण/ओसीसी का पुनर्भुगतान कुछ संपत्ति के बंधक द्वारा सुरक्षित है। आप में से प्रथम ने बैंक को बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे और इसलिए अधिनियम की धारा-13 (2) के तहत जारी दिनांक 18.09.2017 के नोटिस द्वारा देय राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया। यह स्पष्ट किया गया कि यदि 60 दिनों के भीतर भुगतान नहीं किया जाता है, तो बैंक प्रतिभूतियों को अपने कब्जे में लेकर अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए बाध्य होगा।

जबकि मैसर्स कैपिटल ट्रेडिंग कंपनी भुगतान करने में असफल रहे, बैंक ने यहां नीचे अधिक विस्तृत रूप से वर्णित सम्पत्ति का कब्जा 13-06-2023 को ले लिया है। बैंक ने, कब्जा लेने के समय पर, उन चल वस्तुओं/माल/आइटम्स की सूची तैयार की है, जो यहां नीचे अनुसूची-वर्णित सम्पत्ति के भीतर पाई गई थीं। बैंक के पास दृष्टिबंधक नहीं रखा गया है।

इसकी एक प्रति एओ के पास उपलब्ध है। आपको एतद्द्वारा उक्त मदों को हटाने की व्यवस्था करने के लिए कहा जाता है जो 15 दिनों के भीतर बैंक को गिरवीध्चार्ज नहीं की गई हैं। एतद्द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि बैंक ऐसी वस्तुओं के किसी भी नुकसान/चोरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि बैंक इन मदों के लिए कोई बीमा कवरेज नहीं लेगा, क्योंकि वे बैंक के पास प्रभारित/दृष्टिबंधक नहीं हैं।

आप अधिकृत अधिकारी के साथ अग्रिम रूप से तय किए जाने वाले समय पर अपनी लागत और खर्चों पर उन चल वस्तुओं को अपने कब्जे में लेने के लिए स्वतंत्र हैं। यदि आप उन चल वस्तुओं को तुरंत औरध्या 15 दिनों के भीतर नहीं हटाते हैं, तो बैंक इस संबंध में आपके संदर्भ के बिना मदों को छोड़ने के लिए बाध्य होगा।

बैंक किसी भी बीमा और/या प्रतिभूतियों के मूल्य में गिरावट के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वस्तुओं को केवल प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के पालन में एक अलग स्थान पर रखा जाता है, हालांकि बैंक पर कोई कानूनी दायित्व नहीं है।

इस नोटिस के 15 दिनों के भीतर माल की डिलीवरी लेने के लिए अंतिम नोटिस लें, ऐसा न करने पर बैंक सभी वस्तुओं को छोड़ने के लिए बाध्य होगा, जिसके लिए आप और केवल आप ही जिम्मेदार होंगे।

अनुसूची

कब्जे में ली गई और उक्त सम्पत्ति में छोड़ी गई आस्तियों का विशिष्ट विवरण यहां नीचे दिया गया है :

रिहायशी सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका क्षेत्रफल 104.26 वर्ग मी. (सुपर क्षेत्रफल), प्लॉट नं. ए/35, द्वितीय तल, छत के अधिकार सहित, जेपी गार्डन, मोहन गार्डन, गाजियाबाद (यू.पी.) में स्थित, चौहद्दी: पूरब में – प्लॉट नं. ए-66, उत्तर में – प्लॉट नं. ए-36, पश्चिम में – 12मी. चौड़ी रोड़, दक्षिण में – 9मी चौडी रोड़

हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर,, प्लॉट नं. 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ने आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा(ओं) के लिए मूलधन और ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक की है। ऋण(ओं) को गैर-निष्पादित आस्ति(यों) (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था। हालांकि, इसे तामील नहीं किया गया है और इसलिए इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम और पता (ऋण खाता सं.)	सुरक्षित आस्तियों का विवरण	नोटिस भेजने की तिथि/नोटिस की तिथि तक बकाया	एनपीए की तिथि
1.	मनिंदर कुमार, कंचन, फ्लैट नं. 246/6, एसबीपी होम्स, एक्सटेंशन-3, छज्जू माजरा, सेक्टर-126, खरड़, मोहाली, पंजाब- 140301, खाता सं. LBZM000005455689	अपार्टमेंट नं. 247/6, 6वीं मंजिल, टॉवर नं. 15, एस.बी.पी होम्स, भूमि क्षेत्रफल 1/4 मरला, 26 कनाल 4 मरले में से 1/2096 हिस्सा, खेवट खतौनी नं. 95/117 में शामिल, खसरा नं. 22//3 (8-0), 4(8-0), 7(8-0), 14/2(2-4), जमाबंदी वर्ष 2017-18 के अनुसार, गांव छजूमाजरा, नगरपालिका सीमा खरड़ के अंतर्गत, हदबस्त नं. 33, तहसील खरड़, जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर, मोहाली, पंजाब-160055	21/05/2024 रु. 12,05,792/-	09/03/2024
2.	सृष्टि श्रीवास्तव, 0, फ्लैट नं. 706, टॉवर-ई, आर सिटी रीजेंसी पार्क, गौर सिटी 2, सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201306, खाता सं. TBMT00006623136	संपत्ति प्लॉट प्राइवेट नं. 148, क्षेत्रफल 216.66 वर्ग गज, खसरा नं. 4091, 4092, 4093, 4094, 4095, 4096, 4097 और 4098 सभी मिन में शामिल (बिक्री विलेख के अनुसार), और खसरा सं. 4093 मिन, जमाबंदी वर्ष 2015-16 के अनुसार, खेवट सं. 1041, खतौनी सं. 2810, सुल्तानविंड उप-शहरी तरफ महल-2, आबादी कोट मित सिंह (सिल्वर एस्टेट), फ्लैट तरन तारन रोड के पास, तहसील और जिला अमृतसर, पंजाब-143001 में स्थित	29/05/2024 & 31/05/2024 रु. 19,36,077/-	03/04/2024
3.	सृष्टि श्रीवास्तव, 0, फ्लैट नं. 706, टॉवर-ई, आर सिटी रीजेंसी पार्क, गौर सिटी 2, सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201306, खाता सं. LBAMT00006638779	संपत्ति प्लॉट प्राइवेट नं. 148, क्षेत्रफल 216.66 वर्ग गज, खसरा नं. 4091, 4092, 4093, 4094, 4095, 4096, 4097 और 4098 सभी मिन में शामिल (बिक्री विलेख के अनुसार), और खसरा सं. 4093 मिन, जमाबंदी वर्ष 2015-16 के अनुसार, खेवट सं. 1041, खतौनी सं. 2810, सुल्तानविंड उप-शहरी तरफ महल-2, आबादी कोट मित सिंह (सिल्वर एस्टेट), फ्लैट तरन तारन रोड के पास, तहसील और जिला अमृतसर, पंजाब-143001 में स्थित	29/05/2024 & 31/05/2024 रु. 61,125/-	03/04/2024

ये कदम नोटिस की प्रतिस्थापित तामील के लिए उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ता/ओं और/या गारंटरों/ओं (जैसा लागू हो) को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया भुगतान करने की सलाह दी जाती है। अन्यथा, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : जुलाई 02, 2024
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
कृते आई सी आई सी आई बैंक लि.

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 23, शाल टॉवर,, तीसरी मंजिल न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ने आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा(ओं) के लिए मूलधन और ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक की है। ऋण(ओं) को गैर-निष्पादित आस्ति(यों) (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था। हालांकि, इसे तामील नहीं किया गया है और इसलिए इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम और पता (ऋण खाता सं.)	सुरक्षित आस्तियों का विवरण	नोटिस भेजने की तिथि/नोटिस की तिथि तक बकाया	एनपीए की तिथि
1.	संजय कुमार/रचना/ खाता सं. TBROH00006618685/ मकान सं. 238, कंवर सिंह कॉलोनी, बिजेंद्र सिंह, एचडीएफसी बैंक के पीछे वार्ड नं. 1 हरियाणा झज्जर- 124103	प्लॉट नं. 264, ऑयस्टर ग्रीन्स, सेक्टर-102/102ए, गांव खेड़की माजरा, जिला गुड़गांव, हरियाणा-122001 में स्थित	24/05/2024 रु. 91,21,847/-	01-02-2024
2.	अश्वनी मिश्रा/रजनी मिश्रा/ खाता सं. LBGUR00003134211/ मकान सं. 1626, कमला इंटरनेशनल स्कूल के पास, सेक्टर 15, पार्ट 2, हरियाणा गुड़गांव- 122001	फ्लैट नं. ए-19, पहली मंजिल, 63 गोल्फ ड्राइव, टॉवर-ए, सेक्टर 63ए, गुड़गांव, हरियाणा-122001	06/06/2024 रु. 7,76,072/-	27-02-2024
3.	प्रशांत कुमार मोहंती/बानाश्री पटनायक खाता सं. LBFDB00003735998/ फ्लैट सं. बी2-401, ईस्टर्न हाइट्स अपार्टमेंट, न्याय खंड-111, इंदिरापुरम, उत्तर प्रदेश गाजियाबाद- 220734	फ्लैट नं. 1535/जीसी-05, 14वीं मंजिल, टॉवर-ई, जीसी-05/5वां एवेन्यू, गौर सिटी, प्लॉट नं. जीएच-01, सेक्टर-4, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश-201307 में स्थित	24/05/2024 रु. 25,49,829/-	02-03-2024
4.	प्रशांत कुमार मोहंती/बानाश्री पटनायक खाता सं. LBGUR00004047850/ फ्लैट सं. बी2-401, ईस्टर्न हाइट्स अपार्टमेंट, न्याय खंड-111, इंदिरापुरम, उत्तर प्रदेश गाजियाबाद- 220734	फ्लैट नं. 1535/जीसी-05, 14वीं मंजिल, टॉवर-ई, जीसी-05/5वां एवेन्यू, गौर सिटी, प्लॉट नं. जीएच-01, सेक्टर-4, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश-201307 में स्थित	24/05/2024 रु. 1,17,013/-	02-03-2024
5.	सोमवीर / नीलम/खाता सं. LBGUR00005631045 / मकान नं. 57/4, शीतला कॉलोनी, एससी पब्लिक स्कूल, हरियाणा गुड़गांव-122001	फ्लैट नं. 506 (2 बीएचके टाइप ए), 5वीं मंजिल, टॉवर-टी8, आशियाना, सेक्टर-37सी, गुड़गांव हरियाणा-122001 में स्थित	03/06/2024 रु. 14,11,911/-	03-03-2024
6.	सर्वेश माथुर/चंद्रिका माथुर/ खाता नं. LBFDB00005426858/ फ्लैट नं. 203, द्वितीय तल, टावर-4, काशिला, हाइट सेक्टर-37 सी हरियाणा गुड़गांव- 121104	अपार्टमेंट नं. टी 9-201, दूसरी मंजिल, महिमा शुभ निलय, राजस्व गांव चिमनपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान- 302020 में स्थित	06/06/2024 रु. 26,13,640/-	04-03-2024
7.	अंशिल भटनागर/कविता भटनागर/खाता सं. LBKNL00006259714/ मकान सं. 43, गली नं. 2, शिव मंदिर के पास, हरियाणा करनाल- 132001	फ्लैट नं. 507, 15वीं मंजिल, टॉवर ए 8, रास बसेरा, जी.टी रोड, सेक्टर-16, तरौरी, जिला करनाल, हरियाणा-132001 में स्थित	18/05/2024 रु. 5,053/-	07-03-2024
8.	अंशिल भटनागर/कविता भटनागर/खाता सं. LBKNL00006599949/ मकान सं. 43, गली नं. 2, शिव मंदिर के पास, हरियाणा करनाल- 132001	फ्लैट नं. 507, 15वीं मंजिल, टॉवर ए8, रास बसेरा, जी.टी. रोड, सेक्टर-16, तरौरी, जिला करनाल, हरियाणा-132001 में स्थित	18/05/2024 रु. 27,083.36/-	07-03-2024
9.	अंशिल भटनागर/कविता भटनागर/खाता सं. TBKNL00006230183/ मकान सं. 43, गली नं.2, शिव मंदिर के पास, हरियाणा करनाल- 132001	फ्लैट नं. 507, 15वीं मंजिल, टॉवर ए8, रास बसेरा, जी.टी. रोड, सेक्टर-16, तरौरी, जिला करनाल, हरियाणा-132001 में स्थित	18/05/2024 रु. 13,62,721.74/-	07-03-2024
10.	संदीप सिंह बरार/आदर्श गिल/टॉरस इंस्टिट्यूट इंश्योरेंस ट्रेनिंग/खाता नं. LBGUR00001967601/ Ms-12/703, सेक्टर-56, केंद्रीय विहार, हरियाणा गुड़गांव- 120010	अपार्टमेंट नं. 203, दूसरी मंजिल, ब्लॉक-07, द क्लोज साउथ, निरवाणा कंट्री, साउथसिटी-2, फेज-2, सेक्टर-49,50 और 57, रेवेन्यू ईस्टेट गांव आदमपुर, फतेहपुर, तिगरा, समसपुर और बादशाहपुर, तहसील और जिला गुड़गांव, हरियाणा-122001 में स्थित	06/06/2024 रु. 1,51,205/-	09-03-2024
11.	प्रशांत मोरे/ज्योति आनंद/ खाता नं. LBFDB00006653877/ 242A/7, गीता कॉलोनी थाने के पास, घोंडी गांव, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली- 110051	फ्लैट नं. टी1-1102, 11वीं मंजिल, अदवित्य होम्स, टावर- टी1, मेन मथुरा रोड, सेक्टर-143, गांव सीकरी, फरीदाबाद, हरियाणा-121002 में स्थित	03/06/2024 रु. 78,579/-	09-03-2024
12.	प्रशांत मोरे/ज्योति आनंद/ खाता नं. TBFDB00006433165/ 242A/7, गीता कॉलोनी थाने के पास, घोंडी गांव, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली- 110051	फ्लैट नं. टी1-1102, 11वीं मंजिल, अदवित्य होम्स, टावर- टी1, मेन मथुरा रोड, सेक्टर-143, गांव सीकरी, फरीदाबाद, हरियाणा-121002 में स्थित	03/06/2024 रु. 15,19,914/-	09-03-2024
13	सुमेर बाई/राजबाला/ खाता नं. LBHIS00006624518/ भिवानी, हरियाणा कैरू हरियाणा चांदावास- 127029	खेवट नं. 288 का भाग, खसरा नं. 132//1(8-0)-2(7-8), 133//4(5-4)-15(4-10),133//5/1(7-2), 66//15(3-8), खारिया बास तहसील तोशाम, जिला भिवानी, हिसार हरियाणा-127040	22/05/2024 रु. 64,397/-	09-03-2024
14.	सुमेर बाई/राजबाला/ खाता सं. TBHIS00006614361/ भिवानी, हरियाणा कैरू हरियाणा चांदावास- 127029	खेवट नं. 288 का भाग, खसरा नं. 132//1(8-0)-2(7-8), 133//4(5-4)-15(4-10),133//5/1(7-2), 66//15(3-8), खारिया बास तहसील तो

भारतीय महिला टीम ने टेस्ट में दिखाया दम

● एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया

भाषा। चेन्नई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिए 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाए 9 . 2 ओवर में हासिल कर लिया। भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था। पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया। लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा। वोल्वार्ट ने अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। काप को दीप्ति शर्मा ने 31 के स्कोर पर पगबाधा आउट किया। वहीं स्नेह राणा ने डेल्मी टकर को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। लंच के बाद सिनालो जाफ्टा रिटायर्ड हर्ट हो गई जबकि एन्ने डेर्कसन पांच रन बनाकर पूजा वस्त्राकर का शिकार हुई। डि क्लेर्क और मसाबाटा क्लास ने 23 रन की साझेदारी करके टीम को पारी की हार से बचाया।

स्कोरबोर्ड

भारत पहली पारी: छह विकेट पर 603 रन पर घोषित, **दक्षिण अफ्रीका पहली पारी:** 266, दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी: (फॉलोऑन),वोल्वार्ट पगबाधा राजेश्वरी 122, बॉश पगबाधा दीप्ति 09,बो हरमनप्रीत 109,काप पगबाधा दीप्ति 31, टकर का रोड्रिग्स बो राणा 00,क्लेर्क बो राजेश्वरी 61, जाफ्टा का शुभा बो राणा 15,डेर्कसन पगबाधा वस्त्राकर 05, सेखुखुने रन आउट (राजेश्वरी) 06,क्लास बो शेफाली 02, नोनकुलुलेको म्लाबा नाबाद 01, **अतिरिक्त:** 12, **कुल योग :** 154.4 ओवर मे सभी आउट: 373 रन, विकेट पतन: 1-16, 2-206, 3-264, 4-266, 5-281, 6-310, 7-324, 8-334, 9-357, **गेंदबाजी:** रेणुका 10-1-30-0 ,राणा 40-12-111-2,वस्त्राकर 16-7-35-1,दीप्ति 45-10-95-2,राजेश्वरी 30.4-12-55-2,शेफाली 3-1-7-1,हरमनप्रीत 10-0-31-1, **भारत दूसरी पारी:** सतीश नाबाद 13, शेफाली नाबाद 24, कुल योग: 9.2 ओवर मे बिना किसी नुकसान के 37 रन, **गेंदबाजी :** म्लाबा 5-0-18-0, टकर .2-0-19-0

तीनों सफेद मिल गए, लाल बाकी है : द्रविड़

उसे हासिल कर लो : कोहली से कहा

भाषा। ब्रिजटाउन

भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान कोच राहुल द्रविड़ ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को टी20 विश्व कप जीतने के कुछ घंटे बाद और अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भी एक काम सौंपा है। द्रविड़ ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के जश्न के वीडियो में कोहली से कहा , तीनों सफेद तो हासिल कर लिए , एक लाल बाकी है ।उसे भी हासिल कर लो। आईसीसी ने इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो डाला है। तीन सफेद से आशय टी20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और चैम्पियंस ट्रॉफी है जो कोहली ने जीत रखे है। अब बस विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीतना बाकी है। भारत दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल (2021 में न्यूजीलैंड से और 2023 में आस्ट्रेलिया से) हार चुका है। पैतीस बरस के कोहली ने विश्व कप जीतने के साथ टी20 क्रिकेट से विदा ले ली। वह द्रविड़ के इस बयान पर मुस्कुराकर रह गए। इस वीडियो में सूर्यकुमार यादव भी हैं जिन्होंने फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच लपका था। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को समझने में उन्हें कम से कम दो दिन लगेंगे। उन्होंने कहा , अभी कुछ महसूस नहीं हो रहा। समझ में नहीं आ रहा कि क्या कहूं।

भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में सिकंदर रजा जिम्बाब्वे की कप्तानी करेंगे

हरारे। अनुभवी बल्लेबाज सिकंदर रजा को विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ छह जुलाई से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए सोमवार को जिम्बाब्वे की युवा टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बेल्जियम में जन्मे अंतुम नकवी को भी टीम में शामिल किया है। वह हालांकि नागरिकता की स्थिति की पुष्टि होने पर ही टीम से जुड़ेंगे। नकवी के माता पिता पाकिस्तान मूल के है लेकिन उनका जन्म ब्रसेल्स (बेल्जियम) में हुआ था। वह इसके बाद ऑस्ट्रेलिया चले गए थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जिम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा व्यक्त की और देशीयकरण के लिए आवेदन करने के बाद उनके चयन पर विचार किया गया है। जिम्बाब्वे हाल ही में समाप्त हुए टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा था।

शुभंकर इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर रहे

रोम। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा तीन होल के अंदर एक बोगी और एक डबल बोगी करने के बाद इटालियन ओपन मे पांचवें स्थान पर रहे। शुभंकर तीसरे दिन के बाद चार खिलाड़ियों के साथ तालिका मे शीर्ष पर थे लेकिन दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद वह पांचवे स्थान पर खिसक गए। उनका कुल स्कोर आठ अंडर रहा। उन्होने 13वे होल तक दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाए थे लेकिन वह 14वे होल मे डबल बोगी और 16वे होल मे बोगी कर बैठे।

मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद इक्वाडोर क्वार्टर फाइनल में

ग्लेनडेल। इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम मे पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल मे जगह बना ली। मैक्सिको ने दूसरे हाफ मे कई हमले किए जिन्हे इक्वाडोर ने बचाया।अब इक्वाडोर का सामना बृहस्पतिवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नही बढ सका है। दो साल पहले कतर मे विश्व कप से टीम पहले ही दौर मे बाहर हो गई थी।

बेलिंगम के गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को हराया

गेलसेनकिरचेन।जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2 .1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश कर लिया। एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैंड यूरो चैम्पियनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जाएगा जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर। . 0 से आगे चल रहा था। बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय मे बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजई गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।

जॉर्जिया को 4-1 से हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में

कोलोन (जर्मनी)। शुरूआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4 .1 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश कर लिया। स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वे मिनट मे आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढत दे दी थी। इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच मे लौटाया। निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किए। स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट मे क्वार्टर फाइनल मे मेजबान जर्मनी से होगा। इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई जिसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था।

ईसी सदस्यों ने भत्ता नहीं लेने का फैसला किया

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद (ईसी) के सदस्यो ने पेरिस ओलंपिक के दौरान यात्रा भत्ता नही लेने का फैसला किया है। परिषद के सदस्यो को इस बात की चिंता है कि अगर वे पेरिस ओलंपिक के लिए एथलीटो से अधिक भत्ता स्वीकार करेंगे तो उनकी छवि को नुकसान होगा।आईओए की कार्यकारी परिषद ने यह भी कहा कि वे विदेश यात्रा के लिए सरकारी धन पर निर्भर नही है क्योकि सभी सदस्य अच्छी पृष्ठभूमि से आते है।

कोपा अमेरिका : वेनेजुएला ने जमैका को हराया

आस्टिन (अमेरिका)। एडुआर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने कोपा अमेरिका फुटबॉल के ग्रुप बी के मैच मे जमैका को 3-0 से हराया। वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनो मुकाबले जीत लिए है। ग्रुप मे शीर्ष पर रहने के कारण अब वेनेजुएला को क्वार्टर फाइनल मे गत चैम्पियन अर्जेंटीना से नही खेलना होगा।

श्रीलंका दौरे से कार्यभार संभालेंगे नए कोच : शाह

भाषा। ब्रिजटाउन

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच इस महीने के आखिर में श्रीलंका में सीमित ओवरों की श्रृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राहुल द्रविड़ के जाने के बाद किसके नाम पर मुहर लगी है। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के नाम की अटकलें लगाई जा रही है। क्रिकेट सलाहकार समिति ने गंभीर और भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यू वी रमन के इंटरव्यू लिए हैं। शाह ने कहा कि एक चयनकर्ता की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। शाह टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज आए हैं जिसमें भारत ने फाइनल में श्रीलंका को सात रन से हराकर खिताब जीता। शाह ने चुनिंदा मीडिया से कहा , कोच और चयनकर्ता की नियुक्ति जल्दी ही होगी। सीएसी ने दो उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए हैं और मुंबई जाने के बाद जो उनका फैसला होगा , हम उस पर अमल करेंगे ।जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण जाएंगे लेकिन नया कोच श्रीलंका श्रृंखला से ही जुड़ेगा। भारतीय टीम 27 जुलाई से तीन टी20 और तीन वनडे खेलने श्रीलंका जाएगी। भारत के 11 साल बाद आईसीसी खिताब जीतने पर खुशी जताते हुए शाह ने रोहित शर्मा और विराट कोहली की तारीफ की। विराट , रोहित और रविंद्र जडेजा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले ली है। शाह ने कहा , पिछले साल भी यही कप्तान था और यहां भी। हमने पिछले साल भी फाइनल को छोड़कर सारे मैच जीते। इस बार और मेहनत करके खिताब जीता। दूसरी टीमों से तुलना करें तो अनुभव मायने रखता है। रोहित से लेकर विराट तक , सभी ने शानदार प्रदर्शन किया। अनुभव से काफी फर्क पड़ा। उन्होंने कहा , एक अच्छे खिलाड़ी को पता होता है कि कब विदा लेनी है। हमने कल देखा।

चैम्पियंस ट्रॉफी, डब्ल्यूटीसी में होंगे सीनियर, अगला टी20 कप्तान चयनकर्ता चुनेंगे : शाह

ब्रिजटाउन। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी और भारत के क्वालीफाई करने पर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल मे सीनियर खिलाड़ी होंगे जबकि अगले टी20 कप्तान के बारे मे फैसला चयनकर्ता लेंगे। यहां चुनिंदा मीडिया से बात करते हुए शाह ने टी20 विश्व कप मे मिली खिताबी जीत मे सीनियर खिलाड़ियों के प्रदर्शन की तारीफ की। टूर्नामेंट के बाद कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ने टी20 प्रारूप को अलविदा कह दिया। शाह ने कहा , इन तीनो दिग्गजो के संन्यास के साथ बदलाव की शुरूआत हो चुकी है। उन्होने कहा , जिस तरह से यह टीम खेल रही है , हमारा लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और चैम्पियंस ट्रॉफी जीतना है। लगभग यही टीम उसमे खेलेगी। सीनियर भी टीम मे होंगे। इसके मायने है कि फिट रहने पर सीनियर खिलाड़ी पाकिस्तान मे फरवरी मार्च मे होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम के नौ वनडे मैचो के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत को श्रीलंका , न्यूजीलैंड और इंग्लैंड से तीन तीन वनडे खेलने है।

भारतीय महिला टीम ए श्रृंखला खेलने अगस्त में जाएगी आस्ट्रेलिया

सिडनी। भारत और आस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीमे अगले महीने क्वीसलैंड मे ए श्रृंखला खेलेंगी जिसे बांग्लादेश मे साल के आखिर मे होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम माना जा रहा है। इस दौरे पर ब्रिसबेन मे तीन टी20 मैच , मैके मे तीन वनडे मैच और गोल्ड कोस्ट मे चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को कार्यक्रम का ऐलान किया। आस्ट्रेलियाई उपकप्तान ताहलिया मैकग्रा 20 और 50 ओवरो की टीम की कप्तान होंगी जबकि चार्ली नॉट चार दिवसीय मैच मे कमान संभालेंगी। कार्यक्रम : पहला टी20 , सात अगस्त , दूसरा टी20 , नौ अगस्त, तीसरा टी20 , 11 अगस्त , पहला वनडे , 14 अगस्त , दूसरा वनडे, 16 अगस्त ,तीसरा वनडे , 18 अगस्त , चार दिवसीय मैच , 22 से 25 अगस्त , आस्ट्रेलिया ए टीम : टी20 टीम : ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), मैडी डार्के, सोफी डे, निकोल फाल्टम, टेस फ्लिंटॉफ, किम गार्थ, चार्ली नॉट, कैटी मैक, ग्रेस पार्सोंस।

क्विक न्यूज

आईसीसी टी20 विश्व कप टीम में कोहली छोड़ छह भारतीय

दुबई।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हाल ही मे हुए टी20 विश्व कप की टूर्नामेंट की टीम मे छह भारतीयो को शामिल किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मे प्लेयर आफ द मैच रहे स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को इसमे जगह नही मिली है। सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले कोहली फाइनल से पहले किसी मैच मे नही चले। फाइनल मे उन्होने 59 गेंद मे 76 रन बनाए। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर 11 साल बाद आईसीसी खिताब जीता। आईसीसी एकादश मे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को जगह मिली है। रोहित ने 156 . 7 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए। उन्होने अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद टूर्नामेंट मे सबसे ज्यादा रन बनाए। प्लेयर आफ द टूर्नामेंट और भारत के ट्रंप कार्ड जसप्रीत बुमराह ने 15 विकेट लिए। उनका इकॉनॉमी रेट 4 . 17 था जो पुरूषो के टी20 विश्व कप मे किसी एक सत्र मे किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ औसत है।सेमीफाइनल मे पहुंचने वाली अफगानिस्तान के तीन खिलाड़ी फजलहक फारूकी, गुरबाज और कप्तान राशिद खान भी टीम मे है। आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस और वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन को भी टीम मे जगह मिली है।उपविजेता दक्षिण अफ्रीका का एक भी खिलाड़ी एकादश मे नही है।तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया 12वे खिलाड़ी है।

चैंपियन सीरीज़ से युवाओं जोड़ेगी रियलमी

नई दिल्ली। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने अपनी चैंपियन सीरीज़ में सबसे नया स्मार्टफोन रियलमी सी63 पेश किया। रियलमी सी63 एक बजट फ्रेंडली स्मार्टफोन हैए जो अपने सेगमेंट में एकमात्र वेगन लैदर डिज़ाईन के साथ स्टाईल और ड्यूरेबिलिटी प्रदान करता है। रियलमी सी63 में 45 वॉट का फास्ट चार्जर दिया गया हैए जो इसे बहुत तेजी से चार्ज कर देता है। साथ ही इसकी 5,000 एमएएच की बैटरी भारी उपयोग के बाद भी पूरे दिन पर्याप्त पॉवर प्रदान करती है। रियलमी सी63 में फ्लैगशिप लेवल के एआई अनुभव और इनोवेटिव फीचर्स जैसे एयर गेस्चर, रेनवॉटर स्मार्ट टच और इसका अत्यधिक लोकप्रिय मिनी कैप्सूल 2.0 फीचर दिए गए हैं। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा कि हम अपनी चैंपियन सीरीज़ में नया स्मार्टफोन रियलमी सी63 पेश करके उत्साहित हैं। रियलमी में हम ऐसी इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं,जो हमारे युवा ग्राहकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा कर सके।

एशियाई बिलियर्ड्स में आडवाणी की नजरें खिताबी हैट्रिक पर

रियाद। भारत के शीर्ष क्यू (स्नूकर एवं बिलियर्ड्स) खिलाड़ी पंकज आडवाणी मंगलवार से यहां शुरू होने वाली एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप मे खिताब की हैट्रिक पूरा करने के लक्ष्य के साथ भाग लेंगे। इस चार दिवसीय टूर्नामेंट मे एशिया से शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमे आडवाणी के अलावा सौरव कोठारी और ध्रुव सितवाला भी भारतीय चुनौती को पेश करेंगे।आडवाणी ने 2005 के बाद से नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब जीते है। वह इसके पिछले दो आयोजनो के चैम्पियन है। उन्होने स्नूकर मे भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2016, 2019 और 2021 मे एशियाई खिताब जीतने के साथ-साथ 2017 मे टीम खिताब जीतने का स्वाद चखा है। आडवाणी ने यहां जारी विज्ञप्ति मे कहा, मैने पिछले कई वर्षो से सफलता का स्वाद चखा है लेकिन मै आत्ममुग्धता से बचते हुए खेल पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करता हूं।

सबालेंका कंधे की चोट के कारण विंबलडन से हटी

विंबलडन (इंग्लैंड)। तीसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका कंधे मे चोट के कारण सोमवार को विबलडन से हट गईं। दो बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन को ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरूआती दिन पहले दौर मे अमेरिका की एमिना बेक्टास से खेलना था। पिछली दो बार की सेमीफाइनलिस्ट सबालेंका की जगह सोमवार को डॉ मे एरिका एंड्रीवा को शामिल किया गया जो पिछले सप्ताह क्वालीफाइंग चरण मे हार गई थी। सबालेंका ने एक सप्ताह पहले कंधे मे दर्द का हवाला देते हुए बर्लिन लेडीज ओपन के क्वार्टर फाइनल के पहले सेट से हटने का फैसला किया था। उन्होने कहा था कि उनकी मांसपेशियो मे चोट है और यह उनके लिए बहुत निराशाजनक है। सबालेंका ने कहा, मै अभ्यास कर पा रही हूं। मुझे मैदानी शॉट खेलने मे कोई परेशानी नही है लेकिन सबसे दुखद यह है कि मै सर्विस नही कर पा रही हूं।

एथलीटों को फिट रहने व आगे बढ़ाने में मदद करेगी एसिक्स स्पोर्ट्स शूज व ट्रैक वियर की ब्रांड एंबेसडर बनीं श्रद्धा

लखनऊ। खेल में अपने उत्पदों से धमक रखने वाली एसिक्स इंडिया ने अपनी ब्राण्ड अम्बेसडर और जानी-मानी अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के साथ राजधानी में एथलेटिक्स फुटवियर, ट्रैडिंग एक्टिव वियर और जरूरी एक्सेसरीज का आगाज किया। कंपनी ने पलासियो स्थित एसिक्स स्टोर का आगाज किया। कार्यक्रम की सफलता पर बात करते हुए रजत खुराना, मैनेजिंग डायरेक्टर, एसिक्स इंडिया और साउथ एशिया ने कहा, ''हमें खुशी है कि आज हम अपनी ब्राण्ड अम्बेसडर श्रद्धा कपूर के साथ उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मौजूद हैं। शहर स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित हो रहा है, यहां स्पोर्ट्स सुविधाएं तेजी से बढ़ रही हैं, ताकि शहर के उभरते एथलीट्स राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में हिस्सा ले सकें। यह स्टोर बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले के साथ उपभोक्ताओं को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है। ब्राण्ड के इन सभी प्रोडक्ट्स को इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि ये उनकी फिटनेस की यात्रा को कई गुना बेहतर बना देते हैं। फिटनैस की शौकीन एवं अभिनेत्री श्रद्धा ने एसिक्स के साथ ब्राण्ड की स्पोर्टस्टाइल कैटेगरी में उनके नए फुटवियर 'जैल क्वांटम 360 -8' का लॉन्च किया। श्रद्धा की मौजूदगी नेग्लैमर का तड़का लगा दिया। दर्शक उनको अपने बीच पाकर भी बेहद उत्सुक नजर आए। श्रद्धा ने अपने प्रशंसकों के साथ बातचीत की तथा फैशन एवं स्टाइल के संयोजन के साथ फिटनैस, सक्रिय एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति अपने जोश को दर्शाया। श्रद्धा ने स्टोर में एसिक्स इंडिया के नए कलेक्शन का अवलोकन किया, जिसमें आधुनिक फिटनैस एवं लाईफस्टाइल प्रोडक्ट्स शामिल हैं।

आरसीबी ने कार्तिक को बल्लेबाजी कोच, मेंटोर बनाया

बेंगलुरू भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का बल्लेबाजी कोच और मेंटोर बनाया गया। कार्तिक ने पिछले महीने क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। आरसीबी ने एक्स पर लिखा , दिनेश कार्तिक का आरसीबी मे स्वागत है। डीके आरसीबी पुरूष टीम के बल्लेबाजी कोच और मेंटोर होंगे। इसमे आगे लिखा गया , आप क्रिकेट से इंसान को बाहर कर सकते है लेकिन इंसान के भीतर से क्रिकेट नही निकाल सकते। उन्हे प्यार दीजिए। कार्तिक ने कहा , पेशेवर स्तर पर कोचिंग को लेकर रोमांचित हूं। जीवन के इस नए अध्याय को लेकर भी काफी रोमांचित हूं। उम्मीद है कि एक खिलाड़ी के तौर पर मेरा अनुभव काम आएगा। कार्तिक ने आईपीएल के पिछले सत्र मे आरसीबी के लिए 187 . 36 के स्ट्राइक रेट से 326 रन बनाए। आरसीबी के एलिमिनेटर मे राजस्थान रॉयल्स से हारने के बाद उन्हे भावभीनी विदाई दी गई थी। आरसीबी ने आईपीएल के 17 सत्र मे एक भी बार खिताब नही जीता है।

भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला जीती

नई दिल्ली। भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने लीसेस्टर में सातवें और अंतिम टी20 मैच में मेजबान इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 5-2 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को चार विकेट पर 164 रन पर रोक दिया और फिर अभिषेक सिंह (68) तथा उमर अशरफ (56) के अर्धशतकों की मदद से चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 46 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन अभिषेक और अशरफ ने 95 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई। अभिषेक इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच चुने गए, जबकि साई आकाश को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

गुकेश विश्व चैंपियनशिप में लिरेन को देंगे चुनौती

● भारत को नहीं मिली मेजबानी

भाषा। नई दिल्ली

भारत के शतरंज स्टार डी गुकेश और मौजूदा चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन के बीच 2024 विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले की मेजबानी सिंगापुर करेगा। फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इसके मायने हैं कि गुकेश दिल्ली या चेन्नई में यह मुकाबला नहीं खेल सकेंगे चूंकि भारत के ए दोनों शहर सिंगापुर से पिछड़ गए। ढाई मिलियन डॉलर (लगभग 21 करोड़ रुपए) पुरस्कार राशि वाला यह मुकाबला 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच होगा। तमिलनाडु सरकार और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने विश्व शतरंज संस्था फिडे को मेजबाजी अलग-अलग बोलियां सौंपी थीं। फिडे ने एक विज्ञप्ति में कहा , सिंगापुर सरकार से समर्थन के साथ सिंगापुर शतरंज महासंघ ने फिडे विश्व चैम्पियनशिप मैच 2024 की मेजबानी हासिल की है। इसमें कहा गया , सभी दावेदारों की समीक्षा , आयोजन स्थलों, सुविधाओं, कार्यक्रम और मौकों की समीक्षा के बाद अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने सिंगापुर को चुना है। सत्रह साल के गुकेश ने अप्रैल में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर सबसे कम उम्र के विश्व चैलेंजर बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने महान गैरी कास्परोव के 40 साल पुराने रिकॉर्ड को अपने नाम किया था। फिडे के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोरकोविच ने कहा, हमें खुशी है कि फिडे के इतिहास में पहली बार विश्व चैंपियनशिप का मैच सिंगापुर में होगा।

आनंद ने 10वीं बार लियोन मास्टर्स का खिताब जीता

लियोन (स्पेन)। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल मे स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैम्पियन बने। आनंद ने 28 साल पहले 1996 मे यहां अपना पहला खिताब जीता था। इस प्रारूप मे चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमे आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे। इसमे 20-20 मिनट के चार गेम खेले जाते है जिसमे हर चाल के बाद खिलाड़ियो को अगली चाल चलने के लिए 10 सेकंड अधिक मिलते है। विश्व रैंकिंग मे चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल मे लटासा ने 2.5-1.5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था। इससे पहले शुरूआती सेमीफाइनल मे टोपालोव के खिलाफ आनंद ने तीसरे गेम मे जीत दर्ज की जबकि तीन और गेम बराबरी पर छूटे। भारतीय दिग्गज ने 2.5-1.5 से जीत के साथ फाइनल मे जगह पक्की की थी।

यह भगवान की योजना थी: सूर्यकुमार ने टी20 विश्व कप फाइनल में शानदार कैच पर कहा

भाषा। नई दिल्ली

सूर्यकुमार यादव ने सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में मैच का रुख तय करने वाले शानदार कैच को भगवान की योजना करार दिया। सूर्यकुमार ने जागरूकता और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए लांग आफ सीमा पर डेविड मिलर का अद्भुत रिले कैच लपककर टीम जीत लगभग सुनिश्चित कर दी थी। सूर्यकुमार ने फोन संक्षिप्त बातचीत में हालांकि इस खिताबी जीत में अपनी भूमिका को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम ने शनिवार को बारबाडोस में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराया था।

चोपड़ा डायमंड लीग नहीं खेलेंगे : रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहजता के कारण रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लेंगे। ईएसपीएन से बातचीत में चोपड़ा ने कहा कि वह ट्रेनिंग और थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले अपने पैर को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा , मुझे थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूत करना होगा क्योंकि उसी समय ग्रोइन में खिंचाव आता है। हम इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा , मैं कुछ और टूर्नामेंट खेल सकता था और खेलना भी चाहता था। लेकिन मुझे लगा कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है। थोड़ी भी असहजता महसूस होने पर रूक जाना ही ठीक है। पिछले महीने फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह अब समझदार हो गए हैं और जोखिम नहीं लेते। उन्होंने कहा , ओलंपिक में स्वर्ण जीतने से पहले मैं हर प्रतिस्पर्धा में भाग लेना चाहता था। अब अनुभव के साथ सही फैसले लेने लगा हूं। फिनलैंड में प्रदर्शन अच्छा था लेकिन अभी और काम करना होगा।

वर्तमान में रहें और खुले दिमाग से खेलें : बिंद्रा

चंडीगढ़। भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा को बखूबी पता है कि शीर्ष स्तर पर दबाव का सामना कैसे करना है और उन्होने पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को वर्तमान मे रहने और खुले दिमाग से खेलने की सलाह दी। बीजिंग ओलंपिक 2008 मे पुरूषो की 10 मीटर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को ओलंपिक मे बिताए समय का पूरा लुत्फ उठाना चाहिए।

भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय वोल्वार्ट करेंगी दक्षिण अफ्रीका की अगुवाई

जोहानिसबर्ग। सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ट भारत के खिलाफ पांच जुलाई से चेन्नई में खेली जाने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका की अगुवाई करेंगी। पीठ की चोट से उबरने के बाद क्लोई ट्रायोन की टीम में वापसी हुई है। वह वनडे श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं थी। हरफनमौला टकर और नों